डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

₹75,300 10 ग्राम

₹88,070 01 किलो

सेंसेक्स 80,004.06 -105.79

डॉलर 84.292 +0.024

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 12, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), बुधवार, 27 नवंबर 2024, वर्ष-31, अंक-43, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-10 मेगा नीलामी में पांच सबसे महंगे...

## एक नजर

### अन्नपूर्णा देवी आज करेंगी 'बाल विवाह मुक्त भारत' का शुभारंभ

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी बुधवार को भारत को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए राष्ट्रीय अभियान 'बाल विवाह मुक्त भारत' का शुभारंभ करेंगी। विज्ञान भवन में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में 'बाल विवाह मुक्त भारत' पोर्टल का अनावरण किया जाएगा। यह ऑनलाइन प्लेटफॉर्म बाल विवाह की रोकथाम के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने और बाल विवाह की घटनाओं की प्रभावी रिपोर्टिंग के अभियान के मिशन का समर्थन करेगा। अन्नपूर्णा देवी बाल विवाह के खिलाफ सामूहिक शपथ का भी नेतृत्व करेंगी। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर भी उपस्थित रहेंगी।

### 2.87 करोड़ भुगतान नहीं करने पर झारखंड खनिज विकास निगम का एकाउंट फ्रीज

**रांची।** रांची सब जज चंद्रभानु कुमार के निर्देश पर लगभग 2.87 करोड़ रुपये भुगतान नहीं करने पर मंगलवार को झारखंड खनिज विकास निगम के एकाउंट को फ्रीज कर दिया गया। नाजिर जिशान इकबाल की टीम ने नेपाल हाउस स्थित एसबीआई में जाकर निगम के उक्त खाता को फ्रीज कराया। मामले में एनकोन बिल्डर ने केस जीत लिया था, उसके बाद अदालत में आवेदन दिया था। इस आवेदन पर कार्रवाई करते हुए केस के आरोपी झारखंड खनिज विकास निगम के एकाउंट को फ्रीज कर दिया। मामला 1992 का है। एनकोन बिल्डर को निगम द्वारा मिट्टी हटाने के लिए निकाले के गए टेंडर की राशि 47 लाख रुपये बकाया था, उसी राशि की भुगतान के लिए एनकोन बिल्डर ने सिविल कोर्ट में दिवानी मुकदमा दायर किया था। इसमें एनकोन बिल्डर की जीत हुई थी। वह राशि बढ़ कर वर्तमान में दो करोड़ 86 लाख 92 हजार 365 रुपये हो गया है।

# बंदुआ जंगल में पुलिस-उग्रवादी मुठभेड़ में दो गिरफ्तार, भारी मात्रा में हथियार बरामद

**▸▸ लातेहार पुलिस को मिली बड़ी सफलता**





**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** लातेहार पुलिस को उग्रवादियों के खिलाफ मंगलवार को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस कप्तान कुमार गौरव ने पत्रकारों को बताया कि गुप्त सूचना के आलोक में तुबैद कोल माइंस बालूमाथ कुशमाही साइडिंग के बीच चलने वाले पांच हाइवा में आगजनी व फायरिंग की घटना को अंजाम देने वाले अपराधी बंदुआ जंगल के इलाके में फिर से आगजनी वह फायरिंग की घटना को अंजाम देने की योजना बनाने के लिए एक जगह इकट्ठा हैं। इसके बाद एक टीम का गठन किया गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बंदुआ जंगल में पहुंची। उग्रवादियों ने पुलिस बल को देखते ही फायरिंग शुरू कर दी। उग्रवादियों के फायरिंग के जवाब में पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए फायरिंग शुरू कर दी। उग्रवादी पुलिस को भारी पड़ता देख अपने हथियार और गोली को झाड़ियां में फेंकते हुए भागने लगे। उन्होंने बताया कि पुलिस बल द्वारा भाग रहे उग्रवादियों में से दो उग्रवादियों को घेरकर पकड़ लिया। पकड़े गए उग्रवादियों में से एक का नाम अजय कुमार उर्फ अजय गंजू पिता विफा गंजू बंदुआ हेरहंज थाना व दूसरा उपेंद्र यादव पिता राधेश्याम यादव भदईबथान थाना मनिका का रहने वाला है। गिरफ्तार उग्रवादियों के निशानदेही पर घटनास्थल से पुलिस ने सर्च अभियान चलाकर भारी मात्रा में हथियार बरामद किया है। पकड़ाए उग्रवादियों ने पूछताछ करने पर जेजेएमपी उग्रवादी संगठन के सदस्यों ने बताया कि 20 नवंबर को रात्रि करीब 1 से 1.30 बजे के बीच में हेरहंज थाना अन्तर्गत लात जंगल में पांच हाईवा में आगजनी करने एवं गोली बारी करने की घटना को अंजाम देने की बात को स्वीकार किया। छापेमारी दल में बालूमाथ एसडीपीओ विनोद रवानी परमानंद बेरवा, सीआरपीएफ इंस्पेक्टर पंकज कुमार, मनिका शेष पेज 11 पर

# पीटीआर में 20 दिन से नए टाइगर का मूवमेंट

**▸▸ टाइगर ट्रैकिंग में स्थानीय ट्रैकर्स और तकनीकी उपकरणों का अहम योगदान**

**राणा अरुण सिंह**



**मेदिनीनगर।** बेतला नेशनल पार्क में एक नया टाइगर देखा गया है। उत्तरी प्रमंडल, मेदिनीनगर पलामू व्याघ्र परियोजना के उपनिदेशक पी. के. जेना ने बताया कि पहले से मौजूद चार टाइगर के अलावा एक और टाइगर के मूवमेंट का पता चला है। इस टाइगर के फुटप्रिंट और हेयर सैंपल विभिन्न स्थानों पर मिले हैं। इन सैंपल्स को परीक्षण के लिए वाइल्डलाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया, देहरादून भेजा गया है, जहां इनकी पहचान की जाएगी, जिसमें जेंडर और अन्य विवरण शामिल होंगे।

जेना ने बताया कि फिलहाल कैमरा ट्रैप द्वारा टाइगर के मूवमेंट की पुष्टि नहीं हो पाई है, लेकिन इसके मूवमेंट का ट्रैक किया गया है। उन्होंने कहा कि पिछले 15-20 दिनों से इस टाइगर का मूवमेंट लगातार देखा जा रहा है और इस पर ट्रैकिंग की प्रक्रिया जारी है।

टाइगर के मूवमेंट को ट्रैक करने में स्थानीय ट्रैकर्स की महत्वपूर्ण भूमिका है। जेना ने बताया कि ट्रैकर्स नेशनल पार्क के बैकबोन की तरह हैं क्योंकि वे स्थानीय इलाके की जानकारी प्रदान करते हैं। इसके अलावा, पगमार्क और तकनीकी उपकरणों का भी उपयोग किया जा रहा है। पगमार्क का पता लगाने के लिए सड़कों, जानवरों के निशानों और पगडंडियों के किनारे पग छाप पैड बिछाए जाते हैं। फिर प्रत्येक पगमार्क के लिए फील्ड डेटा को विशेष रूप से तैयार किया जाता है और उनका विश्लेषण किया जाता है ताकि एक ही बाघ के पग-साक्ष्यों में किसी प्रकार की दोहराव और ओवरलैप को हटाया जा सके।

उन्होंने कहा कि कैमरा ट्रैप से मूवमेंट की रिपोर्ट आने में कुछ समय लग सकता है, लेकिन हम इसे लेकर पूरी तरह सतर्क हैं। वर्तमान में बेतला नेशनल पार्क में चार से पांच टाइगर होने का अनुमान है, लेकिन पांचवे टाइगर की पुष्टि परीक्षण के बाद ही संभव हो पाएगी।

## ऐतिहासिक विजय की ऐतिहासिक शपथ ग्रहण की तैयारी में हेमंत सोरेन

# सीएम ने दिया पीएम को न्योता

- कार्यवाहक मुख्यमंत्री ने दिल्ली में की प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात
- साथ में थीं उनकी पत्नी गांडेय विस सीट से नवनिर्वाचित विधायक कल्पना सोरेन



**नवीन मेल डेस्क**

**रांची/नई दिल्ली।** झारखंड के कार्यवाहक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। उन्होंने पीएम मोदी से 28 नवंबर (गुरुवार) को रांची में अपनी सरकार के प्रस्तावित शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने का आग्रह किया। हेमंत सोरेन के साथ उनकी पत्नी और गांडेय विधानसभा सीट से झामुमो की नवनिर्वाचित विधायक कल्पना सोरेन भी थीं। प्रधानमंत्री मोदी ने हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन को झारखंड के विधानसभा चुनाव में जीत पर बधाई और शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने इस मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया शेष पेज 11 पर

### 14वें मुख्यमंत्री के रूप में हेमंत कल लेंगे शपथ

**रांची।** झारखंड के 14वें मुख्यमंत्री के रूप में हेमंत सोरेन का शपथ ग्रहण समारोह रांची के मोरहाबादी मैदान में 28 नवंबर को आयोजित होगा। समारोह अपराह्न चार बजे आयोजित होगा। मुख्यमंत्री के साथ कुछ अन्य मंत्री भी शपथ ले सकते हैं। ज्ञात हो कि विगत रविवार को हेमंत सोरेन को आईएनडीआईए के विधायकों ने औपचारिक तौर पर अपना नेता चुना था। झामुमो ने बताया है कि शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के लिए राजद प्रमुख लालू प्रसाद, बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद केजरीवाल, सीपीआईएमएल के राष्ट्रीय महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य सहित तमिलनाडु, दिल्ली, पंजाब, कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना और जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री को भी आमंत्रण भेजा गया है। हेमंत सोरेन झारखंड में मुख्यमंत्री के रूप में चौथी बार शपथ लेने वाले पहले नेता होंगे। इसके पहले उन्होंने पहली बार 13 जुलाई 2013 को झामुमो, कांग्रेस, राजद गठबंधन के सहयोग से बनी सरकार में सीएम पद की शपथ ली थी। इस सरकार का कार्यकाल 23 दिसंबर 2014 तक था। दूसरी बार उन्होंने 29 दिसंबर 2019 में शपथ ली थी। 31 जनवरी 2024 को ईडी द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद उन्हें सीएम पद से इस्तीफा देना पड़ा था। जमानत पर बाहर आने के बाद 04 जुलाई 2024 को उन्होंने तीसरी बार सीएम पद की शपथ ली थी। हेमंत सोरेन के पहले उनके पिता शिबू सोरेन और भाजपा के अर्जुन मुंडा तीन-तीन बार सीएम पद की शपथ ले चुके हैं।

### हेमंत का बड़प्पन कितना काम आएगा?

**- ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** इस बार चुनाव जीतने के बाद शपथ ग्रहण करने से पहले झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी पत्नी कल्पना सोरेन के साथ भाजपा के सर्वोच्च सत्ताधारी नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा उनके बाद दूसरे नंबर के सत्ताधारी नेता गृहमंत्री अमित शाह से आशीर्वाद लेने दिल्ली आए थे। पीएम मोदी से मिलने के बाद हेमंत सोरेन ने दिल्ली में पत्रकारों से बात की। उन्होंने कहा, आप सभी को नमस्कार। आने वाले दिनों में भी बैठकें होंगी। बहुत सारी बातें हैं। हमें अपनी सरकार बनानी है। हम यहां आशीर्वाद के लिए आए हैं। पीएम मोदी से मिलने से पहले हेमंत व उनकी पत्नी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मिलने संसद भवन पहुंचे थे। मालूम हो कि इस महीने हुए विधानसभा चुनाव में झामुमो ने झारखंड के 81 में से 34 सीटों पर जीत हासिल की है। वहीं, भाजपा को 21, आजसू को एक, लोजपा (रामविलास) को एक, जनता दल यूनाइटेड को एक तथा झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) को एक सीट पर जीत मिली है। इससे शेष पेज 11 पर

### इस बार की सोरेन सरकार ला रही नौकरियों की बहार

**- ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** इस बार सोरेन सरकार राज्य में नौकरियों की बहार लाने वाली है। युवकों को उम्मीद है कि झारखंड लोक सेवा आयोग व झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की लंबित पड़ी नियुक्तियां अब शुरू होंगी। झारखंड लोक सेवा आयोग में लगभग 1700 नियुक्ति की प्रक्रिया लंबित पड़ी है, जो कि नई सरकार के गठन के बाद शुरू हो जाएगी। आयोग को सबसे पहले 11वीं से 13वीं सिविल सेवा की मुख्य परीक्षा का परिणाम जारी करना है, जो जून 2024 से ही लंबित पड़ा है। मुख्य परीक्षा का परिणाम आना है। परिणाम आने के बाद इंटरव्यू की तारीख भी जारी होनी है। इसके अलावा, शेष पेज 11 पर

### नई कैबिनेट में जगह पाने के लिए मची होड़

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव में आईएनडीआईए की जबरदस्त जीत के बाद हेमंत सोरेन 28 नवंबर को राज्य के मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ लेने वाले हैं। वहीं, झामुमो, कांग्रेस और राजद के नवनिर्वाचित विधायकों में सोरेन की नई कैबिनेट में जगह पाने के लिए होड़-सी मची हुई है।

सूत्रों के अनुसार, हेमंत सोरेन की सरकार में इस बार भी पुराने फॉर्मूले - छह, चार और एक - के आधार पर ही मंत्रिमंडल का गठन होगा। झामुमो से 6, कांग्रेस से 4 और राजद से एक मंत्री बनाए जा सकते हैं। बताया जा रहा है कि नई सरकार की रूपरेखा पर हेमंत सोरेन की कांग्रेस के शीर्ष नेताओं से बातचीत हुई है। इस बार झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) को 34 सीटों पर जीत हासिल हुई है। कांग्रेस 16 सीटें जीतने में सफल रही है। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) को 4 सीटों पर जीत मिली है। सीपीआईएमएल को भी दो सीटें मिली हैं। जानकारी के अनुसार, मंत्री पद को लेकर नव निर्वाचित झामुमो विधायक मथुरा महतो ने भी अपनी दावेदारी जताई है। पूर्व में मथुरा महतो कृषि और राजस्व मंत्री रह चुके हैं। पिछली हेमंत सरकार में मथुरा महतो विधानसभा में पार्टी के सचेतक थे। मथुरा महतो के अलावा अन्य विधायकों ने भी मंत्री बनने के लिए अपनी दावेदारी पेश की है।

## आज कल




### संविधान, संविधान सभा के सभी सदस्यों को नमन करता हूं : पीएम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में संविधान दिवस समारोह में शामिल हुए। पीएम मोदी ने समारोह को संबोधित करते हुए सभी देशवासियों को संविधान दिवस की शुभकामनाएं दीं। पीएम मोदी ने कहा कि भारत के संविधान का यह 75वां साल पूरे देश के लिए एक असीम गौरव का दिवस है। मैं आज भारत के संविधान को, संविधान सभा के सभी सदस्यों को आदरपूर्वक नमन करता हूं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के इस महत्वपूर्ण पर्व का जब हम स्मरण कर रहे हैं, तब ये भी नहीं भूल सकते कि आज के ही दिन मुंबई में हुए आतंकी हमले की भी बरसी है। इस हमले में जिन व्यक्तियों का निधन हुआ, उन्हें मैं श्रद्धांजलि देता हूं। मैं देश का यह संकल्प भी दोहराता हूं कि भारत की सुरक्षा को चुनौती देने वाले हर आतंकी संगठन को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। पीएम मोदी ने आगे कहा कि हमारे संविधान निमार्ता ये जानते थे कि भारत की आकांक्षाएं, भारत के सपने समय के साथ नई ऊंचाई पर पहुंचेंगे। वे जानते थे कि आजाद भारत और शेष पेज 11 पर

## संविधान अंगीकरण की वर्षगांठ पर 'संविधान सदन' के केंद्रीय कक्ष में कार्यक्रम आयोजित

# जीवंत और प्रगतिशील दस्तावेज है भारतीय संविधान : द्रौपदी मुर्मू

- अपने आचरण में हम संवैधानिक आदर्शों को करें शामिल
- हमारे गणतंत्र की मजबूत आधारशिला है संविधान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारतीय संविधान को जीवंत और प्रगतिशील दस्तावेज बताते हुए मंगलवार को कहा कि इसके माध्यम से हमने सामाजिक न्याय और समावेशी विकास से जुड़े कई महत्वाकांक्षी लक्ष्य हासिल किए हैं। राष्ट्रपति मुर्मू संविधान को अंगीकृत करने की 75वीं वर्षगांठ के वर्ष भर चलने वाले समारोह की शुरूआत करने के लिए संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने देशवासियों से अपने आचरण में संवैधानिक आदर्शों को शामिल करने, मौलिक कर्तव्यों का पालन करने और वर्ष 2047 तक ह्यविकसित भारतह्न के निर्माण के राष्ट्रीय लक्ष्य की ओर समर्पण के साथ आगे बढ़ने का आग्रह किया। राष्ट्रपति ने कहा कि हमारा संविधान एक जीवंत और प्रगतिशील दस्तावेज है। हमारे दूरदर्शी संविधान निमार्ताओं ने बदलते समय की आवश्यकताओं के अनुसार नए विचारों को अपनाने की व्यवस्था प्रदान की थी। हमने संविधान के माध्यम से सामाजिक न्याय और समावेशी विकास से जुड़े कई महत्वाकांक्षी लक्ष्य हासिल किए हैं। आज हमारा देश एक अग्रणी अर्थव्यवस्था होने के साथ-साथ विश्व बंधु के रूप में भी अपनी भूमिका बखूबी निभा रहा है। राष्ट्रपति ने कहा कि हमारा संविधान हमारे शेष पेज 11 पर


## इंडिया

# संविधान खतरे में है या नहीं समझने के लिए इसे जानना जरूरी है



**सुनील बादल**
कार्यकारी संपादक

भारतीय संविधान निर्माण के 75 साल पूरे होने पर एक वक्तव्य बार-बार स्मरण हो आता है जब कुछ लोग राजनीतिक बयानबाजी की तरह बार-बार बोलते हैं कि संविधान खतरे में है आज दिल्ली के एक कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद, वरिष्ठ वकील और कांग्रेसी नेता अभिषेक मनु सिंघवी, पूर्व राज्यसभा सांसद और पूर्व राजदूत डॉ पवन वर्मा, पूर्व केंद्रीय मंत्री और बीजेपी के वरिष्ठ नेता प्रकाश जावड़ेकर ने इस सवाल पर केंद्रित चर्चा में भाग लिया कि क्या विपक्षी दलों के कथनानुसार संविधान खतरे में है? राज्यसभा सांसद, वरिष्ठ वकील और कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने विपक्ष की और से संविधान के खतरे में होने की बात कहे जाने से जुड़े सवाल पर कहा कि जब हम कहते हैं कि हनन हो रहा है तो सरल बात है कि मूल्यों का हनन हो रहा है। संविधान के मूल तत्वों की कमी हो रही है। संविधान के मूल्यों वाले कई स्तंभ हैं, धर्म निरपेक्षता, पंथ निरपेक्षता, सौहार्द, संघीय ढांचा,संसदीय गणतंत्र, सीएजी, यदि आप इन स्तभों को कमजोर करते हैं, तो अधिकारों का हनन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ चिंताजनक घटनाक्रम हैं। देश में दुराव, अविश्वास, विभाजन की राजनीति, संस्थाओं को कमजोर करना और ब्यूरोक्रेसी में वफादारी की कसौटी सबसे ऊपर है। चुनाव आयोग की जो विश्वसनीयता पहले थी वह अब नहीं है। पूर्व केंद्रीय मंत्री और बीजेपी के वरिष्ठ नेता प्रकाश जावड़ेकर ने कहा , "संविधान 75 साल में सिर्फ एक ही बार तोड़ा गया था, इमरजेंसी के समय। तब हम 14 महीने जेल में रहे थे, सत्याग्रह करके गए थे। देश में एक लाख 30 हजार लोग बंदी बनाए गए थे। यह देश को पता भी नहीं चला, सेंसरशिप थी। इमरजेंसी क्यों लगाई गई थी, क्योंकि इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इंदिरा जी को पद से हटाया था। उसको ठीक करने के लिए वे 39 अमेंडमेंट लाई थीं। इसमें कोर्ट के सारे अधिकार समाप्त कर दिए थे तो वह सुनवाई नहीं कर सकता था।" उन्होंने कहा कि "42वां संविधान संशोधन तो लोकतंत्र की भयंकर हत्या थी। तब के एटॉर्नी जनरल नीरेन डे ने कोर्ट से कहा था कि कितने भी समय तक सरकार को बंदी बनाकर रखने का अधिकार है, बिना जांच के, बिना सबूत के और बिना सुनवाई के ? कोर्ट ने कहा था कि क्या उन्हें जीने का अधिकार है तो




नीरेन डे ने कहा था कि सरकार यदि चाहे तो किसी की जान भी ले सकती है। उस समय सारी अभिव्यक्ति की, संगठन की स्वतंत्रता समाप्त का दी गई थी, कार्यक्रम करने की, आंदोलन करने की आजादी नहीं थी। जो संविधान संशोधन किया जाएगा उसको कोई चैलेंज भी नहीं कर सकता था।" पूर्व राज्यसभा सांसद और पूर्व राजदूत डॉ पवन वर्मा ने कहा, "संविधान महज एक कागज का टुकड़ा है यदि उसकी आत्मा को जीवित न रखा जाए। इमरजेंसी में संविधान के कुछ मूल सिद्धांतों का हनन हुआ था। वह 1977 की बात है. पर ऐसा नहीं है कि सरकारें आज की हों या पहले की हों, संविधान की आड़ में संविधान की आत्मा पर प्रहार होता चला आया है। संविधान की आत्मा तब तक स्वस्थ रहती है जब तक उसके मूल स्तंभ कमजोर नहीं होते। न्यायपालिका, कार्यपालिका, विधायिका और चौथा मीडिया। ब्यूरोक्रेसी स्वतंत्र राय देने के काबिल नहीं बची है। इससे संविधान को खतरा है।" इस चर्चा से इतर बात करें तो संविधान भले लिखित रूप में 75 साल पहले आया पर भारत में प्राचीन काल से धर्म को ही संविधान की मान्यता मिली हुई थी और सम्मान भी। भारत की इस परंपरा का आज भी धर्मभीरु जनता पालन करती है कि ऐसा करना शास्त्र सम्मत नहीं और जैसा पहले राजाओं के सलाहकार चेतावनी के रूप में कहते थे कि राजन आप धर्म मार्ग से विमुख हो गए हैं उसी प्रकार आज भी धार्मिक आस्थावान परिवारों में बात बात पर राम चरित मानस की चौपाई,कहावतें या कबीर दास से लेकर रहीम तक के दोहे सुनाकर चरित्र निर्माण की बातें सिखाई जाती हैं और विशेष रूप से बच्चों या युवा पीढ़ी को प्रेरित किया जाता है पर आधुनिक पश्चिमी शिक्षा के अंधानुकरण ने भारतीय मूल्यों का न सिर्फ मजाक उड़ाया बल्कि कहावतें,मुहावरे तक आज अंग्रेजी साहित्य के सुनाए जाते हैं क्योंकि भारतीय साहित्य या हिंदी पढ़ने वालों को हेय दृष्टि से देखा जाने लगा है। यही हाल हमारे संविधान का है यदि ईमानदारी से सर्वे किया जाए अधिकांश जनप्रतिनिधि पंचायत से लेकर संसद तक संविधान के बारे में पूरी जानकारी नहीं रखते। पहले सरकारी स्कूलों में नीति शास्त्र और भारतीय संविधान के मूल तत्व सभी को पढ़ाए जाते थे जिस कारण बच्चे इनकी बुनियादी बातों को जानते थे। आज नौकरी दिलाने वाली पढ़ाई के दौर में सिर्फ सफल होना आवश्यक है जो उचित नहीं। हमें मध्यममार्गी बनना चाहिए यदि संविधान का हनन हो रहा है तो कोर्ट उसके संरक्षक है और हमें स्वयं संवैधानिक संस्थाओं का राजनीति से परे सम्मान करना चाहिए।

## बरहेट में बोले बाबूलाल मरांडी

# लोकतंत्र के रक्षकों पर हमला कर रहे झामुमो-कांग्रेस के गुंडे



**नवीन मेल डेस्क**

**रांची/बरहेट।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी मंगलवार को बरहेट (साहिबगंज) के दौरे पर थे। उन्होंने बरहेट के भाजपा प्रत्याशी गामालियन हेंब्रम के समर्थन में वोट करने वाले इमाम मिर्जा सहित अन्य से मुलाकात की तथा उनके घर पर झामुमो व कांग्रेस के गुंडों द्वारा किए गए पथराव की जानकारी ली।

मरांडी ने घटना की तीव्र भर्त्सना करते हुए कहा कि आज संविधान दिवस है। भारत का संविधान लोकतंत्र का सुरक्षा कवच है, लेकिन कांग्रेस और झामुमो सत्ता के अहंकार में लोकतंत्र के रखवालों पर हमला कर रहे हैं। इमाम मिर्जा के घर पर सिर्फ इसलिए पथराव किया गया, क्योंकि उनहोंने भाजपा शेष पेज 11 पर

# माड़न पंचायत में कल्याण विभाग की योजनाओं में गड़बड़ी, विभाग की मूकदर्शिता पर सवाल



### घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग

सरना स्थल चारदीवारी के निर्माण में चिमनी ईंट की जगह स्थानीय घटिया बंगला ईंट का इस्तेमाल किया जा रहा है। साथ ही, स्थानीय नदी से प्राप्त बालू में भी मिट्टी की मात्रा अधिक पाई जा रही है। इसके अलावा, निर्माण कार्य में सीमेंट और सरिया की गुणवत्ता भी मानकों के अनुरूप नहीं है। सरना चारदीवारी के निर्माण में 10 मिमी का सरिया इस्तेमाल किया जा रहा है, जबकि यह मानक से कम है।

**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** प्रखंड के माड़न पंचायत में कल्याण विभाग द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं सामने आई हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, माड़न पंचायत में सरना स्थल चारदीवारी निर्माण और महदानी सरना स्थल के निर्माण कार्यों के तहत कुल 75 लाख रुपये का बजट आवंटित किया गया है। लेकिन इन निर्माण कार्यों में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है, जिससे कार्य की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं। **केरकी गांव में भी अनियमितता का आरोप :** माड़न पंचायत के केरकी गांव में सरना स्थल सुंदरीकरण कार्य स्वीकृत किया गया है, लेकिन स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह स्थल भी पहले देवस्थल था, जिसे बिचौलियों ने सरना स्थल के रूप में पेश कर दिया। अब इस स्थल के सुंदरीकरण के नाम पर कार्य जारी है। कल्याण विभाग के पदाधिकारी ने इस मामले की गंभीरता को स्वीकार करते हुए जांच का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि कार्य की गुणवत्ता की जांच की जाएगी और अनियमितताएं पाई जाने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

### कार्य की जानकारी से अनजान लाभुक समिति

लाभुक समिति के अध्यक्ष और सचिव को योजना की प्राक्कलित राशि और कार्य की स्थिति की कोई जानकारी नहीं है। सचिव उपेंद्र उरांव ने बताया कि कार्य बिचौलियों के निर्देश पर शुरू हुआ था और उन्हें केवल 15 लाख रुपये की जानकारी दी गई थी, जबकि वास्तविक राशि इससे कहीं अधिक है।

### देवस्थल को सरना स्थल घोषित करने का विवाद

माड़न गांव में महदानी स्थल, जो एक देवस्थल है, को सरना स्थल घोषित कर निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। यह स्थल पहले से मौजूद सरना स्थल से मात्र 200 फीट की दूरी पर स्थित है। इस पर पंचायत मुखिया साजदा खातून ने आपत्ति जताते हुए इसे गलत ठहराया। उन्होंने कहा कि ग्राम सभा की अनुमति के बिना देवस्थल को सरना स्थल के रूप में स्वीकृत करना अनुचित है, और मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाएगी।

# किसानों के खेतों में पानी पहुंचाने का नहीं हो सका इंतजाम

## 39 साल में नहीं बन सका अनुमंडलीय जेल व कोषागार



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** 1995 में ही अविभाजित बिहार के लालू प्रसाद मुख्यमंत्री के कार्यकाल में पलामू जिले के हुसैनाबाद को अनुमंडल का दर्जा तत्कालीन विधायक दशरथ कुमार सिंह के प्रयास से दिलाया गया है। अब तक इस क्षेत्र के लोगों को अनुमंडलीय जेल व कोषागार मूर्त रुप नहीं ले सका है। इसके स्थापना के लिये कई बार स्थल चयन व शिलान्यास की प्रक्रिया भी शुरू किये जाने के बावजूद उक्त व्यवस्था अपने पैरों पर खड़ा नहीं हो सका है। सर्वाधिक कष्ट इस क्षेत्र के दो तिहाई भूभाग के किसानों को है। जिनके खेतों तक पानी पहुंचाने का काम आज तक नहीं किया गया है। मोहम्मदगंज स्थित कोयल नहीं से निकली एक मात्र बहुचर्चित उत्तर कोयल मुख्य नहर से एक तिहाई क्षेत्र के भूभाग भी मुश्किल से सिंचित हो पाती है। खासकर दक्षिण दिशा स्थित पहाड़ व जंगली क्षेत्र से नीचे उत्तर दिशा की उपरवार भूमि प्रतिवर्ष भगवान भरोसे भी सूखी रह जाती है। इसकी जद में दो दर्जन से अधिक गांवों के किसानों को आवर्ती सुखाड़ का सामना करना पड़ता है। वहीं किसी भी बाजार क्षेत्र में सामुदायिक शौचालय व स्नानागार की व्यवस्था नहीं रहने से सुदूर क्षेत्र से आये खासकर महिला वर्ग को जहां तहां भागदौ. करना पड़ता है। अब तो बीते दिनों से हुसैनाबाद को जिला का दर्जा दिलाने की आवाज गरमाया है। लोगों को कहना है कि अब तक अनुमंडल स्तर की सरकार सभी सुविधा मुहैया नहीं करा सकी तो क्या जिला स्तरीय ही सुविधा की ही व्यवस्था होगी। आने वाले समय में हेमंत सरकार के गठन के बाद भारी बहुमत से जीते क्षेत्रीय विधायक संजय कुमार सिंह यादव से इस क्षेत्र के लोगों को इन समस्याओं के निदान के प्रति पल पल नजर जमाये हैं।

### बाघमनवा पंचायत सचिवालय में मना संविधान दिवस

**विश्रामपुर।** प्रखंड के बाघमनवा पंचायत सचिवालय में मंगलवार को संविधान दिवस मनाया गया। इस दौरान कार्यक्रम आयोजन किया गया। इसके अलावा मुखिया मंजू देवी की अध्यक्षता में विशेष ग्राम सभा का भी आयोजन किया गया। इस दौरान सभी पंचायत प्रतिनिधियों ने संविधान के अनुसार चलने का शपथ लिया। मुखिया मंजू देवी ने कहा कि लोकतंत्र में संविधान ही सर्वोपरि है। इसके अनुसार सबको चलने की जरूरत है। मौके पर समाज सेवी मनीष कुमार,पंचायत सचिव प्रदीप राम,रोजगार सेवक अरुण सिंह ,प्रियंका देवी,मथुरा साव सहित कई पंचायत प्रतिनिधि मौजूद थे।

## मजदूर किसान महाविद्यालय में धूमधाम से मनाया गया संविधान दिवस



**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** प्रखंड के डंडार कला स्थित मजदूर किसान महाविद्यालय में मंगलवार की दोपहर राष्ट्रीय सेवा योजना के सदस्यों द्वारा संविधान दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दिलीप कुमार राम और अन्य कर्मचारियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर तथा बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके की गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दिलीप कुमार राम ने डॉ. अंबेडकर की संविधान निर्माण में भूमिका को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि 26 नवंबर 1949 को भारतीय संविधान अंगीकार किया गया और 26 जनवरी 1950 को यह लागू हुआ, तभी से यह दिन संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। डॉ. अंबेडकर ने कठिन परिस्थितियों में एक ऐसा संविधान तैयार किया, जिसमें सभी नागरिकों को समान अधिकार मिले, खासकर महिलाओं को समानता का अधिकार दिया गया। उन्होंने कहा कि भारत का संविधान दुनिया के सबसे अच्छे संविधान में गिना जाता है और हमें इसे पढ़कर पालन करना चाहिए, ताकि हम अपने अधिकारों और न्याय के प्रति जागरूक रहें। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं और कर्मचारियों ने एक स्वर में संविधान की प्रस्तावना का पाठ किया और संविधान के पालन की शपथ ली। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दिलीप कुमार राम, प्रोफेसर आलोक कुमार, जमशेद आलम, डॉ. राजीव रंजन सहित महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं भी

### जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने का करूंगा प्रयास : नरेश प्रसाद सिंह

**विश्रामपुर।** विधानसभा से राजद के नवनिर्वाचित विधायक नरेश प्रसाद सिंह का मंगलवार को विजय जुलूस निकला। विश्रामपुर के ऐतिहासिक पंचमुखी मंदिर में पूजा अर्चना के बाद बाजार चौक से विजय जुलूस की शुरूआत हुई। विश्रामपुर नगर भ्रमण के बाद जुलूस रेहला शहर पहुंचा। वहां डंडीला कला चौक पर विधायक का जोरदार स्वागत हुआ। इस बीच थाना चौक पर स्थापित गांधी प्रतिमा पर विधायक ने माल्यार्पण किया। नरेश प्रसाद सिंह ने कहा कि जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा और सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंचाया जायेगा। जुलूस में युवा समाजसेवी ऋतुराज मिश्रा,रमेश चौबे,राजद नगर अध्यक्ष सिराजुदीन अंसारी,प्रखंड अध्यक्ष सतेंद्र यादव,अनिल ठाकुर,संजय उपाध्याय,सरयू चौहान,नासिर अंसारी,इम्तियाज अहमद,संजय मेहता,दिनेश मेहता, फिरोज खान,नयाजुदीन अंसारी,सोनू खलीफा,रामप्यारी यादव, संतोष राम,अजय राम,नागेंद्र नाथ चौबे सहित कई लोग शामिल रहे।

### कमलेश सिंह ने कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद हरिहरगंज से भाजपा प्रत्याशी कमलेश कुमार सिंह ने हुसैनाबाद स्थित आवासीय कार्यालय में कार्यकताओं के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में कार्यकताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। भाजपा नेता कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि हुसैनाबाद हरिहरगंज की तमाम देवतुल्य जनता का वह आभारी हैं। उन्होंने चुनाव में जीत से भी अधिक मत दिया। उन्होंने कहा कि हार जीत राजनीति का एक हिस्सा है। उनसे जरूर कुछ कमी हुई होगी। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद हरिहरगंज की जनता ने उन्हें दो बार अपना प्रतिनिधि चुन कर उन्हें जो मान सम्मान दिया है, उसे वह कभी भूल नहीं सकते। उन्होंने कहा कि 2024 के विधानसभा चुनाव में भी जनता ने उन्हें सम्मान दिया। वोट कम या ज्यादा अलग बात है। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद हरिहरगंज की जनता उनके परिवार की तरह है। वह उनके सुख दुःख में हमेशा साथ हैं। उन्होंने कहा कि वह हमेशा उनके लिए खड़े मिलेंगे। जनता की सेवा में निरंतर लगे हैं और लगे रहेंगे। उन्होंने जनादेश का सम्मान करते हुए मतदाताओं का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता के साथ वह हमेशा हैं और रहेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य की हेमंत सरकार ने चुनाव में राज कोष का दुरूपयोग किया है। वोटिंग से एक दिन पहले योजनाओं की राशि लाभुकों के खाते में भेज कर उन्हें वरगलाने का काम किया। उन्होंने कहा कि जनता ने जिन्हें अपना प्रतिनिधि चुना है, जनहित में उनसे वह भी हुसैनाबाद के विकास की अपेक्षा रखते हैं। सूर्या सिंह ने कहा कि जनता का आदेश सर्वोपरि है। इसे स्वीकार करते हैं। आशा करते है कि नवनिर्वाचित विधायक हुसैनाबाद की जनता की आकांक्षाओं पर खरा उतरने का काम करेंगे। उन्होंने कार्यकताओं का मनोबल बढ़ाते हुए एकजुटता के साथ कार्य करने की बात कही। बैठक में अशोक कुमार सिंह, सोमेश सिंह, अजय प्रसाद गुप्ता, विनोद पांडेय, रामप्रवेश सिंह,अरबिंद सिंह,मनान खां समेत बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

### यज्ञ संपन्न : अध्यात्म मानव जीवन की अपरिहार्य आवश्यकता: भारद्वाज

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के कुसुआ गांव में दो दिवसीय अखंड स्वर्वेद पाठ के बाद एकल कुंडीय विश्व शांति वैदिक हवन यज्ञ कार्यक्रम संपन्न हो गया। इस कार्यक्रम के आयोजक पूर्णकालिक प्रचारक उपदेष्टा राजेश भारद्वाज व पूनम देवी मुख्य यजमान के रूप में भक्तों के साथ यज्ञ में आहुति समर्पित की। हवन यज्ञ स्वर्वेद महामंदिर धाम उमराहा, काशी वाराणसी के यज्ञ पुरोहित राजाराम व अंजय विश्वकर्मा ने वैदिक मंत्रोंच्चारण के साथ हवन यज्ञ संपन्न कराते हुए यज्ञ से होने वाले लाभ पर विस्तार से प्रकाश डाला। इसके बाद विशेष सत्संग प्रारंभ प्रखंड सेवा प्रभारी अमलेश सिंह और आयोजक राजेश भारद्वाज ने सदगुरु सदाफल देव के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर किया। पूर्णकालिक प्रचारक उपदेष्टा राजेश भारद्वाज ने कहा कि विहंगम योग सेवा सत्संग एवं साधना की त्रिवेणी है। यज्ञ पुरोहित राजाराम जी ने कहा कि अमर हिमालय योगी अनंत श्री महर्षि सद्गुरु सदाफल देव जी महाराज द्वारा चेतन समाधि अवस्था में रचित स्वर्वेद इस संसार का अद्वितीय आध्यात्मिक ग्रंथ है और इसी सदग्रंथ को समर्पित स्वर्वेद महामंदिर धाम, उमराहा काशी, वाराणसी में बन रहा है, जहां 6 एवं 7 दिसंबर को विहंगम योग संत समाज का शताब्दी महोत्सव के अवसर पर विश्व का सबसे बड़ा 25000 कुंडीय स्वर्वेद ज्ञान महायज्ञ आहूत की गई है । रुपेश विश्वकर्मा भेदक भजन प्रस्तुत कर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। साथ ही राजेश भारद्वाज ने सभी को विहंगम योग संत समाज का शताब्दी महोत्सव एवं 101 वां वार्षिकोत्सव जो 6 एवं 7 दिसंबर को स्वर्वेद महामंदिर धाम उमरहा में आयोजित है। वहां आने की अपील की। इस कार्यक्रम का संचालन प्रखंड सेवा प्रभारी अमलेश सिंह ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने अमृतेश मिश्रा, कामेश्वर सिंह, सुरेंद्र सिंह, राम व्यास सिंह, काशी प्रसाद गुप्ता, चंदन मेहता, योगेश कुमार ,पूनम देवी, उर्मिला देवी, सहित कई भक्त शिष्य सक्रिय थे। सैकड़ो श्रद्धालुओं ने भंडारा में महाप्रसाद ग्रहण किया।

### हेमंत सरकार से पूरी होगी युवाओं की अपेक्षा : एआर रहमान

**मोहम्मदगंज।** राज्य में झामुमो नीत इंडी गठबंधन की दोबारा सरकार बनने की संभावना पर युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। साथ ही हुसैनाबाद से राजद के संजय कुमार सिंह यादव की जीत को रिकॉर्ड तोड़ व ऐतिहासिक बताते हुए युवा सामाजिक कार्यकर्ता एआर रहमान, राशिद खान, राजन वर्मा, सोनू कुमार, मुस्तकीम खान, शहजाद हुसैन, शाहनवाज खान, वसीम अंसारी व अन्य कई लोगों ने उन्हें बधाई दी है। उन्होंने कहा कि संजय कुमार सिंह यादव के विधायक चुने जाने से सदियों से इस क्षेत्र की सांप्रदायिक सौहार्द और भाईचारे के बंधन को और मजबूती मिली है।

## चोरी की मोटरसाइकिल के साथ युवक गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**नावाबाजार पलामू।** नावाबाजार थाना पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक थाना क्षेत्र के कुंभी कला निवासी नित्यानंद कुमार यादव है। थाना प्रभारी चिंटू कुमार ने बताया कि सोमवार को नावाबाजार थाना पुलिस ने थाना गेट के सामने मुख्य पथ पर चेकिंग अभियान चला रही थी। चेकिंग के क्रम में एक मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति नित्यानंद कुमार यादव को जांच के क्रम में चोरी के मोटरसाइकिल में फर्जी नंबर प्लेट लगाकर चलते हुए पकड़ा गया है। उसकी निशानदेही पर एक अन्य चोरी का मोटरसाइकिल भी बरामद किया गया है। उक्त दोनों मोटरसाइकिल सत्यापन उपरांत औरंगाबाद बिहार से चोरी होने का पुष्टि हुई है। नावाबाजार थाना में मामला दर्ज नित्यानंद यादव को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### स्कूली बच्चों के बीच साइकिल का वितरण

**विश्रामपुर।** प्रखंड अंतर्गत चोरटिया मध्य विद्यालय के छात्र-छात्राओं के बीच मंगलवार को साइकिल वितरित किया गया। बच्चों के बीच साइकल का वितरण मुखिया मंजू देवी व समाज सेवी मनीष कुमार ने संयुक्त रूप से किया। मनीष कुमार ने कहा कि सरकार के सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंचाया जा रहा है। मौके पर प्राचार्य रमजनम कुमार, शिक्षक कृष्णकांत साव, प्रेमनाथ विश्वकर्मा, कृपानंद पाठक, अनिल यादव, नंदू साव, मानो देवी, राजेंद्र यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना फॉर्म में त्रुटि सुधार के लिए कार्यालयों में लग रही भीड़



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** विधानसभा चुनाव को लेकर लागू आदर्श आचार संहिता के समाप्त होने के साथ ही खासकर, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के शत प्रतिशत लाभुकों को लाभान्वित करने के लक्ष्य के तहत कागजात की खामियों को दूर करने के काम में तेजी आ गई है। इसके साथ ही प्रखंड कार्यालय में चहलकदमी बढ़ गई है। प्रखंड सहायक मनीष कुमार सिंह ने बताया कि इस योजना के लाभ से वंचित लाभुकों के कागजात खासकर, बैंक खाते और आइएएफसी कोड की त्रुटियों की शिकायत को दूर करने का काम किया जा रहा है। इसके लिए उन्होंने ऐसे लाभुकों को आधार कार्ड व बैंक पासबुक की छाया प्रति के साथ कंप्यूटर सहायक मनोहर कुमार से संपर्क साधने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि प्रखंड प्रशासन की कोशिश है कि इस योजना के लाभ से वंचित सभी लाभुकों को उनके कागजात की त्रुटियों का सुधार करते हुए उन्हें समय पर इस योजना से लाभान्वित किया जा सके। बता दें कि इस योजना के लाभुकों को दिसंबर माह से 2500 का भुगतान करने का राज्य सरकार ने पहले ही फैसला ले लिया था।

## संविधान दिवस पर रंगोली, चित्रकला भाषण प्रतियोगिता का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** झारखंड परियोजना निदेशक के आदेशानुसार जनजाति गौरव दिवस पखवाड़ा के तहत मंगलवार को तारा स्थित राजकीयकृत आदर्श प्लस टू रहमानिया उच्च विद्यालय में सविधान दिवस मनाया गया। इस उपलक्ष्य में रंगोली, चित्रकला,भाषण, नृत्य , प्रश्नोत्तरी, गीत प्रतियोगिता सहित अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसमें बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्रोंओ को प्राचार्य मनोज कुमार ने पुरस्कृत किया। कार्यक्रम को लेकर छात्र-छात्राओं में खुशी और उत्साह देखा गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक शैलेश कुमार शुक्ला, श्रीराम पांडेय, आशीष कुमार पटेल, शगुफ्ता परवीन, निक्की कुमारी, संजय कुमार, अभिषेक कुमार, हसनैन राजा, हरेंद्र सिंह यादव, आदर्श कुमार, राजहंस कुमार और ग्रामीण शिक्षक तहसीन अंसारी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस दौरान विद्यालय में उत्सव सा माहौल बना रहा। बड़ी संख्या में अभिभावकों ने भी शिरकत किया।

### उपडाक घर में जेब काटते रंगेहाथ धराया चोर

**हैदरनगर।** मेन बाजार स्थित जगदंबा कम्पलेक्स में उपडाकघर हैदरनगर में मंगलवार को ग्राहकों के लेनदेन करने के दौरान एक अज्ञाज युवक ने महिला ग्राहक के झोला को ब्लेड से काटकर पैसा निकाल लिया। इसके हरकत को भांपते ही अन्य ग्राहकों ने इसे अपने चंगुल में दबोच कर मामूली पिटाई करने के बाद अपना नाम, पता सटीक नहीं बताया है। इसके बाद पुलिस को सूचना दिये जाने पर उपडाकघर से उक्त चोर को अपने कब्ज लेकर थाना गई है। उसने मेदिनीनगर के किसी युवकपर ब्लेड देने और ग्राहकों को पैसा उड़ाने को प्रेरित किये जाने का आरोप लगा रहा है। पुलिस अपने स्तर से इस चोर का पुख्ता सुराग पाने के प्रयास में जुटी है।

**कार्यक्रम**

### गुलाब चंद प्रसाद अग्रवाल डिग्री कॉलेज में कार्यक्रम का आयोजन

## स्वतंत्रता, समानता, धर्मनिरपेक्ष शासन सुनिश्चित करता है संविधान: प्रो. राजकिशोर



**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर (पलामू)।** संविधान दिवस के अवसर पर मंगलवार को गुलाब चंद प्रसाद अग्रवाल डिग्री कॉलेज में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलित कर व डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। प्रभारी प्राचार्य प्रो. राजकिशोर लाल ने कहा कि देश में हर साल 26 नवंबर को भारतीय संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। 26 नवंबर 1949 को भारत की संविधान सभा ने भारत के संविधान को अपनाया। 26 जनवरी 1950 से लागू हुआ। भारतीय संविधान की प्रस्तावना एक संक्षिप्त और व्यापक परिचय है, जो संविधान के दर्शन और उद्देश्यों को रेखांकित करती है। यह भारत की एक संप्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक गणराज्य होने की प्रतिबद्धता को उजागर करता है। साथ ही स्वतंत्रता, समानता और धर्मनिरपेक्ष शासन सुनिश्चित करता है। प्रो. राजमोहन ने कहा कि भारतीय संविधान के इतिहास में पलामू का योगदान उल्लेखनीय है। उन्होंने बताया कि संविधान सभा के 284 सदस्यों में से 2 सदस्य पलामू से थे। प्रो. इंदु कुमारी ने संविधान को पढ़ने और समझने की आवश्यकता पर जोर दिया। प्रो. अशोक अग्रवाल ने भी अपने विचार रखते हुए संविधान की सराहना की। योगेंद्र विश्वकर्मा ने संविधान को देश का गौरव बताते हुए कहा कि कुछ बिंदुओं पर संशोधन की आवश्यकता है। कार्यक्रम का संचालन कर रहे पंचम कुमार ने सुझाव दिया कि भारतीय संविधान को विद्यार्थियों के सिलेबस में शामिल किया जाना चाहिए, ताकि हर बच्चा इसे जान सके और इसका लाभ उठा सके। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन प्रो. इंदु कुमारी ने किया। इस अवसर पर राजेश रजक, विजय यादव, दीपक कुमार, मनोज पासवान, सुनिल पासवान, शंकर राम सहित अन्य उपस्थित थे।

### हृदयाघात से शिक्षक की मौत

**नावाबाजार।** प्रखंड स्थित चेचन्हा उत्क्रमित मध्य विद्यालय के सहायक अध्यापक रामप्रवेश मेहता की हृदयाघात से मंगलवार की दोपहर मौत हो गई। बुधवार की सुबह गांव स्थित कोयल नदी श्मशान घाट पर दाह-संस्कार किया जाएगा। जानकारी के अनुसार अध्यापक स्वर्गीय रामप्रवेश मेहता अध्यापन कार्य को ले विद्यालय पहुंचे। वहां सब कुछ सामान्य था। दोपहर के 11 बजे कार्यालय में बैठकर इपीएफ फार्म भर रहे थे। इस क्रम में वे कुर्सी से गिर पड़े। लोग कुछ समझ पाते इसके पहले परिजनों को सूचना देते हुए मेदिनीनगर स्थित मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले गए। वहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिजनों ने बताया कि दोनों पुत्र को बाहर होने के कारण दाह-संस्कार बुधवार की सुबह होगा। सहायक अध्यापक के निधन पर सफराज अहमद, नीरज कुमार दुबे, विपिन पांडेय, राकेश सिंह, रघुवीर पांडेय, रमेश चंद्र दुबे ने शोक संवेदना व्यक्त किया।

## ट्रेलर ने ट्रक में पीछे से मारी टक्कर, चालक की मौत



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** थाना क्षेत्र के सेमरबार ढाब स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप के सामने एनएच 139 फोरलेन पर अनियंत्रित स्टोन चिप्स लदे ट्रेलर ने पहले से खड़ी ट्रक में पीछे से टक्कर मार दी। इस घटना में ट्रेलर चालक रामबहादुर सिंह यादव (23 वर्ष) की मौत हो गई। मृतक उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिला अंतर्गत रेवतीपुर का रहने वाला था। यह घटना मंगलवार की दोपहर 2 बजे की है। मालूम हो कि उक्त स्थान पर तकनीकी खराबी के कारण एक ट्रक पहले से खड़ा था। छतरपुर की ओर से आ रही स्टोन चिप्स लदे ट्रेलर ने अनियंत्रित होकर ट्रक के पीछे जा टकरायी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रेलर का अगला भाग का परखच्चा उड़ गया। चालक की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। उसके शव को घंटों मशक्कत के बाद जेसीबी व गैस कटर की मदद से निकाला गया। दुर्घटना के कारण फोरलेन का डिवाइडर भी क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जा में ले पोस्टमार्टम के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया है।

# नगर निगम आयुक्त ने औचक निरीक्षण कर दिए विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

■ वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट समेत कई योजनाओं की प्रगति का किया भौतिक सत्यापन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नगर निगम आयुक्त जावेद हुसैन ने शहर के विभिन्न स्थलों का औचक निरीक्षण किया और चल रहे विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने समदा आहर और कचरवा डैम के सौंदर्यीकरण कार्यों, अघोर आश्रम स्थित नवनिर्मित शवदाह गृह, पंपू कल वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट, और स्टेशन रोड सहित अन्य स्थलों का भ्रमण किया।

निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने पंपू कल वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट में आ रही समस्याओं को शीघ्र हल करने का निर्देश दिया, ताकि स्वच्छ पानी की आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। स्टेशन रोड पर स्थित भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति के नवनिर्माण के लिए भी निर्देश जारी किए।

आयुक्त ने विभिन्न तालाबों के सौंदर्यीकरण कार्यों की गुणवत्ता का निरीक्षण किया और कचरवा डैम तथा समदा आहर में कार्य प्रगति को लेकर संतोष जताया, लेकिन इसमें और तेजी लाने के निर्देश दिए। इसके अलावा, विमेंस कॉलेज रोड पर बनाए जा रहे ग्रीन जोन की प्रगति का भी निरीक्षण किया गया। वेंडर जोन के लिए खाली पड़े स्टेशन रोड और रांची रोड आईटीआई के पास स्थलों का मुआयना कर संबंधित विभागों को इन्हें अधिग्रहण हेतु अग्रसारित करने का निर्देश दिया।

इस दौरान सहायक नगर आयुक्त विश्वजीत महतो, नगर मिशन प्रबंधक सतीश कुमार, सहायक अभियंता देवेश कुमार, और अन्य अधिकारी उनके साथ उपस्थित रहे।

# दूसरे दिन भी समाहरणालय में डटे रहे अभ्यर्थी, नए आदेश को रद्द करने की मांग

▸▸ प्रशासन के समक्ष आवाज उठाते रहेंगे, जब तक कि उन्हें न्याय नहीं मिलता : अभ्यर्थी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के चौकीदार भर्ती शारीरिक दक्षता परीक्षा में सफल अभ्यर्थी मंगलवार को दूसरे दिन भी समाहरणालय परिसर में डटे रहे। वे नए सिरे से शारीरिक दक्षता परीक्षा देने के आदेश को रद्द कर पहले से सफल अभ्यर्थियों की मेधा सूची जारी करने की मांग कर रहे थे।

मंगलवार सुबह 10 बजे अभ्यर्थी समाहरणालय पहुंचे और उपायुक्त शशि रंजन को ज्ञापन सौंपने की कोशिश की, लेकिन उनसे मुलाकात नहीं हो सकी। इसके बाद अभ्यर्थी विकास आयुक्त के कार्यालय के समक्ष धरने पर बैठ गए। उनका कहना था कि जांच कमेटी के अध्यक्ष रहे डीडीसी से मिलकर अपनी बात रखना चाहते थे, लेकिन उनसे भी मुलाकात नहीं हो पाई। शाम तक समाहरणालय में डटे रहने के बाद, अधिकारियों से संपर्क न हो पाने के कारण वे मायूस होकर लौट गए।

**कम समय में दौड़ की तैयारी पर चिंता :** अभ्यर्थियों ने बताया कि 1.6 किमी दौड़ को छह मिनट में पूरा करना होता है, लेकिन उन्हें तैयारी के लिए केवल चार दिन दिए गए हैं। यह समय काफी कम है। इससे पहले चियांकी हवाई अड्डे में उत्पाद सिपाही भर्ती की दौड़ में कुछ अभ्यर्थियों की मौत हो गई थी, जिसका कारण पर्याप्त तैयारी का समय न मिलना था।

नए आदेश को रद्द करने की मांग करने वालों में ब्रजेश सिंह, ज्ञान धन चौधरी, जितेंद्र कश्यप, कौसर अली, अश्वनी पांडेय, उदित नारायण ओझा, सत्यवंती कुमारी, अलका कुमारी, महाराजा गुप्ता, प्रतिमा देवी, देवानंद चौबे समेत दर्जनों अभ्यर्थी शामिल थे।

### शारीरिक दक्षता परीक्षा रद्द कर मेधा सूची जारी करने की मांग

सोमवार को जिला प्रशासन ने शारीरिक दक्षता परीक्षा को रद्द करते हुए 30 नवंबर को नई परीक्षा आयोजित करने का आदेश जारी किया था। अभ्यर्थियों ने इस आदेश का कड़ा विरोध किया। उनका कहना है कि अगर नियुक्ति प्रक्रिया में धांधली हुई है, तो संपूर्ण प्रक्रिया की वीडियोग्राफी से इसकी जांच की जाए। दोषी अभ्यर्थियों को हटाया जाए, लेकिन निदोर्षों के साथ न्याय करते हुए उन्हें मेधा सूची में स्थान दिया जाए।

अभ्यर्थियों का कहना है कि वे अपनी मांगों को लेकर प्रशासन के समक्ष आवाज उठाते रहेंगे, जब तक कि उन्हें न्याय नहीं मिलता।

# झामुमो की अभूतपूर्व सफलता पर अविनाश देव ने सीएम को दी बधाई



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड माटी कला बोर्ड के निवर्तमान सदस्य और संत मरियम आवासीय विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने सोमवार को राज्य के कार्यवाहक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। इस अवसर पर श्री देव ने मुख्यमंत्री सोरेन को उनकी दुबारा सत्ता में वापसी के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता ने हेमंत सरकार के कार्यों पर अपनी मुहर लगाई है और ₹हेमंत दुबारा₹ के नारे को स्वीकार किया है।

अविनाश देव ने आगे कहा कि राज्य में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार का पुनर्निर्माण आदिवासी, दलित, पिछड़े और शोषित वर्ग के लोगों के लिए संजीवनी साबित होगा। इस बार की सरकार महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी उल्लेखनीय कार्य करेगी, और झारखंड में बेटियां अब बोझ नहीं, बल्कि राज्य और समाज की ताकत बनेंगी। उन्होंने कहा कि मईया सम्मान योजना ने इस सकारात्मक बदलाव के लिए एक सशक्त वातावरण तैयार किया है।

# आयुक्त कार्यालय में मना संविधान दिवस



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय में संविधान दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयुक्त बाल किशुन मुंडा ने आयुक्त कार्यालय समेत क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक कार्यालय, कल्याण कार्यालय, जनसंपर्क कार्यालय, और क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण कार्यालय के अधिकारियों व कर्मचारियों को संविधान की उद्देशिका का सामूहिक पाठन कराया।

आयुक्त ने उपस्थित कर्मचारियों को संविधान में निहित कर्तव्यों और दायित्वों का पालन करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर उन्होंने संविधान के मुख्य निमार्ता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर और अन्य संविधान निर्माताओं के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम में आयुक्त के सचिव बिजय वर्मा, प्रशाखा पदाधिकारी राजीव रंजन तिवारी सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। यह आयोजन संविधान के प्रति जागरूकता और प्रतिबद्धता बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया।

### आलोक चौरसिया की जीत को लेकर दुर्गा प्रसाद जौहरी ने व्यवसायियों और मतदाताओं का जताया आभार

**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य और चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद जौहरी ने विधानसभा क्षेत्र से आलोक चौरसिया के प्रति समर्थन करने वाले सभी व्यवसायियों और मतदाताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि बाजार क्षेत्र में मिले अभूतपूर्व समर्थन से आलोक चौरसिया की जीत सुनिश्चित हुई है। जौहरी ने बताया कि चुनाव से पहले व्यवसायी वर्ग की बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें भाजपा प्रत्याशी को समर्थन देने का आश्वासन दिया गया था। चुनाव परिणामों से यह स्पष्ट हो गया कि बाजार क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी को अभूतपूर्व समर्थन मिला है, जो भारतीय जनता पार्टी के प्रति विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने उम्मीद जताई कि अब जब आलोक चौरसिया विजयी हो चुके हैं, तो वह बाजार क्षेत्र के व्यवसायियों के मान और सम्मान का ध्यान रखेंगे और उनके हितों की रक्षा करेंगे।

# संविधान दिवस : समाहरणालय में प्रस्तावना का सामूहिक पाठ



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** संविधान दिवस के अवसर पर समाहरणालय परिसर में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश पर आयोजित इस कार्यक्रम का नेतृत्व छत्तरपुर भूमि उप समाहर्ता सह जिला भू-अर्जन पदाधिकारी और जिला कल्याण पदाधिकारी ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ किया और मौलिक कर्तव्यों के पालन का संकल्प लिया। छत्तरपुर भूमि उप समाहर्ता ने शपथ दिलाते हुए कहा कि संविधान दिवस राष्ट्रीय एकता और अखंडता का प्रतीक है। यह दिन हमें हमारे संविधान के महत्व की याद दिलाता है, जो हर नागरिक को समानता, स्वतंत्रता और न्याय का अधिकार प्रदान करता है। संविधान दिवस के उपलक्ष्य में जिले के अन्य प्रखंडों में भी कार्यक्रम आयोजित किए गए, जहां स्थानीय अधिकारियों और कर्मचारियों ने संविधान के महत्व पर चर्चा की और प्रस्तावना का पाठ किया।

# व्यवहार न्यायालय में संविधान दिवस मनाया गया



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के सत्र न्यायाधीश और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष नीरज कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में मंगलवार को व्यवहार न्यायालय परिसर में संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ किया गया।

आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत आयोजित इस संविधान दिवस कार्यक्रम में न्यायिक पदाधिकारी, लीगल एड डिफेंस काउंसिल के अधिवक्ता, और व्यवहार न्यायालय के कर्मियों ने सामूहिक रूप से संविधान की प्रस्तावना का पाठ किया।

कार्यक्रम में कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश संजीव कुमार दास, डीजे प्र विनोद कुमार सिंह, अभिमन्यु कुमार, अखिलेश कुमार, राज कुमार मिश्रा, प्रतीक चतुर्वेदी, स्वेता ढींगरा, आयशा खान, आभाष कुमार, आनंद सिंह, संदीप निशित बारा, शिखा अग्रवाल, अर्पित श्रीवास्तव, परमानंद उपाध्याय, रीतू कुजूर, रोजलिना बारा, प्रज्ञेष निगम, अधिवक्ता संतोष कुमार पांडेय, वीर विक्रम वक्स राय, पुष्कर राज, उत्तम कुमार, नीतू सिंह के अलावा व्यवहार न्यायालय के तृतीय और चतुर्थ वर्ग के कर्मी भी उपस्थित थे।

**संविधान दिवस पर केंद्रीय कारा में भी कार्यक्रम :** संविधान दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर मंगलवार को केंद्रीय कारा में भी संविधान दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में एलएडीसी के असिस्टेंट वीर विक्रम वक्स राय ने बंदियों के साथ संविधान का पाठ किया। उन्होंने बताया कि 26 नवंबर 1949 को हमारे देश का संविधान अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मनिर्भर हुआ था।

# संविधान को सही से पढ़ने की जरूरत : डॉ. अंबालिका प्रसाद

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नेहरू युवा केंद्र, वाईएसएन महिला कॉलेज, और एनएसएस इकाई के संयुक्त तत्वावधान में संविधान दिवस पर एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन महिला कॉलेज में किया गया। मुख्य अतिथियों में विश्वविद्यालय की डीएसडब्ल्यू डॉ. अंबालिका प्रसाद, प्रॉक्टर डॉ. के.सी. झा, अंग्रेजी के पूर्व प्राध्यापक डॉ. सुभाष चंद्र मिश्रा, महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. मोहिनी गुप्ता, पॉलिटिकल साइंस विभाग के डॉ. दिलीप कुमार और डॉ. ऋचा शामिल थे।

कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन और छात्राओं द्वारा विश्वविद्यालय गीत प्रस्तुत कर की गई। डीएसडब्ल्यू डॉ. अंबालिका प्रसाद ने संविधान दिवस की शुभकामनाएं देते हुए छात्रों से संविधान का अध्ययन करने और उसके अनुसार चलने का आह्वान किया। डॉ. के.सी. झा ने संविधान के सम्मान और प्रस्तावना वाचन पर जोर दिया। डॉ. सुभाष चंद्र मिश्रा ने भारतीय संविधान के महत्व और उसमें निहित मौलिक कर्तव्यों पर विस्तार से चर्चा की। प्राचार्या डॉ. मोहिनी गुप्ता ने संविधान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं के कौशल विकास की बात कही।

**विविध गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता :** संविधान दिवस पर पेंटिंग, भाषण प्रतियोगिता और नाटक का आयोजन हुआ। पेंटिंग में जया प्रवीण, शाहिना फातिमा, और नेहा कौशल ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय, और तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में आयुष कुमार और विपिन यादव ने प्रथम, जबकि संजू कुमार और स्वास्तिक ने द्वितीय स्थान पाया। नाटक में शबनम, प्रेरणा, सोनाली समेत अन्य छात्राओं ने भाग लिया।

**पदयात्रा और जागरूकता अभियान :** महिला कॉलेज से सुभाष चंद्र बोस चौक तक पदयात्रा आयोजित की गई, जिसमें छात्राओं और स्वयंसेवकों ने संविधान और उसके मूल्यों का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुप्रिया सोनालिका ने किया और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. जेनिफर गुड़िया ने दिया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# संविधान की रक्षा करना हम सभी का कर्तव्य : श्याम नारायण सिंह

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** कचहरी परिसर स्थित पेंशनर भवन में संविधान दिवस पर लोक विचार मंच के तत्वावधान में परिचर्चा आयोजित हुई। कार्यक्रम की शुरूआत सामूहिक रूप से संविधान की प्रस्तावना पढ़ने से हुई। मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी शिक्षा विभाग के स्टेट चेयरमैन श्याम नारायण सिंह ने कहा कि संविधान भारत को एकता के सूत्र में बांधता है। संविधान की रक्षा करना हर नागरिक का कर्तव्य है, क्योंकि इसमें देश के सिद्धांत और संचालन के तौर-तरीके निहित हैं।

विशिष्ट अतिथि कांग्रेस के प्रदेश महासचिव चंद्रशेखर शुक्ला ने वर्तमान सरकार पर संविधान को कमजोर करने का आरोप लगाते हुए इसकी रक्षा के प्रति प्रतिबद्धता जताई। वरिष्ठ कांग्रेसी अलख निरंजन चौबे ने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर ने लोकतंत्र का सपना देखा था, जो संविधान सभा के माध्यम से साकार हुआ। 20 सूत्री उपाध्यक्ष विमला कुमारी ने संविधान को धर्म की तरह पूजने की आवश्यकता बताई। अध्यक्षता पेंशनर समाज के अध्यक्ष झूबल राम ने की। शिक्षाविद भृगनाथ सिंह, विद्या सागर पाठक, रामनरेश तिवारी समेत अन्य ने अपने विचार रखे।

# शहर में सीसीटीवी कैमरा लगाने का काम शुरू, सुरक्षा व्यवस्था में सुधार की उम्मीद

▸▸ नगर निगम में लगाए जाएंगे 160 सीसीटीवी कैमरा, अपराध और यातायात व्यवस्था में सुधार की उम्मीद



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए हाई-डेफिनिशन सीसीटीवी कैमरा लगाने का काम शुरू हो चुका है। लगभग 160 सीसीटीवी कैमरे विभिन्न प्रमुख चौकों और चौराहों पर लगाए जाएंगे, जिनमें छः मुहान चौक, रेड़मा चौक, बैरिया चौक, सुभाष चंद्र बोस चौक, साहित्य समाज चौक और बीसफूटा चौक शामिल हैं। इन कैमरों के माध्यम से नगर निगम क्षेत्र में अपराधों पर नियंत्रण और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने में मदद मिलने की उम्मीद है।

नगर निगम के सिटी मैनेजर सतीश कुमार ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र के लगभग 52 स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि बीसफूटा चौक पर कैमरे लगाने से औरंगाबाद और छत्तीसगढ़ की ओर आने वाली गाड़ियों और अपराधियों पर नजर रखी जा सकेगी, जबकि शाहपुर के विवेकानंद चौक पर कैमरे लगाने से गढ़वा और छत्तीसगढ़ से आने वाली गलत गतिविधियों पर नियंत्रण पाया जा सकेगा। यह योजना जिला प्रशासन और नगर आयुक्त के संयुक्त प्रयास से संभव हो सका है, और इससे नगर निगम क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी।

### संविधान भारत के शासन की आत्मा है : प्राचार्य

**मेदिनीनगर।** जनता शिवरात्रि महाविद्यालय में संविधान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। एनएसएस पदाधिकारी जयप्रकाश राम के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरूआत बाबा भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुई। प्रभारी प्राचार्य डॉ. एस.के. पांडेय ने संविधान को भारत की शासन व्यवस्था की आत्मा बताया। उन्होंने छात्रों को अधिकार, कर्तव्य और न्यायपालिका, विधायिका, कार्यपालिका की भूमिका समझाई। बीबीए के सहायक प्राध्यापक करण थापा ने संविधान के प्रति आस्था बनाए रखने और इसे मजबूत लोकतंत्र के लिए जनसाधारण तक पहुंचाने की अपील की। इतिहास विभाग के सहायक प्राध्यापक रवि रोशन मिंज और एनएसएस स्वयंसेवक कृष जायसवाल ने संविधान की विशालता और विश्व के सबसे बड़े लिखित संविधान के महत्व पर चर्चा की। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## रजवाडीह मध्य विद्यालय में जनजातीय गौरव पखवाड़ा का समापन समारोह

# अभिभावकों को बच्चों की शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आह्वान : अमृता सिंह



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के रजवाडीह मध्य विद्यालय में आयोजित 'जनजातीय गौरव पखवाड़ा' का समापन समारोह धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर जनजातीय समुदाय के चार संघर्षशील नेताओं झ सुनील उरांव, सरिता उरांव, ममता उरांव और सुरेंद्र सिंह चेरो को उनके रचनात्मक कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।

सम्मान समारोह में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) की प्राचार्य अमृता सिंह और मुखिया अनुज कुमार त्रिपाठी ने विद्यालय की ओर से उन्हें शाल ओढ़ाकर और माला पहनाकर सम्मानित किया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी, शिक्षा विभाग के राजीव चौबे, एसएमसी अध्यक्ष पार्वती देवी, प्रधानाध्यापक राहुल शंकर तिवारी को भी सम्मानित किया गया।

समारोह के दौरान बच्चों ने प्रधानाध्यापक द्वारा प्रदत्त तिथि भोजन झ धुसका पुरी, आलू-चना की सब्जी, टमाटर की चटनी और जलेबी का आनंद लिया। शिक्षिका प्रियंका कुमारी, पूनम रानी, शिक्षक विजय कुमार ठाकुर, लैब इंस्टेक्टर अनूप मिश्रा, बीएड प्रशिक्षु अभिषेक तिवारी और अभय कुमार की सक्रियता से यह समारोह सफल रहा।

इस मौके पर प्राचार्य अमृता सिंह ने जनजातीय समुदाय के योगदान को याद करते हुए बिरसा मुंडा, बुद्धू भगत, सिद्धो, कान्हू, चांद और भैरव जैसी विभूतियों को नमन किया। उन्होंने समारोह में आमंत्रित जनजातीय अतिथियों के संघर्षों की सराहना करते हुए कहा कि अभिभावकों को बच्चों की शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए, क्योंकि शिक्षा से ही बच्चों का स्तर और भविष्य बेहतर होता है। उन्होंने विद्यालय परिवार की सराहना करते हुए कहा कि उन्हें यहां आकर प्रसन्नता हो रही है।

मुखिया अनुज कुमार त्रिपाठी ने विद्यालय की प्रगति की सराहना करते हुए कहा कि यह विद्यालय निरंतर उन्नति की ओर अग्रसर है। सम्मानित सुनील उरांव, सरिता उरांव, ममता उरांव और सुरेंद्र सिंह चेरे ने अपने संघर्षों को साझा करते हुए कहा कि विद्यालय परिवार से मिले सम्मान और सराहना से वे अभिभूत हैं।

प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी ने कहा कि जनजातीय पखवाड़ा मनाने का उद्देश्य बच्चों को जनजातीय गौरव से अवगत कराकर उन्हें प्रेरित करना था। समारोह के समापन में संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ किया गया।

# निजी विद्यालय की वैन ने घर में मारी टक्कर, तीन छात्र घायल



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मंगलवार को शहर के पांकी रोड में डेडीकेटेड प्रीमियर स्कूल की एक वैन ने तेज रफ्तार में एक घर में टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, वैन अनियंत्रित होकर सड़क के दूसरी ओर स्थित मकान की सीढ़ी से टकरा गई। इस दुर्घटना में तीन स्कूली छात्रों को चोटें आईं। घायल छात्रों में से एक, प्रत्युष राज को अंदरूनी चोटें आईं, जबकि अन्य दो छात्रों को हल्की चोटें आईं। घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया, लेकिन कुछ समय बाद अपने सहयोगियों के साथ लौट आया। घायल छात्रों के अभिभावक उन्हें इलाज के लिए निजी अस्पताल ले गए। प्रत्युष के पिता अरुण कुमार ने आरोप लगाया कि विद्यालय प्रबंधन ने घायल छात्रों की कोई देखभाल नहीं की। वैन के सामने का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और दोनों चक्के टेढ़े हो गए थे। घटना की सूचना मिलने पर विद्यालय प्रबंधन के कुछ लोग घटना स्थल पर पहुंचे। पुलिस ने वैन को अपने कब्जे में ले लिया। घायल छात्र प्रत्युष ने बताया कि वह वैन में पीछे बैठा था। प्रत्युष के पिता ने बताया कि वह इलाज के लिए अपने खर्चे पर अस्पताल गए हैं, जबकि स्कूल प्रबंधन ने अभी तक कोई मदद नहीं की। इस घटना पर विद्यालय प्रबंधन की ओर से इंजीनियर विनय मेहता ने बताया कि दुर्घटना एक टेम्पो को बचाने के दौरान हुई, और अब घायल छात्रों का इलाज अच्छे से किया जा रहा है।

# आठवीं बोर्ड परीक्षा का रजिस्ट्रेशन 20 दिसंबर तक

## प्रधानाध्यापकों को सतर्कता से कार्य करने की सलाह दी गई




**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** प्रखंड के सभी विद्यालयों में अध्ययनरत आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने आठवीं बोर्ड परीक्षा के रजिस्ट्रेशन की तिथि घोषित कर दी है। रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया 26 नवंबर से शुरू होकर 20 दिसंबर 2024 तक चलेगी। बीपीएम नवीन प्रकाश ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, सभी विद्यालय प्रधानों को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके विद्यालय में पढ़ने वाले आठवीं कक्षा के सभी विद्यार्थियों का रजिस्ट्रेशन समय पर पूरा हो। इसके लिए प्रत्येक विद्यालय को अपने यूजर आईडी के माध्यम से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करना होगा। रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही से विद्यार्थियों को परीक्षा में शामिल होने में समस्या हो सकती है, इसलिए सभी प्रधानाध्यापकों को सतर्कता से कार्य करने की सलाह दी गई है।

### आवश्यक दस्तावेज समय पर जमा करने का निर्देश

रजिस्ट्रेशन के लिए छात्रों से उनके आधार कार्ड, जन्म प्रमाणपत्र, और विद्यालय में उनकी उपस्थिति से संबंधित दस्तावेज मांगे जाएंगे। विद्यार्थियों और अभिभावकों से भी अपील की गई है कि वे सभी आवश्यक दस्तावेज समय पर विद्यालय में जमा करें। यह रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया राज्य स्तर पर शिक्षा की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए झारखंड सरकार की पहल का हिस्सा है। समय पर रजिस्ट्रेशन पूरा होने से विद्यार्थियों को परीक्षा संबंधित सभी जानकारी और सुविधाएं समय पर प्राप्त होंगी।

## डीजे संचालक न्यायलय के आदेशों का पालन करें: थाना प्रभारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** उच्च न्यायालय, रांची के आदेश के आलोक में नगर उंटारी थाना में डीजे संचालकों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में न्यायालय द्वारा डीजे पर लगाए गए पूर्ण प्रतिबंध को सख्ती से लागू करने का निर्देश दिया गया। थाना प्रभारी ने सभी डीजे संचालकों को आदेश का पालन सुनिश्चित करने को कहा और स्पष्ट किया कि नियमों का उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह कदम ध्वनि प्रदूषण और सामाजिक शांति बनाए रखने के उद्देश्य से उठाया गया है। डीजे संचालकों ने न्यायालय के आदेश का पालन करने का आश्वासन दिया। प्रशासन ने लोगों से भी अपील की है कि वे किसी आयोजन में डीजे का इस्तेमाल न करें और कानून का समर्थन करें।

## एक नजर

### पुण्यतिथि पर वृद्धा आश्रम में कंबल व अनाज का वितरण

**श्री बंशीधर नगर।** स्वर्गीय असीम प्रताप देव के तृतीय पुण्यतिथि पर असीम मेमोरियल फाउंडेशन ने उनके पैतृक गांव बभनी नगर उंटारी में कंबल वितरण किया। साथ ही नगर उंटारी स्थित वृद्धा आश्रम मे कंबल व अनाज उपलब्ध कराया गया। असीम मेमोरियल फाउंडेशन के प्रतिनिधि ब्रहमेशवर प्रताप देव, पुनित प्रताप देव, सज्जन प्रताप देव, उज्जवल राजा प्रताप देव सहित अन्य लोग उपस्थित थे। मौके पर सजन प्रताप देव ने बताया कि असीम मेमोरियल फाउंडेशन का उद्देश्य गरीबों और वृद्धों की जरूरतों को पूरा करना है। यह फाउंडेशन विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन पिछले दो सालों से करता आ रहा है।

### भाजपा नेता के भाई के निधन पर शोक व्यक्त

**खरौंधी।** भाजपा नेता बसंत कुमार यादव के भाई दिनेश कुमार यादव के आकस्मिक निधन से भाजपा परिवार में शोक है। यह दुखद घटना 22 नवंबर को हुई, जब दिनेश कुमार यादव को सांस लेने में परेशानी के कारण डालटनगंज हॉस्पिटल ले जाया गया। डॉक्टरों ने बताया कि उन्हें हार्ट अटैक है। उन्हें तत्काल ही रांची ले जाने की सलाह दी। रांची ले जाने के क्रम में उनकी मृत्यु हो गई। निधन की खबर सुन कर पूर्व विधायक सह भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष भानू प्रताप शाही ने उनके घर पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दी। शोक व्यक्त करने वालों में मंडल अध्यक्ष संध्याकर विश्वकर्मा, सहित दर्जनों भाजपा नेता का नाम शामिल है।

## पुलिया से गिर कर युवक घायल




**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर। (गढ़वा)।** खरौंधी प्रखंड स्थित मझगांवा गांव में मंगलवार सुबह एक युवक पुलिया से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। सरोज पासवान, पिता लाल बिहारी पासवान, अपने दोस्तों के साथ पुलिया पर बैठा हुआ था और खैनी बना रहा था। इसी दौरान असंतुलित होकर वह पुलिया से नीचे गिर गया। घटना के बाद परिजनों ने तुरंत घायल सरोज को भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में भर्ती कराया। वहां चिकित्सक डॉ. अनुपमा ने प्राथमिक उपचार किया और बेहतर इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

## संविधान दिवस पर प्रखंड में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी (गढ़वा)।** संविधान दिवस के अवसर पर मंगलवार को प्रखंड के सरकारी संस्थानों, विद्यालयों और प्रखंड कार्यालयों में संवैधानिक जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों के तहत डॉक्टर भीमराव अंबेडकर और अन्य महापुरुषों की तस्वीरों पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर संविधान दिवस का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रमों में संवैधानिक संवाद आयोजित किया गया, जहां ग्रामीणों और उपस्थित सम्मानित अतिथियों को संविधान दिवस के महत्व और उद्देश्यों के बारे में जानकारी दी गई। वक्ताओं ने संविधान के अधिकारों और कर्तव्यों को समझने और उन्हें अपने जीवन में लागू करने की अपील की।उत्क्रमित मध्य विद्यालय सुंडी में प्रधानाध्यापक गोविंद उराँव की अध्यक्षता में कार्यक्रम हुआ। उन्होंने कहा कि संविधान हमारी आजादी और अधिकारों का आधार है। उत्क्रमित मध्य विद्यालय मझिगावां में प्रधानाध्यापक कामेश्वर प्रसाद सिंह ने कहा कि संविधान पढ़ने से नागरिक अपने अधिकारों और कर्तव्यों को समझ सकते हैं। उन्होंने बताया कि संविधान में उन सभी अधिकारों का समावेश है, जो हर आम नागरिक के लिए जरूरी हैं।सभी विद्यालयों में विविध गतिविधियां आयोजित की गईं। इनमें संविधान की प्रस्तावना का पाठ, सामूहिक संविधान गीत, क्विज प्रतियोगिता, मानव श्रृंखला और अन्य रचनात्मक कार्यक्रम शामिल रहे। इन आयोजनों का मुख्य उद्देश्य संविधान के प्रति जागरूकता फैलाना और नागरिकों को उनके अधिकारों व कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना था।गौरतलब है कि संविधान दिवस को 2015 से हर साल 26 नवंबर को मनाया जाता है।

## युवक का शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस



**नवीन मेल संवाददाता**

**सगमा।** धुरकी थाना क्षेत्र के झुन्नका गांव स्थित सिंचाई कूप से एक सड़ा हुआ शव बरामद किया गया। शव की पहचान घघरी गांव निवासी निरंजन गुप्ता (36 वर्ष) के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, निरंजन गुप्ता, पिता बागुली शाह बुधवार से लापता था। वह झुन्नका गांव स्थित अपने भंडार पर धान काटने गए थे, लेकिन उसके बाद घर नहीं लौटे। परिवार वालों ने उनकी काफी खोजबीन की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। अंततः परिजनों ने धुरकी थाने में उनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। बताया जा रहा है कि मृतक की पत्नी एक सप्ताह पहले मायके गई थी। धान काटने के दिन निरंजन ने मोबाइल पर पत्नी से कहा था कि वह जल्द घर लौट आए। इसके बाद वे झुन्नका गांव धान काटने चले गए और तभी से लापता हो गए।

### ग्रामीणों ने पुलिस को दी जानकारी

झुन्नका गांव में सिंचाई कूप से लगातार बदबू आने पर वहां आसपास गाय-भैंस चराने वालों ने इसकी जानकारी ग्रामीणों को दी। जब ग्रामीणों ने मौके पर जाकर देखा, तो तुलसी की झाड़ियों के पास स्थित सिंचाई कूप में पानी पर एक सड़ा हुआ शव तैरता मिला। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना धुरकी पुलिस को दी।

## विद्यालय विकास योजना का प्रपत्र जमा करने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** प्रखंड में सभी विद्यालयों को विद्यालय विकास योजना का प्रपत्र अविलंब बीआरसी कार्यालय में जमा करने का निर्देश दिया गया है। यह जानकारी बीपीएम नवीन प्रकाश ने दी। शिक्षा विभाग की इस पहल का उद्देश्य शिक्षा व्यवस्था में सुधार और विद्यालयों की बुनियादी आवश्यकताओं की पहचान कर उन्हें पूरा करना है। विद्यालय विकास योजना के माध्यम से स्कूल अपने शैक्षणिक और भौतिक संसाधनों की स्थिति का आकलन कर भविष्य की योजनाएं तैयार करते हैं।नवीन प्रकाश ने बताया कि यह प्रपत्र प्रत्येक विद्यालय के प्रबंधन और विकास के लिए आवश्यक है। इसमें विद्यालय की अवस्थिति, छात्रों की संख्या, शिक्षकों की स्थिति, उपलब्ध संसाधन और भविष्य की आवश्यकताओं का विवरण शामिल होता है। उन्होंने सभी विद्यालय प्रधानों को निर्देश दिया कि वह प्रपत्र भरकर समय सीमा के भीतर बीआरसी कार्यालय में जमा करें, ताकि समय पर डेटा का विश्लेषण कर आगामी योजनाओं को क्रियान्वित किया जा सके। विद्यालय विकास योजना के तहत प्राप्त जानकारी से न केवल स्कूलों की समस्याओं का समाधान होगा, बल्कि प्रखंड स्तर पर शिक्षा के समग्र विकास के लिए एक ठोस रणनीति तैयार की जा सकेगी।

## प्रखंड कार्यालय में संविधान दिवस मना, दिलायी गयी शपथ

**केतार।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय में मंगलवार को संविधान दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें प्रखंड व अंचल कर्मी के अलावा गणमान्य लोग भी शामिल हुए। संविधान दिवस के अवसर पर बीडीओ प्रशांत कुमार ने सभी प्रखंड कर्मियों को संविधान का सम्मान करने, संविधान के बताए मार्ग पर चलने एवं संविधान की मर्यादा को बनाये रखने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर कहा गया की भारतीय संविधान विश्व कि सबसे बड़ा संविधान हैं। इस संविधान में हमें आजादी और समानता के साथ जीने का का अधिकार दिया गया है। इसलिए हर भारतीय नागरिकों के लिए 26 नवंबर का दिन खास होता है। संविधान के आधार पर ही सिद्धांत, प्रक्रियाएं, अधिकार दिशा-निर्देश, कानून वगैरह तय किया गया है। मौके पर सीआई नागेन्द्र पाठक, बीपीओ नीरज पाल, कनीय अभियंता आनंद कुमार जयंत विश्वकर्मा, आदि उपस्थित थे।

## जर्जर सड़क पर ग्रामीणों को चलने में हो रही परेशानी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना।** सिलिदाग पंचायत अंतर्गत बाबुडीह से बुल्का मुख्य सड़क महादेव मोड़ तीन मुहान से रामधारी पासवान के घर तक पीसीसी सड़क की स्थिति जर्जर हो गयी। इससे बड़ी गाड़ी का आना-जाना तो बंद हो गया है। अब तो दो चक्का वाहनों का भी आना-जाना मुश्किल हो गया है। सड़क पर ग्रामीणों द्वारा गाय बैल बांध कर और संकीर्ण कर देने से पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। जानकारी के अनुसार करीब 15 वर्ष पूर्व इस पीसीसी सड़क का



निर्माण हुआ था।0 उसके बाद से कभी भी इस सड़क का मरम्मती भी नहीं हुआ। पानी के तेज बहाव से सड़क किनारे का मिट्टी कट गया, जिससे पीसीसी टूट गया और गाड़ी जाने लायक ही नहीं बचा। पिछले वर्ष इस सड़क पर मोटर साइकिल और ट्रैक्टर दुर्घटना ग्रस्त हुआ था। जर्जर सड़क की हालात का दैनिक राष्ट्रीय नवीन मेल ने प्रमुखता से उठाया गया था, लेकिन आज तक उक्त सड़क की स्थिति जस की तस बनी है। इस ग्राम के लोगों के लिए यह मुख्य सड़क है। इस संबंध में जिप अध्यक्ष शांति देवी कहा कि उक्त सड़क उनके ध्यान में है, सरकार बनने के बाद इस जर्जर सड़क समस्या का समाधान होगा। मुखिया अनीता देवी कहा कि इस जर्जर सड़क को सांसद बनवाने का आग्रह किए हैं। सांसद ने आश्वाशन भी दिया है।

## बिजली चोरी करने वाले 16 लोगों पर प्राथमिकी,1.3 लाख का लगा जुर्माना



**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** बिजली चोरी पर रोक लगाने के लिए विभाग ने सोमवार की शाम केतार प्रखंड के विभिन्न गांवों में छापेमारी अभियान चलाया। इस क्रम में 16 लोगों को अवैध तरीके से कनेक्शन कर विद्युत मोटर चलाते पकड़ा गया। उन सभी लोगों पर एक लाख 3 हजार दो सौ रुपए जुर्माना लगाकर केतार थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इनमें छाताकुड गांव निवासी सुखाड़ी साह 6000 रू, उदय नारायण गुप्ता 6000, गोविंद साह 6000रू, शिवपुजन गुप्ता 6000रू, शांति देवी 9600रू, सुदर्शन साह 6000रू, धर्मेन्द्र साह 6000रू, बबन साह 6000 रू, बलचू साह 6000रू, फगु साह 6000 रू, वहीं पाचाडुमर गांव निवासी रामजी यादव 6000रू, बुधन महतो 6000 रू, बिंदू यादव 6000रू, मनोज यादव 6000रू, परमेश्वर यादव 6000रू, रामलाल साह (बत्तो कला)6000रू का जुर्माना लगाया गया है। छापेमारी दल में सुधीर बांडो कनीय प्रबंधक, अशोक कुमार, नीरज कुमार दुबे, पंकज कुमार शामिल थे। इस संबंध में थाना प्रभारी अरूण कुमार रवानी ने बताया की उक्त सभी लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कर लिया गया है।

**हमला** | **ग्रामीणों में दहशत**

## लकड़बग्घा काटने से दो जख्मी



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** नगर उंटारी थाना क्षेत्र के कुशडंड ग्राम में सोमवार की रात लकड़बग्घा ने दो लोगों को काटकर घायल कर दिया। दोनों का इलाज अनुमंडलीय अस्पताल में किया गया। दोनों जख्मी कुशडंड ग्राम निवासी कमलेश राम उम्र 50 वर्ष और नन्द किशोर कुमार का नाम शामिल है। घटना के बारे में बताया जाता है कि दोनों घायल अपने घर से निकल कर गांव के ही एक दुकान के पास बैठे थे। इस दौरान जंगल से भटक कर आया लकड़बग्घा दोनों को काटकर घायल कर दिया। घायल लोगों ने बताया कि लकड़बग्घा ने गांव के तीन पशु को भी काटकर जख्मी करते हुए जंगल की ओर भाग गया।

## न्यूज बॉक्स

### बीडीओ ने प्रखंड कर्मियों को संविधान रक्षा की शपथ दिलायी

**रमना।** प्रखंड के सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों में संविधान दिवस मंगलवार को मनाया गया। प्रखंड भवन में सीओ सह बीडीओ विकास कुमार पांडेय ने प्रखंड सह-अंचल कर्मियो को संविधान की रक्षा की शपथ दिलाई। मौके पर प्रधान सहायक रामानुज शुक्ल, कल्याण पदाधिकारी राहुल प्रकाश, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष नागेंद्र सिंह इत्यादि शामिल थे। प्रखंड के पंचायतों में सरकार के निर्देश के आलोक में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। मड़वानिया, पंचायत सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन मुखिया स्वीटी वर्मा व पंचायत सचिव सुमन कुमारी ने संयुक्त रूप से संविधान निमार्ता डॉक्टर भीम राव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। तत्पश्चात उपस्थित ग्रामीणों को संविधान की रक्षा की शपथ दिलाई गई। इसके बाद ग्राम सभा की ओर से पंचायत के विकास से संबंधित कई प्रस्ताव पारित किया गया। मौके पर श्याम बिहारी यादव,अलीजान अंसारी, पारस पांडेय,हरिहर प्रजापति, सतेंद्र यादव,विवेकानंद राम इत्यादि शामिल थे।

### थाना में संविधान दिवस का आयोजन

**केतार।** थाना में परिसर में मंगलवार को थाना प्रभारी अरूण कुमार रवानी के नेतृत्व में संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर थाना में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी व कर्मियों ने संविधान की प्रस्तावना को पढ़ा व संविधान की रक्षा और सम्मान करने की शपथ लिया। थाना प्रभारी अरूण कुमार रवानी ने कहा कि 26 नवंबर का दिन भारत का संविधान दिवस के तौर पर मनाया जाता है। इस दिन राष्ट्रीय कानून दिवस भी होता है। इसलिए हर भारतीय के लिए 26 नवंबर का दिन खास होता है। उन्होंने कहा कि संविधान समाज और किसी धर्म विशेष के लिए नहीं है। बल्कि पूरे देश वासियों के लिए है।

### संविधान की जानकारी सभी को रखना चाहिए: लल्लू राम

**भवनाथपुर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के तत्वावधान में मंगलवार को भवनाथपुर प्रखंड कार्यालय में भारत का संविधान दिवस मनाया गया। मौके पर झामुमो कार्यकर्ताओं ने संविधान की प्रस्तावना को पढ़कर शपथ लिया। कार्यक्रम में झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष लल्लू राम ने संविधान पर चर्चा करते हुए कहा कि भारतीय संविधान सभी ग्रंथों का एक महाग्रंथ है। संविधान धर्म निरपेक्ष लोकतंत्र है। संविधान की चर्चा हर घर में होनी चाहिए, हर घरों में संविधान होना चाहिए और अनुच्छेदों के बारे में सबको जानकारी रखना चाहिए, ताकि किसी भी कार्य को करने से पहले गलत और सही का एहसास हो। संविधान की जानकारी नहीं रहने के कारण इस देश में लोग कानून की धज्जियां उड़ा रहे हैं, देश में कुछ राजनीतिक दल भारतीय संविधान को बदलना चाहते हैं, लेकिन उनके मंसूबे पर कामयाबी नहीं मिल रही है, और हमारे लोग भी उनके राग में राग मिला रहे हैं, वें यह नहीं जानते हैं, कि हम अपने पैर में कुल्हाड़ी मार रहे हैं। इस अवसर पर सूर्यदेव राउत, सलाहुद्दीन अंसारी, बृजेश कुमार सिंह, राजकुमार राउत, विजय राउत, रामसुंदर दास, जमुना पासवान, अशोक राउत उर्फ बूटा सिंह, अजमुद्दीन अंसारी, शमशेर अंसारी, अजय गुप्ता, सुशीला देवी, निशा देवी, प्रभा देवी, संजय पासवान, कामेश्वर राम आदि उपस्थित थे।

### छात्र-छात्राओं ने संविधान दिवस पर ली शपथ

**चिनियां।** मुख्यालय स्थित उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रांगण में मंगलवार को संविधान दिवस को धूमधाम से मनाया गया। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य समीर राज ने कहा कि भारत में हर साल 26 नवंबर के दिन को राष्ट्रीय संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन साल 1949 में पहली बार भारतीय संविधान को अपनाए जाने का प्रतीक है। संविधान बनाने में 2 साल, 11 महीना, 18 दिन लगा था। 26 जनवरी 1950 को संविधान लागू हुआ, जिससे भारत एक संप्रभु गणराज्य बन गया। डॉ. भीमराव अंबेडकर को भारतीय संविधान के जनक के रूप में जाना जाता है। संविधान सभा की पहली बैठक 9 दिसंबर 1946 को हुई थी। यह संविधान निर्माण की शुरूआत थी। संविधान में पहला संशोधन साल 1951 में हुआ और तब से संविधान में बदलाव होते रहे हैं। संविधान सभी नागरिकों को मौलिक अधिकारों और स्वतंत्रता की गारंटी देने के साथ सरकार व उसके कार्यों की रूपरेखा स्थापित करता है। राष्ट्रीय संविधान दिवस संविधान के मूल्यों- न्याय, समानता और विविधता में एकता का महत्व याद दिलाता है। यह दिन नागरिकों को लोकतांत्रिक सिद्धांतों का सम्मान करने और उन्हें बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित करता है।इस दिन को मनाने के लिए स्कूलों और संस्थानों में विभिन्न समारोह और कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। संविधान से पहले भारत में सत्ता का स्वरूप कुछ और था, संविधान के बाद का देश-एक नया भारत बना। इसका सम्मान और पालन करना हर भारतीय का कर्तव्य है क्योंकि इस बारे में बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने एक चेतावनी देते हुए कहा था कि अगर संविधान को लागू करने वाले लोग ठीक नहीं रहे तो यह केवल कागजों का पुलिंदा बनकर रह जाएगा। मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य अब्दुल मनान, विश्वास प्रसाद, सुरेंद्र प्रसाद, विद्यालय के सभी शिक्षक,शिक्षिकाएं मौजूद थे।

### प्रखंड कर्मियों ने संविधान की प्रस्तावना का पाठ किया

**श्रीबंशीधर नगर।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को संविधान दिवस के अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी रौशन कुमार की अध्यक्षता में सभी प्रखंड कर्मियों एवं उपस्थित ग्रामीणों ने संविधान की प्रस्तावना का पाठ किया। इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगो ने संविधान के प्रति सच्ची निष्ठा रखने, संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों एवं कर्तव्यों का निर्वहन करने संबंधी शपथ लिया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि आज ही के दिन हमारा संविधान 2 साल 11 माह 18 दिन के पश्चात दिनांक 26.11.1949 को पारित किया गया था तथा दिनांक 26.01.1950 को लागू कर दिया गया था।आज के दिन संविधान के पारित किये जाने के कारण हम सभी प्रत्येक वर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाते है।कार्यक्रम में प्रखंड कार्यालय के प्रधान सहायक अनिल कुमार सिंह, प्रभारी प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी बिरेन्द्र कुमार सिंह, जनसेवक विकास कुमार, प्रखंड समन्वयक पंचायती कौशल कुमार, नाजीर बृजवासिनी कुमारी, ग्राम सेविका उषा देवी,मनरेगा अकाउंटेंट नागेंद्र कुमार,सहायक मनोज कुमार, वेद प्रकाश,कंप्यूटर ऑपरेटर साधना कुमारी, रोहित कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### अमृत सरोवर स्थल पर मनाया गया संविधान दिवस

**मेराल।** प्रखंड मुख्यालय के ग्राम पंचायत मेराल पूर्वी नेनुआ मोड दक्षिण टोला में मनरेगा से बने अमृत सरोवर के पास मंगलवार को संविधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुखिया रामसागर महतो की अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन किया गया जिसमें कई योजनाएं पारित की गई। मौके पर पंचायत सचिव रामनाथ चौधरी एवं पंचायती राज के पदाधिकारी प्रियंका के द्वारा मनरेगा योजनाओं की विस्तृत जानकारी ग्रामीणों को दी गई साथ ही संविधान के प्रस्तावना को पढ़कर लोगों को उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों के महत्व को समझाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उप मुखिया अलीशेर अंसारी, वार्ड सदस्य दिनेश कुमार मेहता, रहमुद्दीन अंसारी, रामकुमार महतो, राही अंसारी, संजय महतो सहित कई ग्रामीण थे।

# अवैध लकड़ी के साथ 7 गिरफ्तार



नवीन मेल संवाददाता

**बरवाडीह।** लातेहार जिले के बरवाडीह के छिपादोहर थाना पुलिस व वन विभाग की संयुक्त कार्रवाई में एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। संयुक्त अभियान में मंगलवार की अहली सुबह थाना क्षेत्र के हेहेगड़ा के मंगरधारी वन क्षेत्र में 13 पीस अवैध साल (सखुआ) के बोटा के साथ सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। छिपादोहर थाना प्रभारी धीरज कुमार सिंह ने बताया कि वन विभाग के अधिकारियों को सूचना मिली थी कि हेहेगड़ा वन क्षेत्र से अवैध तरीके से कीमती इमारती लकड़ियों की कटाई की जा रही है और उसे बाहर बेचा जा रहा है। सूचना के बाद वन विभाग और छिपादोहर पुलिस संयुक्त छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान हेहेगड़ा के मंगरधारी वन क्षेत्र में कुछ लोगों को साइकिल पर कीमती लकड़ी ढ़ोते देखा गया। पुलिस ने वहां मौजूद सभी सात लोगों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार लोगों में कमलेश यादव, कृष्णा यादव, चंद्रदेव यादव, सोनू यादव, नागेंद्र यादव व लालू यादव का नाम शामिल है। सभी छिपादोहर थाना क्षेत्र के चुंगरू पंचायत के चकलवा गांव के रहने वाले हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि उनके पास से सात बोटा व सात साइकिल जब्त किया गया है। छापेमारी अभियान में थाना प्रभारी धीरज कुमार सिंह के अलावा एसआई रितेश कुमार राव,सरोज दास, एएसआई राजेश कुमार, प्रभारी वनपाल नंदलाल साहू, नवीन प्रसाद गुप्ता, रामनिवास, वनरक्षी अमित प्रसाद, अमर कुमार बड़ाइक, अभिषेक कुमार, दिलीप कुमार, राहुल कुमार दास व सत्यनारायण उरांव समेत पुलिस के कई जवान शामिल थे।

## संविधान दिवस, बाबा साहब को किया याद

**बारियातू।** प्रखंड स्थित नचना सरना भवन मे मंगलवार को प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी की अध्यक्षता मे संविधान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन राजू रामवृक्ष लोहरा व संजय राम ने किया। अध्यक्षता कर रहे प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, रांची की वक्ता शम्भू शंकर गुरु जयराम दा, चंदवा प्रमुख राजू उरांव, प्रेम गंझू, पूर्व मुखिया प्रमोद उरांव, विजय भुइयां, संजय कुमार रवि, नंदू उरांव, रविदास समाज प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार राम, मुखिया केदार गंझु, दुलारचंद पासवान, कैलाश राम, सिआई अनिल होरो,प्रधान सहायक कपिल देव सिंह, राजस्व कर्मचारी नंददेव राम, राजू राम सहित अन्य अतिथियों ने द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम के पूर्व अतिथियों को बैच व अंग वस्त्र व संविधान की पुस्तक देकर सम्मानित किया गया।

## न्यूज बॉक्स

### टेंपो मोटरसाइकिल टक्कर में चार घायल, एक गंभीर

**बरवाडीह (लातेहार)।** बरवाडीह थाना क्षेत्र के बरवाडीह-मेदिनीनगर मुख्य पथ स्थित कुल्ही नाला शिव मंदिर के पास टेंपो और मोटरसाइकिल की आमने-सामने की टक्कर में टेंपो चालक व मोटरसाइकिल चालक समेत चार लोग घायल हो गए। घायलों में अरविंद सिंह (27), देवलाल सिंह, (18), श्रवण सिंह, (22), रमेश सिंह (35) सभी पांकी घायल हो गए। इनमें अरविंद सिंह की हालत गंभीर बताई जा रही है। उसे रेफर कर दिया गया है। सभी घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से एंबुलेंस के माध्यम से नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरवाडीह भर्ती कराया गया। डॉ, अनुपमा एक्का, ड्रेसर राजेश चंद्र (बबलू), एएनएम आरती रजनी सुरीन, माधुरी कुमारी समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा उपचार किया जा रहा है। सड़क दुर्घटना की खबर सुन कांग्रेस नेता सह विधायक पुत्र विजय बहादुर सिंह, अंचल निरीक्षक सुरेश राम अस्पताल पहुचें और अपनी देखरेख में प्राथमिक उपचार कराया। कुछ लोगों ने बताया की टेंपो डालटनगंज से बरवाडीह की ओर आ रही थी। बाइक सवार बरवाडीह से डालटनगंज की और जा रहा था। घटना के बाद बरवाडीह पुलिस की टीम मौके पर पहुंच कर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

### निर्धारित दर से तीन से चार गुणा अधिक दर पर लोग खरीद रहें बालू

**महुआडांड।** प्रखंड के किसी बालू घाट में बालू का उठाव नहीं शुरू किया गया है और न ही इसे लेकर कोई सार्थक पहल ही की जा रही है। इस कारण पीएम आवास, अबुआ आवास समेत सभी सरकारी और निजी विकास कार्य योजना पूरी तरह से प्रभावित हो चुकी हैं। बालू का उठाव नहीं होने से बिचौलिए तबके के लोग इसका भरपूर फायदा उठा रहें हैं। बाजार में मनमाने 3 से 4 गुणा उच्चें दामो पर नदी घाट से बालू उठाकर बालू बेचा जा रहा है। इससे राज्य सरकार के राजस्व की क्षति हो रही है। दूसरी ओर लोगों उच्चे दामों पर बालू खरीद रहे हैं। इस संबंध में लातेहार जिला खनन पदाधिकारी नदीम सैफी ने कहा कि बालू घाट समिति द्वारा चलान का पिछले वर्ष का बकाया पैसा अब तक नहीं जमा करने के कारण विलंब हो रहा है। जैसे ही वह पैसा जमा करते हैं। बालू घाट से बालू उठाव का निर्देश दे दिया जायेगा। चोरी कर बालू घाट से बालू उठाव करने से घाटा भी हो जा रहा है। उन्होंने बताया कि बालू घाट से बालू उठाने का निर्देश नहीं मिलने से सबसे बड़ा नुकसान आम गरीब लोगों को हो रहा है। उन्हे निर्धारित रेट से तीन से चार गुणा अधिक मूल्य चुका कर बालू खरीदना पड़ रहा है। इसका फायदा बिचौलिए उठा रहे हैं।

### हाथियों के झुंड ने भैंस को किया घायल

**चंदवा।** प्रखंड क्षेत्र में हाथियों का आतंक जारी है। हाथी क्षेत्र में उत्पात मचाते रहते हैं, जिससे ग्रामीणों में हमेशा भय बना रहता है। सोमवार की रात भी माल्हन पंचायत के मरमर गांव में हाथियों का झुंड आ धमका और घर के बाहर खूंटे पर बंधे धनेश्वर मुंडा के भैंस को घायल कर दिया। भैंस के चिल्लाने की आवाज सुन गांव वाले जग गए और हाथियों को भगाने का प्रयास किया। थोड़ी देर बाद हाथी जंगल की ओर निकल गए। गांव में हाथियों के आगमन की सूचना मिलते ही ग्रामीण दहशत में आ गए। बता दें कि प्रखंड के चकला,जमीरा, माल्हन,बरवाटोली आदि क्षेत्रों में लगातार जंगली हाथियों का विचरण होता रहता है। जंगली हाथियों के झुंड ने अबतक कई लोगों की जान ले ली है और सैकड़ों किसानों के जान माल की भी क्षति पहुंचाई है।

## संविधान नियमों और कानूनों का एक समूह है : प्रधान न्यायाधीश



नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** झालसा के निर्देशानुसार, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में व्यवहार न्यायालय में संविधान दिवस मनाया गया। मौके पर जिला के न्यायिक पदाधिकारी, अधिवक्ता, व्यवहार न्यायालय के कर्मचारी, पारा लीगल वालंटियर ने संविधान के उद्देशिका को पढ़ा। मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह ने कहा कि भारत का संविधान भारत के लोकतांत्रिक, धर्मनिरपेक्ष, समतावादी ढांचे को परिभाषित करने वाला आधरभूत दस्तावेज है। हमारा संविधान नियमों और कानूनों का एक समूह है जो किसी देश के संचालन और नियंत्रण को विनियमित करता है। भारत सरकार के राजनीतिक सिद्धांत, अभ्यास और शक्तियां संविधान पर ही आधारित हैं। उन्होंने कहा कि देश का एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते हमारा यह कर्तव्य है कि हम अपने संविधान का सम्मान करें। देश आजाद होने के बाद हर भारतीय नागरिक संविधान द्वारा उसे दिये गये मौलिक अधिकारों का आंनद लेते आ रहा है। लेकिन इसके साथ साथ देश के कानून का पालन करने और संविधान में दिये गये मौलिक कर्तव्यों को निभाने का भी संकल्प लेना चाहिए। उन्होने कहा कि अपने कर्तव्य पथ पर चलते हुए ही हम देश को विकास की नई उंच्चाई पर ले जा सकते हैं। मौके पर सभी न्यायिक पदाधिकारी, बार एसोसिएशन के अधिवक्ता, व्यवहार न्यायालय के कर्मचारीव पीएलवी के सदस्य मौजूद थे।

## मेला ऐतिहासिक धरोहर व विरासत है : जिप उपाध्यक्ष



नवीन मेल संवाददाता

**बालूमाथ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित मुर्गा मोड़ के पास कार्तिक पूर्णिमा पशु मेला का उद्घाटन जिप उपाध्यक्ष अनीता देवी ने वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ विधिवत तरीके से किया। बता दें कि यह मेला कार्तिक माह में ही लगता था, लेकिन विधानसभा चुनाव की घोषणा हो जाने के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था। उद्घाटन के बाद अनीता देवी ने कहा कि यह मेला बालूमाथ का ऐतिहासिक धरोहर व विरासत है, जो वर्षों पूर्व से यहां लगता आ रहा है। यह एक प्रसिद्ध मेला है, जहां दूर दराज से क्रेता व विक्रेता आते हैं। विभिन्न प्रकार की पशुओं की कई नस्ल मेला में देखने को नजर आ जाएंगी। अन्य राज्यों से भी व्यापारी इस मेले में अपनी सहभागिता निभाते हैं। मेला एक उत्सव का मंच है, जहां व्यापार के साथ ही त्यौहार की भांति उल्लास पूर्ण वातावरण होता है। बच्चे बच्चियों से लेकर बड़े बुजुर्ग भी शौक से मेले में घूमने आते हैं। बालूमाथ मेला में बच्चों के मनोरंजन के लिए बहुत सारे झूला व अन्य चीजें मौजूद हैं। जिप उपाध्यक्ष ने कहा कि बालूमाथ मेला का आकर्षण लखठो है, जिसकी मांग पूरे राज्य में दूर-दूर तक है। पहले यह मेला सड़क के किनारे खाली स्थान में लगाया जाता था। आज स्थान की कमी के कारण मेला अपने संकट के दौर से गुजर रहा है। प्रशासन को इस ओर ध्यान देने की आवश्यकता है, ताकि यह ऐतिहासिक धरोहर अपनी पहचान कायम रखने में सक्षम हो सके।

## संविधान दिवस पर याद किये गये बीआर अंबेडकर

**लातेहार।** बनवारी साहू महाविद्यालय में राष्ट्रीय योजना सेवा एनएसएस के तत्वावधान में मंगलवार के संविधान दिवस मनाया गया। मौके पर प्राचार्य प्रो. पीके मिश्रा व एनएसएस के नोडल अधिकारी नवल किशोर प्रसाद समेत अन्य लोगों ने संविधान निमार्ता बाबा भीमराम अंबेडकर के तस्वीर पर माल्यापर्ण कर दीप जलाकर उद्घाटन किया गया। मौके पर प्राचार्य ने कहा कि 26 नवंबर 1949 के दिन ही भारतीय संविधान के अंतिम संस्करण को कुछ बदलाव के साथ अपनाया गया था। बाद में सामााजिक न्याय मंत्रालय द्वारा लोगों को संवैधानिक मूल्यों की जानकारी देने के लिए 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। डॉ. भीमराव आंबेडकर की 125वीं जयंती के अवसर पर 2015 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संविधान दिवस मनाने की शुरूआत की थी। प्रो. नवल किशोर प्रसाद ने कहा कि संविधान सभा ने भारत के संविधान को 2 वर्ष 11 माह 18 दिन में 26 नवम्बर 1949 को पूरा कर राष्ट्र को समर्पित किया था। भारत में 26 जनवरी 1950 से संविधान लागू किया गया। इसे हम गणतंत्र दिवस के रूप में मनाते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित महाविद्यालय कर्मचारी, छात्र, छात्राओं ने संविधान की रक्षा करने की शपथ ली। मौके पर प्रो. शत्रुघ्न मेहता, प्रधान सहायक रेणु कुमारी, अनुपम मिश्रा, बृजकिशोर प्रसाद, शिव कुमार तिवारी, चंदन कुमार समेंत महाविद्यालय कई कर्मचारी आदि उपस्थित थे।

### संविधान दिवस पर शपथ दिलायी गयी

**महुआडांड़।** नेतरहाट आवासीय विद्यालय में मंगलवार 26 नवंबर को भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूरे होने पर राजनीति विज्ञान विभाग की ओर से संविधान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत संविधान की प्रस्तावना को राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष मुकेश कुमार ने पढ़कर शपथ दिलायी। इंटर कला के छात्र रजनीकांत ने भाषण दिया। इंटर प्रथम वर्ष कला के अभिषेक व मुकेश ने पीपीटी के माध्यम से संविधान के प्रमुख संशोधन पर प्रकाश डाला। छात्र शशि, अमन ने अपने विचार व्यक्त किया। इंटर द्वितीय वर्ष के छात्र अंकित ने पीपीटी के माध्यम से संविधान सभा के इतिहास और संविधान के महत्व को रेखांकित किया। वरीय शिक्षक अंशुमान चटर्जी ने संविधान की प्रासंगिकता बतलायी। प्राचार्य संतोष कुमार ने संविधान पढ़ने के महत्व को बताया। अंत में इतिहास शिक्षिका कनुप्रिया ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने कार्यक्रम का आयोजन



**मयूरहंड (चतरा)।** झालसा रांची के निर्देश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चतरा के मार्गदर्शन में मयूरहंड प्रखण्ड के पुरैनी विद्यालय में संविधान दिवस के अवसर पर अधिकार मित्र दयानन्द कुमार शर्मा, मोजाहीर हुसैन द्वारा संविधान की प्रस्तावना की पाठ पढ़ा। उन्होंने संविधान के प्रदत अधिकारों, सड़क सुरक्षा, नशा उन्मूलन, सामाजिक कुप्रथा मिटाने तथा अन्य कल्याणकारी योजनाओं के बारे में उपस्थित छात्र छात्राएं को जानकारी दी। कानूनी जानकारी के लिए 15100 तथा 1098 टॉल फ्री नंबर के बारे में जानकारी दी गई। मौके पर प्रधानाध्यापक विकाश कुमार सिंह, विनय कुमार, राम जीवन कुमार के अलावा शिक्षक, छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## संविधान दिवस पर पदाधिकारियों व कर्मियों ने लिया संविधान के अनुपालन का संकल्प

● **समाहरणालय परिसर में उपायुक्त ने संविधान के उद्देशिका को पढ़कर पदाधिकारियों व कर्मियों को अनुपालन का दिलाया संकल्प**

**चतरा।** संविधान दिवस पर जिला मुख्यालय एवं सभी प्रखंड मुख्यालयों के वरीय पदाधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा संविधान के अनुपालन हेतु शपथ लिया गया। समाहरणालय परिसर में उपायुक्त रमेश घोलप, वरीय पदाधिकारियों, कार्यालय के अधिकारियों व कर्मियों ने संविधान द्वारा दिए अधिकारों व दायित्वों का ईमानदारी से अनुपालन करने का संकल्प लिया।

उक्त अवसर पर सर्वप्रथम उपायुक्त श्री घोलप एवं जिले के वरीय अधिकारियों कर्मियों द्वारा भारत के संविधान निमार्ता बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के फोटो पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। समाहरणालय में पदस्थापित पदाधिकारी, अधिकारी एवं कर्मियों ने भारत के संविधान उद्देशिका को पढ़ा कि हम भारत के लोग, भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को न्याय, सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त करने के लिए तथा, उन सबमें व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखण्डता सुनिश्चित करनेवाली बंधुता बढाने के लिए, दृढ संकल्प होकर अपनी इस संविधान को आत्मार्पित करते हैं। मौके पर मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, डीआरडीए निदेशक अलका कुमारी, जिला खनन पदाधिकारी मनोज टोप्पो, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शकील अहमद, जिला खेल पदाधिकारी तुषार रॉय समेत अन्य विभागों के पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

## बालूमाथ में संविधान दिवस मना



**बालूमाथ।** प्रखंड कार्यालय सहित पंचायत भवन सहित अन्य जगहों पर संविधान दिवस मनाया गया। इस दौरान विभिन्न राजनीतिक पार्टी के कार्यकर्ता व प्रशासनिक अधिकारी संविधान निमार्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर कैंडल जला कर नमन किया। डॉ. भीमराव अंबेडकर को याद कर उनके कृत पर चर्चा की। इस दौरान बीडीओ सोमा उरांव ने कहा कि आज ही के दिन संविधान सभा द्वारा संविधान के प्रारूप को अंगीकृत किया गया था आज का दिन बहुत ही खास है। मौके पर राजीव रंजन,मुखिया नेरश लोहरा,उप मुखिया अमित गुप्ता, एइ दिनेश कुमार,जेइ शशि भूषण उरांव, गोलू केशरी, श्याम सुंदर यादव, दिलीप रजक, गोपाल राम, ब्रह्देव राम, सागर कुमार, मो. अजलम हुसैन, मो. एराज खान, ममता देवी, सोनू कुमार सहित कई लोग शामिल थे।

### विद्यालयों में संविधान प्रस्तावना की शपथ दिलायी गयी

**मयूरहंड (चतरा)।** संविधान दिवस मंगलवार को विभिन्न स्थानों पर मनाया गया। मौक पर सक्ताओं ने कहा कि देश के लोकतांत्रिक ढांचे की आधारशिला के रूप में हमारे मूल्यों की याद दिलाता है। इस ऐतिहासिक दिन को यादगार बनाने के लिए मयूरहंड प्रखंड मुख्यालय,थाना परिसर के अलावा महत्वपूर्ण स्थल अमृत सरोवरों पर संविधान दिवस मनाया गया। इसके अलावा सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों में भी संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई गई।


**कार्यालय जिला दण्डाधिकारी–सह–उपायुक्त, पलामू।**
**(जिला शस्त्र शाखा)**
दूरभाष सं0–06562–224033 (का)/224044(आ) Email Id: dc-pal@nic.in

**आम–सूचना**

विधानसभा आम चुनाव, 2024 की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। आदर्श आचार संहिता समाप्ति की घोषणा के फलस्वरूप पलामू जिला में पंजीकृत शस्त्र अनुज्ञप्ति पर धारित शस्त्रों को स्थानीय थानें/शस्त्रागार दूकान में जमा शस्त्र को मुक्त किया जाता है। सभी अनुज्ञप्तिधारी अपने जमा शस्त्रों को स्थानीय थाना/शस्त्रागार दूकान से प्राप्त कर लें।

ह0/–
उपायुक्त, पलामू।

PR 340394 (Palamu) 24-25 (D)



**जिला विधिक सेवा प्राधिकार, (व्यवहार न्यायलय परिसर पलामू)**
**फोन नं0 8757269596**

झारखण्ड़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, राँची के पत्रांक 3529 दिनांक 22/11/2024 के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पलामू में 10 (दस) पारा लीगल वोलेनटियर का चयन केवल **कार्यरत या सेवा निवृत शिक्षक/कार्यरत या सेवानिवृत चिकित्सक,/कार्यरत या सेवानिवृत सेना के जवान/ट्रांसजेंडर (Transgender)** में से किया जाना है।

**महत्वपूर्ण निर्देश:–**

1. आवेदक की निम्नतम आयु 01/01/2024 तक 18 वर्ष होनी चाहिए।
2. आवेदक की निम्नतम् शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक के साथ अच्छे नैतिक चरित्र का होना अनिवार्य है एवं किसी आपराधिक मामले या किसी राजनीतिक संगठन के साथ संबद्ध नहीं होना चाहिए।
3. आवेदक को हस्त लिखित आवेदन दिये गये प्रारूप में दो पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ (एक आवेदन में चिपकाये जाने के लिए) के साथ आवेदन करना अनिवार्य है और आवेदन को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश–सह–अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पलामू (व्यवहार न्यायलय परिसर) के पते पर कार्यालय अवधि में पूर्वाह्न 10:30 बजे से अपराह्न 04:30 बजे तक दिनांक **06/12/2024** तक निबंधित डाक द्वारा अथवा हाथों हाथ जमा करना होगा।
4. अपूर्ण या अधूरे भरे हुए आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।
5. पारा लीगल वोलेनटियर का **चयन केवल कार्यरत या सेवा निवृत शिक्षक/कार्यरत या सेवानिवृत चिकित्सक,/कार्यरत या सेवानिवृत सेना के जवान/ट्रांसजेंडर (Transgender)** में से किया जाएगा।
6. पी0 एल0 वी0 के रूप में कार्य हेतू करूणा, सहानुभूति और तत्परता के साथ जरूरतमंदो की सहायता करने के लिए एवं समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान की मानसिकता होनी चाहिए।
7. झारखण्ड़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, राँची द्वारा निर्धारित मानदेय को छोड़कर कोई अन्य वेतन या पारिश्रमिक पी0 एल0 वी0 को उसके कार्य हेतू नहीं मिलता है।
8. पी0 एल0 वी0 के लिए चुने गये उम्मीदवारों को आमलोगों और कानूनी सेवा संस्थानों, सरकारी कार्यालयों के बीच सेतु के रूप में कार्य करना होगा और उसे जिले की स्थानीय भाषाओं की जानकारी होनी चाहिए।
9. आवेदकों को शैक्षणिक योग्यता, जाति प्रमाणपत्र, जन्म तिथि इत्यादि के समर्थन में प्रमाणपत्रों एवं पहचान पत्र आधार कार्ड/वोटर कार्ड आदि की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति आवेदन के साथ जमा करना होगा।
10. आवेदक को लिफाफे के उपर स्पष्ट रूप से लिखना होगा कि आवेदन पारा लीगल वोलेन्टियर के हेतू समर्पित किया जाता है।

**पारा लीगल वोलेन्टियर हेतू आवेदन प्रपत्र**

1. अभ्यर्थी का नाम:–
2. पिता/पति का नाम:–
3. माता का नाम:–
4. जन्म तिथि, दिन/माह/वार्श
5. लिंग:–
6. जाति:–
7. जन जाति/स्थानीय भाशा का ज्ञान:–
8. उच्चतम शैक्षणिक योग्यता:–
9. वर्तमान या पूर्व सेवा का विवरण:–
10. स्थानीय पता और संपर्क:–
11. स्थायी पता:–
12. मोबाईल नम्बर:–

**घोषणा :–**

मैं ................................ घोषणा करता/करती हूँ कि:

(क) मेरे विरूद्ध किसी न्यायालय में कोई भी आपराधिक मामला लंबित नहीं है ना ही मैं सक्षम न्यायालय द्वारा कभी दोषसिद्ध हुआ/हुई हूँ।

(ख) मैं जिला विधिक सेवा प्राधिकार, व्यवहार न्यायलय परिसर पलामू द्वारा प्रदत्त कार्यों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा एवं सदभावना पूर्वक झारखण्ड़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, राँची द्वारा निर्धारित मानदेय पर करूँगा/करूँगी।

**स्थान :**
**दिनांक :** **अभ्यर्थी का हस्ताक्षर**

**नोट:– साक्षात्कार की संभावित तिथि 09 दिसंबर से 11 दिसंबर 2024 है।**
**इसकी सूचना व्यवहार न्यायालय के Website https://palamu.dcourts.gov.in पर दी जाएगी।**
**अलग से प्रवेश पत्र जारी नहीं किया जाएगा।**

आदेशानुसार
प्रधान जिला एंव सत्र न्यायाधीश–सह अध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पलामू।

PR 340330 (Palamu) 24-25 (D)


# जेंडर आधारित नई चेतना अभियान को लेकर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन




नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** प्रखंड कार्यालय सभागार में पलाश जेएसएलपीएस जिला मिशन प्रबंधन इकाई लातेहार के तत्वावधान में जेंडर आधारित नई चेतना (पहल बदलाव की) को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अलका हेमब्रेम,बाल विकास परियोजना पदाधिकारी लातेहार, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी संतोष कुमार, जिला प्रबंधक रोजालिया लकड़ा, आंगनबाड़ी सेविका दीदियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने जेंडर से संबंधित हिंसा को बहुत ही सरल एवं सहज भाषा में बताया। कहा कि हिंसा तो हमारे घर से ही रोजाना शुरूआत होती है जिसपर अंकुश लगाना हमलोगों की पहली प्राथमिकता है, दूसरों को जागरूक कर सकते हैं। साथ ही रोजाना के जीवन शैली के आधार पर बहुत ही सरल भाषा में जानकारी उपलब्ध कराई गई। इसके तहत कैसे हम सभी मिलकर जेंडर आधारित महिलाओं, बच्चों पर हिंसा पर जागरूकता ला सकते हैं। साथ ही उस पर अंकुश लगा सकते हैं। समाज कल्याण विभाग से मिलने वाली महिलाओं व बच्चों के लिए सरकारी योजनाओं को विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई। पलाश जेएसएलपीएस के सहयोग से इन तक शत प्रतिशत लाभ पहुंचाने के लिए अपील की गई। जिला कार्यक्रम प्रबंधक संतोष कुमार ने बताया कि नई चेतना अभियान 25 नवंबर से 23 दिसंबर 2024 तक चलाया जायेगा। अभियान के तहत आंगनबाड़ी सेविकाओं से समन्वय स्थापित कर धरातल पर काम करने की आवश्यकता बल दिया जायेगा, ताकि इस कुरीतियां से महिलाओं और बच्चों को बचाया जा सके। डीपीएम संतोष कुमार ने पूरे एक माह के अभियान का प्रतिदिन का रोड मैप को लेकर विस्तार पूर्वक पीपीटी के माध्यम से बताया। कार्यशाला में मुख्य रूप से पलाश जेएसएलपीएस के सभी प्रखंडों के प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक, सामुदायिक समन्वयक, पीआरपी,क्लस्टर मैनेजर, लातेहार प्रखंड के सभी आंगनबाड़ी सेविकाएं मौजूद थे।

## झाड़ी से युवक का शव मिला, हत्या की आशंका

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के डुड़ंगी गांव के पास झाड़ियों में मंगलवार को सड़क किनारे संदिग्ध अवस्था में एक युवक का शव बरामद किया गया है। उसकी पहचान लातेहार सदर थाना क्षेत्र के चाणक्य नगरी निवासी राम लोहरा (30) पिता बलराम लोहरा के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया। जानकारी मिलते ही मृतक के परिजन सदर अस्पताल पहुंचे। मृत युवक के सिर पर चोट के गहरे निशान मिले हैं। इससे परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। मृतक का एक 12 वर्षीय बेटा व एक 8 वर्षीय बेटी भी है। मृतक की पत्नी आशा देवी ने बताया कि हम लोग एक शादी समारोह में भाग लेने गए थे। रात में ही वह शादी समारोह से अचानक कहीं चले गए। मंगलवार की सुबह सूचना मिली कि उसका शव अस्पताल में पड़ा है। उन्होंने कहा कि उनके पति की हत्या कर शव को फेंक दिया गया है। थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिन्हा ने कहा कि युवक का बरामद किया गया है।

## उपायुक्त ने किया किस्को स्थित छात्रावास का निरीक्षण

# किए गये अन्य कार्यों की प्रगति की भी जानकारी ली और दिए निर्देश

*1.71 करोड़ रुपए की राशि से निर्मित 45 बेड के छात्रावास के इंडोर जिम का निरीक्षण किया*



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने मंगलवार को किस्को प्रखंड में नीति आयोग योजना मद अंतर्गत 1.71 करोड़ रुपए की राशि से निर्मित 45 बेड के छात्रावास के इंडोर जिम का निरीक्षण किया। इसका निर्माण ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा द्वारा किया गया है। उपायुक्त ने जिम में इस्तेमाल किये गये उपकरणों का भी अवलोकन किया। उपायुक्त ने कल्याण छात्रावास किस्को में किये गये अन्य कार्यों के प्रगति की भी जानकारी ली और आवश्यक निर्देश आइटीडीए परियोजना पदाधिकारी, कल्याण पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता को दिये। उपायुक्त द्वारा प्रखंड में संचालित प्रखंड स्तरीय पुस्तकालय के अद्यतन स्थिति की भी जानकारी ली और भौतिक निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिये। भ्रमण कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, जिला कल्याण पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी व अंचल अधिकारी किस्को, संबंधित विभाग के अभियंतागण आदि उपस्थित थे।

## संविधान दिवस पर पदाधिकारियों व कर्मियों को दिलायी गई शपथ




**लोहरदगा।** भारतीय संविधान दिवस (26 नवंबर) के मौके पर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने मंगलवार को समाहरणालय सभाकक्ष में सभी पदाधिकारियों व कर्मियों को शपथ दिलाया। उपायुक्त ने भारत देश को संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न समाजवादी, पंथ निरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा देश के समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करनेवाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़संकल्प होकर संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करने की शपथ दिलायी। यह शपथ कार्यक्रम जिला व प्रखंड के अन्य कार्यालय में भी आयोजित किया गया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, आइटीडीए परियोजना निदेशक, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी समेत जिला स्तरीय पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

## डीसी की अध्यक्षता में विभिन्न योजनाओं की हुई समीक्षा

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में विभिन्न योजनाओं की समीक्षा हुई। बैठक में बाईपास सड़क एवं अन्य भू-अर्जन से संबंधित योजना, कुडू एवं सदर प्रखंड में दीदी कैफे निर्माण, किस्को प्रखंड अंतर्गत सिलाई सेंटर, बीएस कॉलेज स्थित डिजिटल लाइब्रेरी, नये समाहरणालय भवन की अद्यतन स्थिति, किस्को/पेशरार प्रखंड में निर्माणाधीन आवासीय विद्यालय योजना, होमी जे० भाभा कोचिंग संस्थान में वर्चुअल कक्षाओं का संचालन, मिलेट प्रसंस्करण यूनिट, कुडू में निर्माणाधीन डेयरी प्लांट, कुडू में निर्माणाधीन तेल प्रसंस्करण यूनिट, किस्को प्रखंड में संचालित ब्रिकेट प्लांट, पेशरार में संचालित दरी कालीन प्लांट, मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना में भुगतान की अद्यतन स्थिति, मनरेगा योजना अंतर्गत मानव दिवस सृजन एवं चालू योजनाओं की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, भू-अर्जन पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी व अन्य उपस्थित थे।

## नवयुवक अम्बेडकर संघ ने संविधान दिवस मनाया



**नवीन मेल संवाददाता**

**कैरो।** कैरो प्रखंड मुख्यालय रविदास मुहल्ला में नवयुवक अम्बेडकर संघ कैरो के द्वारा संविधान दिवस मनाया गया। जिसमें नवयुवक अम्बेडकर संघ के अध्यक्ष संदीप रविदास ने संविधान दिवस पर प्रकाश डालते हुए बिल की आज के दिन पूरे राष्ट्र में सविधान दिवस मनाया जाता है। बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर के द्वारा 2 वर्ष 11 महीने 18 दिन सविधान लिखकर पूर्ण किया गया जो पूरे भारत वर्ष में लागू किया गया है। आज इस सविधान से भारत चल रहा है जो एक गर्व महसूस कराती हैं। वही सचिव मुन्ना राम के द्वारा शिक्षा में प्रकाश डालते हुए बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजने व अच्छे शिक्षा देने की बात कही। पूर्व वार्ड सदस्य बरजेश राम के द्वारा कार्यक्रम को समापन किया गया। मौके पर परदेशी राम, क्रान्ति कुमारी, डोली कुमारी, सुषमा कुमारी, जितबहान राम, समस्त रविदास परिवार उपस्थित थे।

## धोबी महासंघ की बैठक एक दिसंबर को रांची में

**कुडू।** झारखंड विधानसभा चुनाव में धोबी समाज से जुड़े दो प्रत्याशियों कांके से कांग्रेस की टिकट पर जीतने वाले सुरेश कुमार बैठा तथा झामुमो के टिकट पर चंदनकियारी विधानसभा सीट पर विजयी होने वाले उमाकांत रजक के सम्मान समारोह के सफल आयोजन को लेकर अखिल भारतीय धोबी महासंघ झारखंड प्रदेश की बैठक आगामी एक दिसंबर को रांची के जोहार रेस्टोरेंट में बैठक का आयोजन किया गया है। धोबी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष अवधेश बैठा तथा प्रदेश मीडीया प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि एक दिसंबर को रांची के बीआईटी मेसरा स्थित जोहार रेस्टोरेंट में दोपहर एक बजे से बैठक का आयोजन किया गया है। बैठक में प्रदेश के सभी पदधारी सभी जिला अध्यक्ष, सचिव तथा केन्द्रीय पदधारी शामिल होंगे। बैठक में दोनों विधायकों के सम्मान समारोह पर चर्चा होगी तथा दिसंबर माह में विधायकों का नागरिक अभिनंदन होगा। बैठक की तैयारियां जोरों से चल रही है।

## भाजपा ने 26/11 अटैक की बरसी मनाई




**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** भाजपा नगर अध्यक्ष सचिन कुमार की अगुवाई में नगर क्षेत्र के बरवाटोली चौक पर 26/11 अटैक की बरसी मनाई गई। वक्ताओं ने कहा कि साल 2008 में 26 नवंबर को देश की आर्थिक राजधानी कहे जाने वाले मुंबई शहर में बहुत बड़ा आतंकी हमला हुआ था. उस आतंकी हमले में करीब 166 मासूमों ने अपनी जान गंवाई थी. मंगलवार को इस घटना को पूरे 16 साल हो गए, पर वो खौफनाक यादें आज भी मुंबई ही नहीं, बल्कि हर देशवासी के मन में ताजा हैं. इस हमले को ‍26/11 अटैक‍ के नाम से याद किया जाता है. हमले की 16वीं बरसी पर भाजपा उन सभी बहादुर जवानों और आम नागरिकों की मौत पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। कहा कि 26 नवंबर 2008 को हुए इस आतंकी हमले ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया था. इस हमले में 18 सुरक्षाकर्मियों ने बहादुरी से लड़ते हुए अपनी जान गंवाई थी।मौके पर काली नायक, सुभाष कुमार सिंह, सरोज प्रजापति, अशोक कसकर, प्रद्युमन पाठक, सुशील पटनायक, सत्यम कुमार, चंदन नायक, नंदन नायक, राजा नायक, अमित नायक, राजकुमार नायक, सूरज नायक, सुंदर माली, रंजीत नायक, रोहित कुमार, रमन कुमार, अनु नायक, राजेश्वर सिंह, बबलू उरांव, दिलीप ठाकुर, प्रमोद प्रजापति, दीपक गुप्ता, अशोक कासकार, आशुतोष कुमार, उत्तम सिंह, दीपक कुमार, किशन नायक, सुदर्शन राज, नीरज साहू, संदीप साहू एवं इत्यादि बीजेपी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एक नजर

### कुडू बाजार से पारा शिक्षक की बाइक हुई चोरी

**कुडू - लोहरदगा।** कुडू थाना क्षेत्र के बाजारटांड़ स्थित साप्ताहित हाट से एक बाइक की अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली। उल्लेखनीय है कि आचार संहिता लगने के बाद से कुडू में बाइक चोरी की घटना पर विराम लग गया था। इधर चुनाव खत्म होते ही चोरी की घटना को अंजाम देकर चोरों ने बाइक पर हाथ साफ कर वापस काम पर लौटने के संकेत दे दिए हैं। इधर इस संबंध में बाइक स्वामी चंदवा थाना क्षेत्र के बेलांगी स्कुल के पारा शिक्षक धनेश्वर गंझू ने कुडू थाना में आवेदन देकर बताया है कि वह कुडू बाजार टांड़ स्थित साप्ताहिक हाट मे अपनी बाइक खड़ा कर सब्जी खरीद रहे थे, सब्जी खरीदकर आधे घंटे बाद लौटे तो देखा उनकी बाइक गायब थी। काफी खोजबीन करने पर भी उनकी बाइक नही मिली। पुलिस जांच कर रही है।

### व्यवहार न्यायालय लोहरदगा में संविधान दिवस मनाया गया




**लोहरदगा।** व्यवहार न्यायालय परिसर, लोहरदगा में 26 नवंबर 2024 को संविधान दिवस के अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा राजकमल मिश्रा की अध्यक्षता में संविधान की प्रस्तावना को पढ़ा गया। वहीं व्यवहार न्यायालय के सभी न्यायिक पदाधिकारियों व कर्मियों ने संविधान की प्रस्तावना को सस्वर दुहराया। वहीं प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार ने बताया कि भारत का संविधान 26 नवम्बर 1949 को बनकर पूरा हुआ था। यह संविधान ही स्वतंत्र भारत के नागरिकों को आजाद देश की नागरिक की भावना का एहसास कराता है। साथ ही संविधान में दिए मौलिक कर्तव्य में नागरिकों को उनकी जिम्मेदारियों को भी याद दिलाता है। मौके पर प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय श्री सुभाष, एडीजे प्रथम अखिलेश कुमार तिवारी, एडीजे द्वितीय नीरजा आसरी, सीजेएम कृष्ण कांत मिश्रा, एसडीजेएम अमित कुमार गुप्ता, कानूनी सहायता रक्षा परामर्श प्रणाली के अधिवक्तागण, कर्मी, पीएलवी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

### ट्रैक पार करने के दौरान हुआ हादसा



**नवीन मेल संवाददाता**

**कुडू।** लोहरदगा - टोरी रेलखंड के कमले स्टेशन से पूर्व रेलवे पोल संख्या 497 के समीप ट्रेन की चपेट में आने से एक अधेड़ की मौत हो गई है।मृतक की पहचान हेसल कारिटोली निवासी भोला उरांव 60 पिता स्व सुखदेव उरांव के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक मंगलवार की सुबह करीब दस बजे अपने गंतव्य की ओर जाने के लिए रेलवे ट्रैक पार कर रहा था। इसी समय लोहरदगा - रांची पैसेंजर ट्रेन संख्या 58658 की चपेट में आ गया और सिर सहित शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोट लगने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की खबर मिलते ही रेलवे व कुडू थाना पुलिस मौके पर पहुंची और चौकीदार शम्सुल अंसारी एवं अनिल उरांव के साथ लोहरदगा सदर अस्पताल भेजा गया। फिलहाल रेलवे और स्थानीय थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### हादसों का ट्रैक साबित हुआ है, लोहरदगा-टोरी रेलवे ट्रैक

ज्ञात हो कि इस रेल खंड पर पहला हादसा 20 अगस्त वर्ष 2017 हुआ। जिसमे कमले रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से उतरने के क्रम में कमले निवासी रामबृक्ष मुंडा के 21 वर्षीय पुत्र विनय मुंडा का दोनों पैर कट गया। 3 जनवरी 2018 को लोहरदगा रांची, टोरी पैसेंजर में चढ़ने के क्रम में गिरने से सिमडेगा जिले अंतर्गत बानो प्रखंड के गेरदा गांव निवासी मो. मनान के 14 वर्षीय पुत्र मो.अकिब की मौत हो गयी थी। 11 जुलाई 2019 को 20 वर्षीय एक अज्ञात युवक का शव मिला था जिसकी पहचान लातेहार जिले के मुरुप धोबियाझरना गांव निवासी लालदेव सिंह के 20 वर्षीय पुत्र रौशन कुमार सिंह के रूप में हुई थी। 6 जून 2021 की दोपहर करीब 3 बजे 27 न. पुलिस पिकेट के समीप लमटी टांड जंगल के बीच में एक महिला का शव मिला।

## संविधान दिवस पर याद किए गये बाबा साहब अंबेडकर

**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा।** प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित उच्च विद्यालय गगेया में 26 नवंबर को नेहरू युवा केंद के द्वारा संविधान दिवस मनाया गया। वही संविधान दिवस के अवसर पर संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ।भीम राव अंबेडकर को याद किया गया। संविधान दिवस के अवसर नेहरू युवा केन्द्र के राष्ट्रीय स्वयंसेवक आकाश कुमार साहू के द्वारा रैली, पौधारोपण, सफाई जैसे अनेको कार्यक्रम का आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक आलोक भगत ने छात्र छात्राओं को बताते हुए कहा कि देश को आजादी मिलने के उपरान्त राष्ट्र को सुचारू ढंग से चलने के लिये संविधान का निर्माण किया गया। भारत का संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है। जिसे 2 वर्ष 11 महीना 18 दिन में डॉ। भीमराव अंबेडकर ने अपने अन्य सहयोगियों के साथ मिल कर तैयार किया था।जो 26 नवम्बर 1949 को बन कर तैयार हुआ और 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया। इस लिये प्रत्येक वर्ष 26 नवम्बर को संविधान दिवस मनाया जाता है। साथ ही कहा अपना संविधान लागू होने के पश्चात ही हम सभी देश वासियों को स्वतंत्रता का अधिकार, रहन सहन, भाषा और बोली सहित समानता और मौलिक अधिकार प्राप्त हुआ। संविधान के अनुसार इस देश मे रहने वाले सभी नागरिकों के लिये नियम व अधिकार बराबर है। मौके पर लाल गौरव नाथ शाहदेव, आदित्य कुमार साहू, नवनीत प्रजापति, आकाश कुमार साहू सहित विद्यालय के शिक्षक शिक्षिका और छात्र छात्राएँ उपस्थित थे।

### संविधान दिवस पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन




**लोहरदगा।** लोहरदगा के ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के बैनर तले संविधान दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में डीएलएसए सचिव राजेश कुमार मुख्य रूप शामिल हुए। संविधान दिवस के मौके पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पेंटिंग में अमन रजा को प्रथम, आयुष कुमार को द्वितीय और पूजा उरांव को तृतीय स्थान मिला। इस मौके पर स्कूल की छात्र-छात्राएं के बीच स्पीच और क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्वीज प्रतियोगिता में टीम सी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। टीम सी में शिवांगी सिंह, सौरभ कुमार और अमन कुमार ने संविधान से संबंधित सवालों का जवाब बड़ी सुगमता के साथ दिया। स्पीच प्रतियोगिता में आर्शी सिफान प्रथम, स्मृति कुमारी द्वितीय, प्रवीण कुमार को तृतीय स्थान प्राप्त किया। मौके पर डीएलएसए सचिव राजेश कुमार ने कहा की संविधान हमें जीवन जीने का अधिकार देता है। संविधान में 39 ए प्रवाधान के तहत कानूनी सहायता प्रदान कर रही है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार सबसे नीचे की इकाई है लेकिन बहुत महत्वपूर्ण इकाई है। यह जरूरतमंद लोगों के बीच विधिक सहयोग प्रदान करता है। डीएलएसए लोक अदालत का आयोजन कराती है जहां सुलह के आधार पर मामलों का निष्पादन किया जाता है। हमें संविधान को पढ़ना और समझना चाहिए। पोक्सो एक्ट बच्चों को शारीरिक शोषण से हमारी रक्षा करने के लिए बनाया गया है।

## बननी है सड़क कहीं और, लेकिन बनाई जा रही कहीं और

*कुम्हरीया अंबाटोली से नही बनाकर कुम्हरिया महली टोली से बना रहा था सड़क*




**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरा।** भंडरा प्रखंड अंतर्गत अकाशी पंचायत में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत कुम्हरीया अंबाटोली से कसपुर तक एक किलोमीटर 200 मी दूरी का सड़क बनाया जा रहा है। इस सड़क निर्माण योजना का प्राक्कलन एक करोड़ 42 लाख है। इस सड़क निर्माण की मांग ग्रामीणों के द्वारा लंबे समय से की जा रही थी कुम्हारिया अंबा टोली गांव के लोगों को प्रखंड मुख्यालय से जोड़ने वाली यह सबसे सुलभ रास्ता सड़क है। इस सड़क में ठेकेदार द्वारा मनमानी ढंग से कुम्हारिया अंबा टोली से नहीं बनाकर कुम्हरिया महली टोली से बनाया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार इस योजना में ज्यादा से ज्यादा राशि बचत करने के उद्देश्य से सड़क निर्माण योजना का स्थल बदल दिया है। इसका विरोध कुम्हारिया अंबा टोली के ग्रामीणों के द्वारा की जा रही है। कुम्हारीया अंबाटोली के ग्रामीणों के द्वारा ठेकेदार की मनमानी को विरोध करते हुए काम को बंद कर दिया गया है । कुम्हारिया अंबा टोली गांव के ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की योजना कुम्हारिया अंबा टोली से कसपुर गांव तक बनाने हेतु स्वीकृत हुआ है। इसे ठेकेदार द्वारा नहीं बना कर कुम्हारिया महली टोली से बनाया जा रहा है। जिससे कुम्हारिया अंबा टोली के गांव के लोगों का कसपुर से संपर्क नहीं हो सकेगा। इस रोड को बनाने का उद्देश्य पूरा नहीं होगा। ग्रामीणों के द्वारा इस सड़क के निर्माण की मांग लंबे समय से की जा रही थी। लंबे समय के बाद इस सड़क निर्माण की योजना स्वीकृत हुई परंतु ठेकेदार की मनमानी के कारण योजना स्वीकृत होने के बाद में गांव के ग्रामीणों को इस योजना के लाभ से वंचित करने का प्रयास किया जा रहा है।

### योजना निर्माण स्थल का निरीक्षण किया जाएगा : कनीय अभियंता

इस संबंध में इस योजना की तकनीकी देख करने वाले विभाग के कनीय अभियंता जितेंद्र पंडित ने कहा कि ग्रामीणों का विरोध की सूचना मिली है। ठेकेदार को योजना स्थल दिखा दिया गया था इसके बावजूद अगर दूसरे जगह काम किया गया होगा तो योजना निर्माण स्थल का निरीक्षण किया जाएगा। ठेकेदार द्वारा किए गए काम का निरीक्षण किया जाएगा। योजना स्वीकृत स्थल पर ही काम करने का काम किया जाएगा। ठेकेदार की मनमानी नहीं चलेगी। योजना का स्वीकृति ग्रामीणों की लाभ के लिए की गई है।

## निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

### सुदूरवर्ती इलाके के 50 गांवो से आए 210 मरीजों का हुआ इलाज




**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** कल्याण विभाग द्वारा वित्तपोषित एवं विकास भारती बिशनपुर द्वारा संचालित कल्याण अस्पताल हेसल बसारडीह में विकास भारती बिशनपुर एवं झारखंड स्वास्थ्य मिशन रांची के संयुक्त तत्वाधान में निशुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य जांच शिविर में रांची लोहरदगा लातेहार जिले के सुदूर ग्रामीण एवं पहाड़ी इलाके के तकरीबन 50 गांवो से आए 210 मरीजों का हड्डी जोड़ एवं नस रोगों का और ब्लड शुगर ब्लड प्रेशर सामान्य रोग की जांच एवं नेत्र जांच, एक्स -रे, पैथोलॉजीकल ब्लड, यूरीन आदि का जांच एवं दवाईयां आवश्यकतानुसार दिया गया। साथ ही मोतियाबिंद रेटिना आंख के पर्दे आदि बीमारियों का जांच अत्याधुनिक मशीनों के द्वारा जांच किया गया। सेंटर फॉर साइट आई हॉस्पिटल रांची के विशाल मिश्रा दिलीप कुमार एवं पीयूष कुमार के द्वारा नेत्र रोग का जांच एवं परामर्श दिया गया। इस जांच शिविर में हाइड्रोसील एवं हर्निया के ऑपरेशन के लिए भी निशुल्क परामर्श दिया गया। निशुल्क मेगा कैंप में रांची के सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉक्टर विजय कुमार, ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ शालिनी, जनरल फिजिशियन डॉक्टर शिव शंकर मुंडा, एमडी फिजिशियन एवं कल्याण अस्पताल के चिकित्सक डॉक्टर एसके सिन्हा, डॉक्टर दिलीप खेस, डॉक्टर पी पी सिंह, डॉ एसके मिश्रा आदि चिकित्सकों ने मरीज का इलाज किया। मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर को सफल बनाने में झारखंड स्वास्थ्य मिशन रांची के अध्यक्ष संतोष सोनी, कल्याण अस्पताल के प्रबंधक प्रणव कुमार पाठक, राजीव रंजन, मुकेश साहू, जमुना देवी, अरुण राम, सुखमय कुंडू, लक्ष्मी देवी,फारूक अंसारी, वरुण सिंह, अंशु कुमारी, आदि की महती भूमिका रही।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग,
भवन प्रमण्डल, गढ़वा
Email Id- eengbcdgarhwa-jhr@nic.in

-:निविदा शुद्धि पत्र:-

एत्द द्वारा भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड में निबंधित संवेदको को सूचित किया जाता है कि प्रकाशित निविदा आमंत्रण सूचना -19/2024-25 जन सम्पर्क विभाग के PR 339254 ( Building) 24-25(D) से प्रकाशित निविदा को दिनांक- 13.12.2024 प्रिमाण विपत्र की बिक्री एवं निविदा प्राप्ति की तिथि-14.12.2024 है। निविदा की अन्य शर्तें यथावत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, गढ़वा।

PR.NO.340387 Building(24-25):D

JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED
(Govt. of Jharkhand Undertaking)
JUIDCO Bhawan,Kutchery Chowk,Ranchi-834001,Jharkhand.
Ph No.: +91-651-2225878; e-mail Id-; pdt.juidco@gmail.com
CIN: U45200JH2013SGC001752

TENDER CANCELLATION NOTICE 25/11/2024

NIT No: - JUIDCO/NIT/Bansi_nagar/WSS/636
Tender ID: - 2024_UDD_95652_1
PR No:- 338648
Project Title: **Shri Banshidharnagar Urban Water Supply Scheme with 5 years of Operation and Maintenance**
The tender having details as mentioned above is cancelled due to unavoidable reasons. All bidders are therefore requested to wait for future correspondence regarding fresh tender.

Sd/-
Project Director (Tech.)
JUIDCO Ltd., Ranchi

PR 340386 Urban Development and Housing(24-25).D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा

ई० निविदा आमंत्रण सूचना

ई० निविदा संख्या- WRD/MID/GARHWA/F,-03/2024-25
पत्रांक - 849 गढ़वा/दिनांक - 25.11.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | पुरानपानी मध्यम सिंचाई योजना का जीर्णोद्वार कार्य ग्राम- खजुरी, पंचायत- परसवार, प्रखण्ड- बड़गड़, जिला-गढ़वा। |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | 50,71,512/- |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0-निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 07.12.2024 (11:00 AM) |
| 5 | ई0-निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 22.12.2024 (03:00 PM तक) |
| 6 | निविदा शुल्क और EMD ऑनलाईन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | e-procurement Portal (Jharkhandteders.gov.in) 22.12.2024 (03:00 PM तक) |
| 7 | ई0-निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 23.12.2024 (03:00 PM) |
| 8 | ई0-निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एंव पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा। |
| 9 | ई0-निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई-मेल पता | 8789558294 eemidgarh-cemr-jhr@nic.in |
| 10 | ई0 प्रोक्योमेन्ट सेल एवं हेल्पलाईन संख्या | 0651-2214784 |

नोट:- 1. केवल ई0-निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
2. निविदा शुल्क (BOQ Amount) और अग्रधन की राशि (EMD) ऑनलाईन e-Procurement portal (jharkhandtenders.gov.in) में ही स्वीकार किये जायेगें, अन्य किसी प्रकार के माध्यम से स्वीकार नही की जायेगी।
3. विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट- jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
4. प्राक्कलित राशि घट-बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा

PR 340342 Minor Irrigation (24-25)_D

# गुमला विधानसभा : झामुमो के चमरा लिंडा ने भाजपा को हराया

*इस चुनाव में कुल 2,02,275 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया*



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** गुमला जिले की विशुनपुर विधानसभा सीट पर झामुमो के उम्मीदवार चमरा लिंडा ने 32,756 मतों के बड़े अंतर से भाजपा के प्रत्याशी और राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति मोर्चा के अध्यक्ष समीर उरांव को हराकर शानदार जीत दर्ज की। इस जीत ने झामुमो की विशुनपुर में मजबूत पकड़ और भाजपा की कमजोर रणनीति को उजागर कर दिया। यह जीत झामुमो की प्रभावशाली रणनीति और चमरा लिंडा की व्यक्तिगत लोकप्रियता का प्रमाण है। लिंडा ने क्षेत्रीय मुद्दों और आदिवासी हितों को प्राथमिकता दी, जिससे उन्होंने भाजपा के मजबूत उम्मीदवार को कड़ी टक्कर देकर हराया। यह जीत उनकी लगातार चौथी जीत है, जिससे क्षेत्र में उनकी पकड़ और मजबूत हुई है। इस बार नोटा (कोई भी उम्मीदवार नहीं) ने 6,187 मत प्राप्त कर चौथे स्थान पर रहकर सबको हैरान कर दिया। यह प्रदर्शन दशार्ता है कि मतदाताओं का एक वर्ग सभी उम्मीदवारों से असंतुष्ट था। भाजपा को समीर उरांव जैसे प्रमुख नेता के बावजूद करारी हार का सामना करना पड़ा। यह हार भाजपा के लिए आत्ममंथन का विषय बन गई है, खासकर आदिवासी बहुल क्षेत्रों में उनकी रणनीति पर सवाल खड़े हो रहे हैं। झामुमो की इस जीत ने एक बार फिर साबित कर दिया कि गुमला के आदिवासी बहुल क्षेत्रों में राष्ट्रीय पार्टियों की तुलना में क्षेत्रीय दलों का प्रभाव अधिक है। विशुनपुर के मतदाताओं ने यह संदेश दिया है कि क्षेत्रीय मुद्दों और स्थानीय जुड़ाव को प्राथमिकता दी जाएगी।

चौथी बार विधायक चुने जाने के बाद, झारखंड मंत्रिमंडल में चमरा लिंडा को शामिल करने की मांग जोर पकड़ रही है। अब सबकी नजर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर है कि वह अपने मंत्रिमंडल में लिंडा को स्थान देते हैं या नहीं। इस चुनाव परिणाम के बाद गुमला में राजनीतिक चर्चाओं का दौर तेज हो गया है।

### सभी प्रमुख उम्मीदवारों और नोटा का प्रदर्शन इस प्रकार रहा

- चमरा लिंडा (झामुमो)
  ईवीएम वोटः 99,382
  पोस्टल बैलटः 954
  कुल वोटः 1,00,336
- समीर उरांव (भाजपा)
  ईवीएम वोटः 66,909
  पोस्टल बैलटः 671
  कुल वोटः 67,580
- जगन्नाथ उरांव (निर्दलीय)
  ईवीएम वोटः 10,695
  पोस्टल बैलटः 204
  कुल वोटः 10,899
- नोटा (कोई उम्मीदवार नहीं)
  ईवीएम वोटः 6,175
  पोस्टल बैलटः 12
  कुल वोटः 6,187
- शिव कुमार भगत (निर्दलीय)
  कुल वोटः 5,463
- यशोदा देवी (झारखंड लोक क्रांतिकारी मोचा):
  कुल वोटः 2,449
- महेंद्र उरांव (निर्दलीय)
  कुल वोटः 1,741
- महात्मा उरांव (निर्दलीय)
  कुल वोटः 1,619
- रोजलिन तिर्की (निर्दलीय)
  कुल वोटः 1,420
- गोवर्धन बड़ाइक (निर्दलीय)
  कुल वोटः 1,366
- भूषण चीख बड़ाइक (निर्दलीय)
  कुल वोटः 757
- नारायण उरांव (निर्दलीय)
  कुल वोटः 673
- संजय कुमार भगत (निर्दलीय)
  कुल वोटः 644
- भूपेंद्र नाथ राम (निर्दलीय)
  कुल वोटः 538
- बुद्धिमान उरांव (निर्दलीय)
  कुल वोटः 458

भाजपा की हार और नोटा के प्रदर्शन पर विशेष बहस हो रही है। झामुमो की इस जीत ने क्षेत्रीय दलों की ताकत और स्थानीय राजनीति के महत्व को रेखांकित किया है। भाजपा और अन्य राष्ट्रीय दलों को आदिवासी इलाकों में अपनी रणनीति पर फिर से विचार करना होगा। विशुनपुर विधानसभा के नतीजों ने यह भी साबित किया कि झारखंड की राजनीति में स्थानीय मुद्दे और क्षेत्रीय जुड़ाव आज भी सबसे महत्वपूर्ण हैं।

## न्यूज बॉक्स

### बसिया में मनाया गया अंतर जिला बंदई पर्व समारोह, परंपरा का दिखा अनोखा अंदाज



**बसिया(गुमला)।** डोईसागढ़ परगना महाडोकलो खडिया समिति के द्वारा आज बंदई पर्व मिलन समारोह का आयोजन किया गया। बसिया रेफरल अस्पताल के पास स्थित सरहुल अखाड़ा परिसर में पूरे धूमधाम व पारंपरिक अंदाज में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में खड़िया जनजाति के साथ आम लोगों की उपस्थिति दर्ज की गई। उल्लेखनीय है कि बंदई पर्व के दौरान मुख्यतः गाय बैलों की पूजा की जाती है और एक तरह से इसे खड़िया समाज का मुख्य पर्व माना जाता है। खड़िया समाज इस पर्व के माध्यम से लक्ष्मी के रूप में पशु धन की पूजा करता है। चुनाव आचार संहिता लागू होने के कारण इस वर्ष यह समारोह कुछ बिलंब आयोजित किया गया। आज आयोजित इस कार्यक्रम में अखिल भारतीय खड़िया महासोहोर पी.कुलकांत केरकेट्टा,जिला परिषद सदस्य बसंती डूंगडुंग, जिलाध्यक्ष रतिया इंदवार,जॉन अगुस्तिन टेटे, सुजीत टेटे, सुशील केरकेट्टा, राजेश खडिया, दिनेश खडिया, इस्माइल सोरेंग सहित राज्य के कोने कोने से जुटे के वक्ताओं ने खड़िया समाज के इतिहास, रहन सहन, भाषा संस्कृति व इनकी राजनीतिक-आर्थिक चेतना सहित बंदई पर्व के महत्व पर विस्तारपूर्वक अपने अपने विचारों का आदान प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम की शुरूआत विधि पूर्वक सखुआ वृक्ष की विशिष्ट पूजा व सामाजिक झंडोतोलन के साथ किया गया। इस अवसर पर जुटे 172 खोड़हा दलों के द्वारा पारंपरिक परिधान के साथ अपनी भाषा संस्कृति के अनुरूप सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम में रितूवा कुल्लू,राजेश खडिया,दिनेश खडिया, एमलेन कुल्लू, एनिमा डूंगडुंग, निकोलस किंडो, बुद्धदेव पहान, चैतू उराँव, बासुदेव भगत, राजेश कुल्लू, दशमी कुल्लू, लियोन कुल्लू, प्रफुल्लित बिलुंग सहित सैकड़ों लोगों की गरिमामयी उपस्थिति दर्ज की गई।

### श्रीनगर में चार जंगली हाथियों ने किसान के धान को किया बर्बाद

**गुमला।** जारी प्रखंड के श्रीनगर गांव में जंगली हाथियों का आतंक देखने को मिला, जहां चार हाथियों ने किसान विकास टोप्पो के खेत में लगे धान की फसल को पूरी तरह नष्ट कर दिया। घटना सोमवार रात की है जब हाथियों ने खेत में घुसकर धान की फसल को खाया और रौंद दिया। पीड़ित किसान विकास टोप्पो ने बताया कि खम्हन जंगल के समीप स्थित उनके खेत में लगभग दो एकड़ में धान की फसल लगी हुई थी, जिसे वह काटने ही वाले थे। लेकिन जंगली हाथियों ने फसल को पूरी तरह बर्बाद कर दिया। उन्होंने कहा, साल भर का खाने का अन्न नष्ट हो गया। अब परिवार का पालन-पोषण कैसे होगा, इसकी चिंता सता रही है। मंगलवार सुबह 11 बजे किसान ने वन विभाग को घटना की जानकारी दी और मुआवजे की मांग की। किसान विकास टोप्पो ने प्रशासन से अपील की है कि फसल के नुकसान का उचित मुआवजा दिया जाए, ताकि उनके परिवार का गुजारा चल सके। इस घटना ने एक बार फिर क्षेत्र में जंगली हाथियों के बढ़ते आतंक को उजागर किया है। ग्रामीणों ने वन विभाग से मांग की है कि हाथियों को जंगल की ओर खदेड़ने और किसानों की फसल को सुरक्षित रखने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

## एक नजर

### परीक्षा केंद्र के बाहर रखें बैग से मोबाइल व पैसा की हुई चोरी

**सिसई (गुमला)।** बैजनाथ जालान महाविद्यालय सिसई के नागपुरी विभाग से सेमेस्टर 3 की छात्रा छोटी कुमारी के बैग से मंगलवार की दोपहर को मोबाइल फोन और 1000 रुपए को किसी ने चोरी कर लिया। छात्रा छोटी कुमारी ने जानकारी देते हुए बताया कि महाविद्यालय में सेमेस्टर थर्ड का परीक्षा चल रहा हैं। और वह परीक्षा देने के लिए महाविद्यालय गई हुई थी। सीसीटीवी कैमरा के जॉन और गार्ड के देख रेख में जहां सभी छात्र एवं छात्राओं ने अपना अपना बैग रखा था वहीं पर वह भी अपने बैग में मोबाइल फोन को रखकर परीक्षा केंद्र चली गई। परीक्षा समाप्ति के बाद केंद्र से बाहर निकली और अपना बैग देखी तो उसमें से मोबाइल फोन और 1000 रुपया गायब था। उन्होंने तत्काल कॉलेज प्रशासन को सूचना दी। परंतु कॉलेज प्रशासन के द्वारा कैमरा खराब होने की जानकारी दी गयी।

### गुमला में एनसीसी कैडेट्स ने चलाया स्वच्छता अभियान



**गुमला।** एनसीसी दिवस और संविधान दिवस के अवसर पर डिस्ट्रिक्ट सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, गुमला के 60 एनसीसी कैडेट्स ने स्वच्छता अभियान चलाकर समाज को जागरूकता का संदेश दिया। कैडेट्स ने विद्यालय से निकलकर ज्योति संघ मार्ग और डीएसपी रोड स्थित एक गंदगी से भरे क्षेत्र की सफाई की, जो अक्सर प्लास्टिक और कचरे का अड्डा बन चुका था। इसके बाद कैडेट्स ने इंदौर स्टेडियम गुमला स्थित गांधी पार्क में बापूजी की प्रतिमा को साफ किया और पूरे पार्क को स्वच्छ बनाया। इस दौरान उन्होंने महात्मा गांधी के सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों पर विचार किया और उनके आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया।

### बिजली चोरी के आरोप में चार पर मामला दर्ज

**बसिया (गुमला)।** बिजली विभाग के कनीय अभियंता के नेतृत्व में आज एक छापेमारी अभियान का संचालन किया गया। बसिया प्रखंड क्षेत्र में बिजली चोरी की मिल रही शिकायतों बीच चले इस अभियान के बाद बिजली चोरों के बीच हड़कंप मचा हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार की गई चले छापेमारी के बाद कुल चार लोगों के खिलाफ बसिया थाना में मामला दर्ज कराया गया है। कामडारा सबडिवीजन (विद्युत) के कनीय अभियंता कंचन टुडू ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्रवाई के उपरांत कोनबीर निवासी गौतम सिंह, सिरबीड़ा निवासी जितवाहन साहू, कलिगा निवासी संजय लोहरा एवं तिर्रा केमताटोली निवासी अनूप ओहदार के खिलाफ बसिया थाना में मामला दर्ज कराया गया है।

# नौकरी व लोन के नाम पर 28 लाख की ठगी, महिला फरार

### 17 पीड़ित महिलाओं ने डीसी और थाना प्रभारी से लगाई न्याय की गुहार

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के डुमरडीह गांव में नौकरी दिलाने और बैंकों से लोन दिलवाने के नाम पर 17 महिलाओं से कुल 28 लाख 20 हजार रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। ठगी की शिकार महिलाओं ने गुमला उपायुक्त और थाना प्रभारी को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित महिलाओं ने बताया कि डुमरडीह निवासी रोहिणी देवी, पति नागेंद्र सिंह, ने उन्हें नौकरी दिलाने का झांसा दिया और गुमला के विभिन्न बैंकों से लोन लेने को कहा। रोहिणी देवी ने भरोसा दिलाया था कि लोन की पूरी राशि 21 नवंबर 2024 तक वापस कर दी जाएगी। लेकिन तय समय बीतने के बाद न तो उन्होंने रुपये लौटाए और न ही नौकरी लगाई।

महिलाओं ने बताया कि वे गरीब परिवार से आती हैं और अब बैंक उन्हें लोन की किस्त के लिए परेशान कर रहे हैं। वहीं, रोहिणी देवी गांव छोड़कर फरार हो गई हैं और उनका मोबाइल भी स्विच ऑफ आ रहा है।

महिलाओं ने उपायुक्त और थाना प्रभारी से मांग की है कि ठगी करने वाली रोहिणी देवी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए और उनका पैसा वापस दिलवाया जाए।



**पीड़ितों की सूची व ठगी की रकम**

ममता देवी - ₹2,50,000, देवंती देवी - ₹2,00,000, सुमित्रा देवी - ₹2,00,000, मीना देवी - ₹2,00,000, अश्रिता देवी - ₹60,000, पूजा कुमारी - ₹1,20,000, किरण कुमारी - ₹50,000, रजनी देवी - ₹5,50,000, पूनम देवी - ₹1,50,000, संगीता देवी - ₹5,00,000, पूर्णिमा गोस्वामी - ₹50,000, रेणु देवी - ₹80,000, तेतरी देवी -₹80,000, बालमती देवी - ₹50,000, जानकी कुमारी - ₹60,000, विमला देवी - ₹1,00,000, बिना देवी - ₹1,00,000

**प्रशासन की कार्रवाई का इंतजार**

इस गंभीर मामले में महिलाओं को अब प्रशासन से मदद की उम्मीद है। घटना ने क्षेत्र में चर्चा का विषय बना दिया है, और ठगी की इस वारदात ने गरीब परिवारों की स्थिति को और दयनीय बना दिया है।

# गोबर सिल्ली-अलंककेरा सड़क निर्माण अधर में, ग्रामीण परेशान

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** गुमला जिले के पालकोट प्रखंड स्थित गोबर सिल्ली पर्यटन स्थल से अलंककेरा गांव तक सात किलोमीटर लंबे सड़क कालीकरण का काम अधर में लटक गया है। मां कटंक्शन के द्वारा ₹6.80 लाख की योजना से यह सड़क बनाई जा रही है। लेकिन निर्माण कार्य के रुकने से क्षेत्र के ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क निर्माण रुकने से अलंककेरा, चटकपुर, डोगांडाड़, बांदोडीह सहित कई गांवों के लोगों को आवाजाही में घोर असुविधा हो रही है। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द सड़क निर्माण पूरा करने की मांग की है ताकि उनकी समस्याओं का समाधान हो सके। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से अपील की है कि इस मामले का संज्ञान लेकर सड़क निर्माण कार्य को पुनः शुरू करवाया जाए। यह सड़क क्षेत्र के पर्यटन और आर्थिक गतिविधियों के विकास के लिए भी बेहद महत्वपूर्ण है। इस तरह की परियोजनाओं के अधर में रहने से न केवल विकास कार्यों पर असर पड़ता है, बल्कि स्थानीय निवासियों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। प्रशासन व संबंधित विभाग को मिलकर समाधान निकालने की जरूरत है।

**निर्माण कार्य क्यों रुका?**

संवेदक तुलसी साहू ने बताया कि सड़क का निर्माण वन विभाग के क्षेत्र से गुजरने के कारण प्रभावित हुआ है। जहां-जहां वन विभाग का क्षेत्र पड़ता है, वहां कालीकरण का कार्य रोक दिया गया है। वहीं, वन विभाग के वनपाल कृष्णा महतो ने स्पष्ट किया कि विभाग ने निर्माण कार्य रोकने का कोई निर्देश नहीं दिया है। उन्होंने कहा, यह संवेदक का काम है, उन्हें खुद समझना चाहिए कि काम क्यों रुका है।

### संविधान दिवस पर गुमला समाहरणालय में शपथ ग्रहण समारोह

# उपायुक्त ने संविधान की महत्ता पर डाली रोशनी



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** संविधान दिवस के अवसर पर आज समाहरणालय स्थित सभागार में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने की। इस अवसर पर सभी पदाधिकारियों और कर्मियों ने भारतीय संविधान की उद्देशिका के प्रति अपनी निष्ठा और समर्पण की शपथ ली। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने अपने संबोधन में भारतीय संविधान को देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था और नागरिक अधिकारों का आधार स्तंभ बताते हुए इसकी महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संविधान न केवल हमें हमारे अधिकारों के बारे में जागरूक करता है, बल्कि यह हमारे कर्तव्यों की भी याद दिलाता है। उन्होंने सभी उपस्थित लोगों से आग्रह किया कि वे संविधान में निहित स्वतंत्रता, समानता, और न्याय जैसे मूल्यों को अपने कार्यों और व्यवहार में आत्मसात करें। समारोह में उपस्थित अधिकारियों और कर्मियों ने संविधान की उद्देशिका को पढ़कर उसकी भावना को आत्मसात करने का संकल्प लिया। सभी ने देश की एकता, अखंडता और समृद्धि के लिए समर्पित होकर कार्य करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस विशेष अवसर पर गुमला के उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, जिला नजारत उप समाहर्ता, जिला योजना पदाधिकारी सहित अन्य विभागों के पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित रहे। सभी ने संविधान के प्रति अपनी निष्ठा को दोहराते हुए संविधान दिवस को देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया का उत्सव बताया। संविधान दिवस हर साल 26 नवंबर को मनाया जाता है। 1949 में इसी दिन भारतीय संविधान सभा ने संविधान को अपनाया था। इस अवसर का उद्देश्य नागरिकों को संविधान की महत्ता और इसके मूल्यों से अवगत कराना है। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने इस अवसर पर एकजुटता, कर्तव्यपरायणता और संवैधानिक मूल्यों को जीवन और प्रशासन में प्राथमिकता देने की अपील की।

### संविधान दिवस पर बीडीओ ने कर्मचारियों को दिलाई राष्ट्र की एकता और अखंडता की शपथ

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड सभागार में संविधान दिवस के अवसर पर मंगलवार को गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान डा. भीमराव आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। बीडीओ यादव बैठा ने लोगों को संविधान में उल्लिखित प्रस्तावना और कर्तव्यों की शपथ दिलाई। बीडीओ श्री यादव बैठा ने कहा कि कोई भी देश बिना संविधान के नहीं चल सकता। संविधान में ही देश के सिद्धांत और उसको चलाने के तौर तरीके होते हैं। 26 नवंबर 1949 के दिन देश की संविधान सभा ने संविधान को अपनाया था। इसलिए इसी दिन की याद में हर साल देश में संविधान दिवस मनाया जाता है। कहा कि इस दिन का मकसद देश के नागरिकों में संवैधानिक मूल्यों के प्रति सम्मान की भावना को बढ़ाना है। उन्होंने कहा कोई भी देश बिना संविधान के नहीं चल सकता। संविधान में ही देश के सिद्धांत और उसको चलाने के तौर तरीके होते हैं। मौके पर महिला पर्यवेक्षीका अंजली वर्मा, प्रभारी बीपीआरओ संदीप टेटे एवं प्रखंड सह अंचल कर्मी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।


## जिला विधिक सेवा प्राधिकार,पलामू

**सूचना**

**राष्ट्रीय लोक अदालत**

**शनिवार, 14 वीं दिसंबर 2024**

**व्यवहार न्यायालय,पलामू में निःशुल्क सुलभ एवं त्वरित न्याय के लिए**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नालसा के निर्देशानुसार,एवं झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, राँची के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकार पलामू के द्वारा दिनांक–14 वीं, दिसबर 2024 को व्यवहार न्यायालय परिसर,पलामू, डालटनगंज में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में समझौता योग्य निम्नलिखित वाद जो किसी न्यायालय में लंबित हैं या नहीं का निपटारा किया जा सकता है:–

**बैंक संबंधी मामले, धारा 138 परकाम्य लिखत अधिनियम 1881,वसूली संबंधित मामले, सुलहनीय आपराधिक मामले, मोटर यान दुर्घटना से संबंधी दावे, कुटुंब न्यायालय से संबंधित मामले, श्रम से संबंधित मामले, जमीन अधिग्रहण से संबंधित मुकदमें, बिजली एंव जल से संबंधी मामले, दीवानी मुकदमें। विचाराधीन तथा मुकदमें के पूर्व के मामले ।**

**लोक अदालत विवादों का त्वरित निपटारा तथा अंतिम निपटान, सर्वमान्य समाधान तथा अदालत में अदा की गई फीस के लौटाये जाने को सुनिश्चित करता है।**

अगर आप का उपरोक्त कोई मामला व्यवहार न्यायालय,पलामू में विचाराधीन है और अगर आप उस मामले का निपटारा कराना चाहते हैं तो 14 वीं, दिंसबर 2024 से पूर्व स्वयं या अपने वकील के जरिए व्यवहार न्यायालय, पलामू में उपस्थित होकर आवेदन दाखिल करें। इस हेतु समझौता पूर्व बैठक सभी बैंक एवं सभी संबंधित न्यायालयों में कार्यालय अवधि के पुर्व एवम् पश्चात कार्यरत रहेंगे।

राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक– 14 वीं, दिंसबर 2024 को 11.00 बजे पूर्वाह्न से प्रारंभ होगी । इस संदर्भ में किसी भी प्रकार की जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस पर 10:30 से 4:30 बजे जिला विधिक सेवा प्राधिकार,पलामू में आ कर सचिव मोबाइल सं0 8757269596) से सम्पर्क किया जा सकता है ।

–निवेदक–

| | | |
|---|---|---|
| (रीष्मा रमेशन) | (शशि रंजन ) | (नीरज कुमार श्रीवास्तव) |
| आरक्षी अधीक्षक | उपायुक्त | प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश |
| –सह– | –सह– | –सह– |
| सदस्य | उपाध्यक्ष | अध्यक्ष |
| जिला विधिक सेवा प्राधिकार,पलामू। | जिला विधिक सेवा प्राधिकार,पलामू। | जिला विधिक सेवा प्राधिकार,पलामू। |

PR 340329 Palamu (24-25)_D


### गुमला, लोहरदगा, सिमडेगा व खूंटी में भाजपा के गिरते जनाधार पर संकट

# कार्यकर्ताओं और समर्थकों की नाराजगी पार्टी के लिए चुनौती

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** झारखंड के गुमला, लोहरदगा, सिमडेगा और खूंटी जिलों को कभी भाजपा का मजबूत गढ़ माना जाता था, लेकिन वर्तमान में पार्टी का जनाधार तेजी से कमजोर हो गया है। इन जिलों में भाजपा का कोई विधायक या सांसद नहीं है, जिससे पार्टी के कार्यकर्ता और समर्थक निराश हैं। स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं का मानना है कि पार्टी की इस स्थिति के पीछे स्थानीय स्तर पर निष्ठावान कार्यकर्ताओं की अनदेखी, थोपे गए निर्णय, और जमीनी मुद्दों की अनदेखी मुख्य कारण हैं।

**स्थानीय नेतृत्व की उपेक्षा, निर्णय प्रक्रिया में सीमित परामर्श :** पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ताओं का कहना है कि प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर के नेता केवल जिला स्तर पर 2 से 4 चिन्हित लोगों से सलाह लेकर निर्णय लेते हैं, जबकि बाकी कार्यकर्ताओं को पूरी तरह से उपेक्षित किया गया। इससे न केवल कार्यकर्ताओं का मनोबल गिरा है, बल्कि पार्टी का जमीनी स्तर पर जनाधार भी कमजोर हुआ है। एक वरिष्ठ जिला स्तरीय पदाधिकारी ने बताया कि स्थानीय कमेटियों को निर्णय लेने की स्वतंत्रता नहीं दी जाती। चुनाव प्रचार, कार्यक्रम आयोजन, और अन्य गतिविधियों के लिए खर्च से लेकर मेनू तक सबकुछ प्रदेश स्तर से तय होता है। इस प्रकार के हस्तक्षेप ने स्थानीय नेतृत्व और कार्यकर्ताओं की भूमिका को सीमित कर दिया है।

**आदिवासी समुदाय और टिकट वितरण की समस्या :** भाजपा में आदिवासी समुदाय से जुड़े कार्यकर्ता टिकट की उम्मीद रखते हैं। लेकिन जब उन्हें टिकट नहीं मिलता, तो वे मन लगाकर पार्टी के लिए काम नहीं करते। इस बार कैंडिडेट हार जाए तो अगली बार टिकट मिलने की उम्मीद में पार्टी हित में काम करने से बचते हैं। यह सोच पार्टी के लिए नुकसानदेह साबित हो रही है।



**धार्मिक संगठनों और विरोधी प्रचार का प्रभाव :** आरएसएस की विचारधारा के खिलाफ सक्रिय कुछ एनजीओ और धार्मिक संगठन भाजपा-विरोधी प्रचार कर रहे हैं, जिससे ग्रामीण मतदाताओं में भ्रम की स्थिति पैदा हो रही है। भाजपा के पास ऐसा कोई प्रभावी तंत्र नहीं है जो इस भ्रम को दूर कर सके या विरोधी प्रचार का प्रभाव कम कर सके।

**उपेक्षित वर्ग की नाराजगी :** भाजपा का समर्थन करने वाले कुछ वर्ग और क्षेत्र ऐसे भी हैं, जिनके बारे में पार्टी और अन्य राजनीतिक दल कभी नहीं सोचते। ये लोग दशकों से निस्वार्थ भाव से भाजपा का समर्थन करते आए हैं। लेकिन पार्टी द्वारा इनके हितों पर ध्यान न देने के कारण इन वर्गों में भी धीरे-धीरे असंतोष बढ़ रहा है। यदि भाजपा ने इनकी अनदेखी जारी रखी, तो यह पार्टी के लिए और भी बड़ी चुनौती बन सकती है।

### महुआडीपा स्टेडियम के पास बस व बाइक सवार में हुई टकर



**सिसई (गुमला)।** मंगलवार सुबह करीब नौ बजे रांची की ओर से आ रही उत्तकांता यात्री बस जो रांची से नेतरहाट चलती है। महुआडीपा स्टेडियम के समीप नेशनल हाईवे फोरलेन में बनी विपरीत दिशा के सर्विस रोड के किनारे बिल्डिंग से टकरा गयी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार विपरीत दिशा से आ रही एक हीरो पैसन प्रो जेएच 01 बीबी-3479 बाइक को बचाने में बस अनियंत्रित होकर एक बिल्डिंग से जा टकराई और दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। बस में लगभग 20-25 यात्री सवार थे। सभी सुरक्षित हैं। किन्हीं को कोई क्षति नहीं हुई। बाइक सवार देवकर साहू, लापुंग मोहगावं निवासी बस से टकराने के बाद अपना संतुलन खोते हुए सड़क पर गिर गए। जिससे उनके कंधे और कमर में चोट लगी है। जिसे बेहतर इलाज के लिए रांची भेज दिया गया है।


## कार्यालय– जिला उद्यान पदाधिकारी, गढ़वा।

संयुक्त कृषि भवन, प्रथम तल, पिपराकलां, गढ़वा– 822114
E-Mail Id- horticulturegarhwa2021@gmail.com

**अति अल्पकालीन उद्धरण सूचना।**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला उद्यान कार्यालय, गढ़वा के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में चल रहे राज्य उद्यान विकास योजना की उपयोजना **"प्रोमोशन ऑफ अरबन फार्मिंग"** के तहत जिला–गढ़वा शहर एवं उसके आस–पास के सटे हुए शहरों में बसे परिवार के घरों के निकट खाली पड़े छोटे भू–खण्ड, सरकारी परिसर जहाँ स्थान उपब्ध हो एवं Terrace Gardening अन्तर्गत जैविक एवं गुणवत्तायुक्त विभिन्न प्रकार के सब्जियों की खेती हेतु बीज, फुलों फलों तथा साज–सज्जा के पौधे एवं उपादान का क्रय हेतु पंजीकृत इच्छुक स्थानीय Service Provider/Nursery चयन के साथ समानों का दर निर्धारण हेतु दिनांक 07-12-2024 के अपराह्न के अपराह्न 2:00 बजे तक दर हेतु उद्धरण मुहरबंद निविदा बंद लिफाफें में अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त किया जायेगा जो दिनांक 09-12-2024 के अपराह्न 1:00 बजे अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में उद्धरणकर्त्ता एवं उक्त योजना अन्तर्गत नामित जिला स्तरीय गठित चार सदस्यीय समिति के समक्ष उपस्थिति में जिला उद्यान कार्यालय, गढ़वा में खोला जायेगा।

**Technical Bid**

I. Bidder must be reputed manufacturer/Authorised Dealer/Firms/Agency/Govt. or Non-Govt. Organisation/ Companies. (Enclose supporting documents).
II. It should have at least one year experience in the field of gardening or land scaping or roof top/terrace ii horticulture. Supporting Work order/ experience certificate issued from Govt. or Non Govt. Organisation should be attached with proposal in support of experience.
III. Registration Certificate and detailed information of nursery, firm/Company etc should be attached. The Agency must have a demonstration plot and after sale service centre in Jharkhand.
IV. The bidder should furnish a self-attested copy of PAN & GST registration with their application.
V. The bidder should furnish self-attested copy of GST return of atleast 02 (two) quarter of last 12 months,
VI. The average annual turnover of the bidder must not be less than Rs. 5.00 lakhs in any the last financial year. Details of the audited balance sheet certified by CA for the last financial year should be attached along with the application.
VII. An undertaking (self-certificate) that the bidder hasn't been blacklisted by a central/state government institution and that there has been no litigation with any government department on account of similar services must be submitted.

**Financial Bid**

I. Urban Farming कें तहत लगाये जाने वाले पौध सामग्रियों तथा अन्य उपादानों की सूची विस्तृत रूप से atmagarhwa.org पर देखा जा सकता है।
II. सूची में वर्णित सामग्रियों का बंद लिफाफे में Financial Bid किया जायेगा

नोटः–

विशेश जानकारी हेतु जिला उद्यान कार्यालय, गढ़वा से सम्पर्क किया जा सकता है एवं मोबाईल नम्बर– 8986656686 पर सम्पर्क किया जा सकता है

**जिला उद्यान पदाधिकारी, गढ़वा।**

PR 340347 (Agriculture) 24-25 (D)

सुप्रभात

"ईश्वर से प्रार्थना करें, हे प्रभु, आप सृष्टि के स्वामी हैं, इसलिये मैं आपके पास आया हूँ। जब तक आप मुझसे बात नहीं करेंगे और मुझे अपने अस्तित्व का बोध नहीं करायेंगे, मैं प्रयास करना नहीं छोड़ूंगा। मैं आपके बिना नहीं जिऊँगा। - श्री श्री परमहंस योगानन्द, 'मानव की निरन्तर खोज'

## संपादकीय

# संविधान के 75 वर्षों का संकल्प

संविधान शब्द का जिस तरह राजनीतिकरण हुआ है वह चिंता का विषय है। 75 वर्ष पहले 26 नवंबर, 1949 को हमने अपने संविधान को विधिवत अधिनियमित, अंगीकृत तथा आत्मार्पित किया था। यह हमारी आकांक्षाओं का दर्पण भी है और हमारे स्वाभिमान का जीवंत दस्तावेज भी।किसी राष्ट्र के जीवन काल में 75 वर्ष बहुत महत्वपूर्ण होते हैं जिनमें जनता जनार्दन की भावनाओं के अनुरूप परिवर्तन भी होते हैं। इसमें कानूनी ढांचे की दिशा तय होती है और उसे आत्मसात करने तथा उनके आदर्शों के मुताबिक आचरण करने की परंपरारा विकसित की जाती है। बीते 75 वर्षों में हमने अपने संविधान के आदर्शों की ओर मजबूती से कदम बढ़ाया है। हमारे साथ आजाद हुए करीब 50 देशों में जनतंत्र ने वहां के जनजीवन में वह पैठ नहीं बना पाई, जिसे हमने कर दिखाया है। हमारे पड़ोसियों जैसे-पाकिस्तान, अफगानिस्तान, म्यांमार, श्रीलंका और बांग्लादेश जैसे किसी भी देश में लोकतंत्र कभी खुली हवा में सांस नहीं ले पाया। वे सैनिक तानाशाही के दबाव से कभी मुक्त नहीं रहे, जबकि हम पिछले 75 वर्षों में 18 बार आम चुनावों के माध्यम से केंद्र में सत्ता के शालीन हस्तांतरण के साक्षी रहे हैं। राज्यों में भी शताधिक बार लोकतांत्रिक तरीके से सरकारों का गठन हुआ है। हमने इस क्षेत्र में पूरे विश्व के लिए आदर्श प्रस्तुत किया है। इसमें विश्व में लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए ऊंचे आदर्शों के नए मानक दिए हैं। आजादी के बाद हमने अपनी संप्रभुता की नई संस्कृति विकसित की है। युद्ध, सूखा और महामारी का मजबूती से सामना किया। वर्ष 1971 के युद्ध में तो हमने न केवल विजय प्राप्त की, अपितु 97,000 सैनिकों को युद्ध बंदी भी बनाया। सूखे के शुरूआती झटकों से उबरकर अब हम दूसरे देशों को अन्न की मदद करने की आदत और परंपरा पर आगे बढ़ रहे हैं।हमने अपने संविधान में समाज कल्याणकारी राष्ट्र की कल्पना की है और अंत्योदय का संकल्प लिया है। कोरोना महामारी में हमने इसे मूर्त रूप दिया। दुनिया के बड़े हिस्से में जब लोग दवाओं की कमी और भुखमरी से जूझ रहे थे, उस समय हमने असंभव को संभव कर दिखाया। पूरे यूरोप की आबादी करीब 79 करोड़ है। हमारे देश में 80 करोड़ लोगों को पूरी महामारी के दौरान निःशुल्क राशन मिला। इतना ही नहीं, कोरोना से बचाव के लिए टीकाकरण के मामले में हमने नए प्रतिमान स्थापित किए। करीब दो अरब टीके निःशुल्क लगाए गए और दुनिया के करीब 96 देशों को भी हमने मदद दी।अपने संविधान की प्रस्तावना में हमने सामाजिक और आर्थिक न्याय सुनिश्चित करने का संकल्प लिया है। नीति निर्देशक तत्वों में सरकारों से अपेक्षा की गई है कि सार्वजनिक पूंजी को कुछ लोगों के हाथों में संचित न होने दें। इसे लागू करने के मामले में भी हमने मिसाल कायम की है। आजादी के समय हमारे यहां जमींदारी प्रथा लागू थी, जिसमें ज्यादातर जमीन कुछ जमींदारों के पास थी। आजादी के पांच वर्षों के भीतर ही हमने कानून बनाकर पूरे देश में जमींदारी प्रथा को समाप्त कर दिया। यह ऐतिहासिक उपलब्धि थी। विश्व के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ कि कुछ मुट्ठी भर जमींदारों से जमीन लेकर उसे लाखों भूमिहीनों में बांट दिया गया। यह सब कुछ शांतिपूर्वक और बगैर एक कतरा खून बहाए संपन्न हुआ।

> **विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत में चुनावों में महिलाओं की बढ़ती सक्रिय भागीदारी तारीफे काबिल है। गत चुनावों चाहे वे लोकसभा के हों या राज्यों की विधानसभाओं के देश की महिला वोटरों ने नई सरकार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।**

# उच्च शिक्षा की परपंरा और प्रयोग


गिरीश्वर मिश्र



भारत में उच्च शिक्षा का बड़ा समृद्ध प्राचीन इतिहास है जहां नालंदा, विक्रमशिला, ओदंतपुरी और तक्षशिला आदि कई विश्वस्तरीय विश्वविद्यालयों की श्रृंखला थी, जहां अनेक विषयों का अध्यापन और अनुसंधान किया जाता था। ये सभी संस्थान समाज द्वारा पोषित किंतु व्यवस्था की दृष्टि से स्वायत्त थे। यहां के प्राध्यापक अपने विषयों के प्रामाणिक विद्वान थे और उनकी उपलब्ध कृतियां उनकी प्रतिभा और बुद्धि का कायल बनाती हैं। वैदिक ज्ञान परम्परा से जो धारा प्रवाहित हुई वह काल क्रम में ज्ञान की साधना को दिशा देती रही। इसका प्रमाण ज्ञान का प्रतिमान स्वरूप अष्टाध्यायी, योगसूत्र, नाट्यशास्त्र, चरक संहिता, अर्थशास्त्र, कामसूत्र और सूर्य सिद्धांत आदि अनेकानेक ग्रंथों में उपलब्ध होता है। दर्शन, धर्मशास्त्र, गणित, धातु-विद्या, साहित्य और कला आदि के क्षेत्रों में प्रचुर सामग्री आज भी उपलब्ध है। यह निश्चित है कि अध्ययन का क्षेत्र अत्यंत व्यापक था और वह कोरा सैद्धांतिक न होकर जीवन से जुड़ा होता था। वह शिक्षा विद्यार्थी को व्यवसायों के लिए तैयार करती थी। ज्ञान की यह परम्परा विकसित होती रही, उन पर चर्चा, खंडनझ्रमंडन और टीका-टिप्पणी का भी अवसर बना रहा। यदि ज्ञान की शास्त्रीयता बहुलतामूलक थी तो बहुज्ञता शास्त्र जानने वाली की प्रवीणता या दक्षता की कसौटी थी। भर्तृहरि के शब्दों में ह्यसिर्फ अपनी ही ज्ञान-परम्परा का ज्ञान अपर्याप्त होता हैह्व। विचारों और सिद्धांतों में पर्याप्त विविधता थी और ज्ञान की प्रामाणिकता उसके प्रयोग से जांची-परखी जाती रही। कुशलता और दक्षता को बढ़ावा दिया जाना प्रमुख सरोकार था। ज्ञान-विज्ञान के अर्जन को अवलोकन तथा तर्क की सहायता से आगे बढ़ाने का प्रयास ज्ञान की यात्रा की मुख्य विशेषता के रूप में उभरती है। सिद्धांतों को यथार्थ की ओर उन्मुख एक आलोचक दृष्टि द्वारा सतत प्रमाणित किया जाता रहा। इस पूरी प्रक्रिया का उद्देश्य जीवन के क्लेशों से पार पाना था। विद्यार्जन का कार्य सभी तरह की समस्याओं का समाधान करने वाले उपाय के रूप में स्थापित हुआ। मनुष्य का सर्वतोमुखी विकास इस शिक्षा का उद्देश्य था। शिक्षा मूल्य-सृजनका माध्यम थी। भारतीय परंपरा में शिक्षा को सामाजिक जीवन से जोड़े रखने को प्राथमिकता दी गई थी। शिक्षा और दीक्षा के द्वारा शास्त्र तथा लोक दोनों को पुष्ट किया जाता रहा और दोनों एक दूसरे को प्रभावित करते रहे । शिक्षा की चर्या कैसे हो इस पर भी वैदिक काल से ही चिंतन-मनन होता रहा। ज्ञान को आत्मसात करना और दूसरी पीढ़ी तक पहुंचाना ही आचार्य और उपाध्याय का मुख्य कार्य होता था। अध्यापक का प्रवचन यदि 'संधान' था तो गुरु (पूर्वपक्ष) तथा शिष्य (उत्तरपक्ष) के बीच विद्याविषयक सम्बन्ध को 'संधि' कहा गया। ज्ञान की सामाजिक भूमिका थी तो ज्ञानसृजन भी समाज की आशा-आकांक्षा के प्रति संवेदनशील था। अपने व्यापक अर्थ में दोनों का संचालन 'धर्म' की परिधि में करने पर जोर दिया गया। इसे जीवन-विस्तार और समाज में स्थापित किया जाता रहा । विभिन्न शास्त्रों, विद्याओं और कला-कौशलों का विस्तार आज भी विभिन्न ग्रंथों या टेक्स्ट में उपलब्ध है जो यह बताने के लिए पर्याप्त आधार प्रदान करता है कि भौतिक जगत, सामाजिक व्यवहार और आध्यात्मिक अनुभव सभी दृष्टियों से ज्ञान के उद्घाटन का प्रयास मुख्य है । इन सबके केंद्र में मनुष्य समेत समस्त प्राणिजगत के साथ प्रकृति की रक्षा और संवर्धन का प्रयास है । इस सोच में शिक्षा मानव पूंजी में स्थायी निवेश है जिसका उद्देश्य दायित्वपूर्ण मनुष्य निर्मित करना है।यह बात स्पष्ट हो चुकी है कि आधुनिक भारत में उच्च शिक्षा का वर्तमान रूप अंग्रेजी औपनिवेशिक काल की देन है जिसे योजनाबद्ध रूप में युक्तिपूर्वक प्रस्तुत और स्थापित किया गया । यह शिक्षा को देश की ज्ञान-परम्परा से काट कर और उसे अप्रासंगिक बना कर लागू की गई। अपरिचित विदेशी भाषा के माध्यम से पढ़ाई की व्यवस्था ने शिक्षा तक पहुँच को न केवल सीमित कर दिया बल्कि अंग्रेजी तहजीब और तौर तरीकों को मानक के रूप में स्थापित किया। संस्कृति और ज्ञान का नया आदर्श अनिवार्य रूप से श्रेष्ठ बना कर प्रचारित किया गया। उस अंग्रेजी परस्त भारत से परे वाला शेष भारत बड़ी आसानी से हाशिए पर पहुंचा दिया गया। अपने सामान्य रूप में यह शिक्षा ज्ञान के निर्माण और प्रसार की जगह सरकारी काम-काज के लिए जरूरी मुलाजिमों को तैयार करने लायक पढ़ाई पर ही केंद्रित रही। इस तरह वह एक तरह की बाबूगिरी को तरजीह देने वाली ज्ञानप्रणाली थी और उसका विस्तार उसी रूप में किया जाता रहा । इस शिक्षा में विद्यार्थी का एकांगी विकास हो रहा था। उसकी विषयवस्तु बाहर से उधार ली गई थी और शिक्षा के नाम पर उसी के अनुकरण तथा पुनरुत्पादन का काम जोर-शोर से शुरू हुआ जो बाद में भी चलता रहा। पश्चिम को ही मानक माना गया और उसकी मान्यता पाने पर जोर दिया जाता रहा। ऐसे में नवोन्मेष, सृजनात्मक पहल, मौलिकता और विचार-स्वातंत्र्य जैसे मानदंडों में देश पिछड़ता गया। शिक्षा की प्रक्रिया विशेषतया अध्यापन और परीक्षा के ढाँचा का प्रावधान इसी के अनुरूप किया गया।ज्ञान-सृजन और प्रसार की दृष्टि से अंग्रेजों द्वारा आरम्भ की गई और उनके वर्चस्व के प्रभाव में स्वतंत्र भारत में भी कायम रही। यह उच्च शिक्षा ज्ञान के क्षेत्र में भारत को सदा के लिए दोयम बनाये रखने का पक्का नुस्खा बन गया। यह मॉडल ज्ञान की प्रक्रिया का भारतीय आदर्श बन गया और अभी तक जारी है। लगातार अभ्यास के कारण दूसरे विकल्पों के प्रति हम उदासीन और तटस्थ होते गए। ज्ञान, कौशल और तकनीक के क्षेत्रों में परजीवी हो जाना स्वावलम्बन और विकास के लक्ष्य के विरुद्ध जाता है। उद्यमिता और सामाजिक प्रासंगिकता की दृष्टि से भी यह मॉडल अधिक उपयोगी नहीं रहा। हम स्थानीय प्रश्नों को भी दरकिनार रखे और वैश्विक संदर्भ के प्रति भी आवश्यकतानुसार संवेदनशील नहीं हो सके। आज जब उदारीकरण, वैश्वीकरण और अंतरराष्ट्रीयकरण का दौर आ चुका है तथा 'डिजिटल' और 'स्मार्ट' विश्वविद्यालयों की बात हो रही है हमारे देश के अनेक विश्वविद्यालय सोचझ्रविचार और प्रणाली की दृष्टि से स्तब्ध और किंकर्तव्यविमूढ़ बने हुए हैं। भारतीय समाज का बड़ा हिस्सा इस अर्थ में शिक्षा की दृष्टि से निरपेक्ष रहता है कि वह जो है उसके साथ अपना समायोजन बैठाने लगता है और शिक्षा यथास्थितिवाद का शिकार हो जाती है। सैद्धांतिक रूप से विश्वविद्यालय स्वायत्त संस्था होते हैं इसलिए सब अपने ढंग से कार्य करते हैं जिससे अच्छे बुरे हर तरह की पहल की छूट होती है। राज्य सरकार की अपनी मनमानी चलती है। वे अपने विवेक से काम करती है। उदाहरण के लिए कई प्रदेशों की सरकारें पूरे प्रदेश के विश्वविद्यालयों के लिए एक पाठ्यक्रम लागू करती हैं जिससे सर्जनात्मकता और विविधता को धक्का लगता है। आज उच्च शिक्षा की दृष्टि से देश संक्रमण की स्थिति में है। जिसके पास संसाधन हैं वह अपने बच्चों को जल्दी से जल्दी विदेश पढ़ने को भेजने की जुगत में है। देशी सरकारी संस्थान व्यवस्थागत कठिनाइयों से ग्रस्त हो रहे हैं। उनकी संख्या कम है और जो हैं वे संसाधनों के अभाव से जूझ रहे हैं। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## आज की बात

# चरित्र निर्माण में अध्यात्म की भूमिका


डॉ दीपक प्रसाद
सहायक आचार्य, शिक्षा संकाय, कार्तिक उरांव महाविद्यालय, रांची विश्वविद्यालय, रांची।

चरित्र निर्माण किसी भी व्यक्ति के व्यक्तित्व और समाज में उसकी पहचान का महत्वपूर्ण आधार होता है। यह केवल बाहरी आचरण तक सीमित नहीं है, बल्कि आंतरिक गुणों, आदर्शों और मूल्यों का समग्र रूप है। इस संदर्भ में, अध्यात्म की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण और गहन है। अध्यात्म व्यक्ति के अंतर्मन को शुद्ध करता है, उसकी सोच को सकारात्मक दिशा देता है, और उसे मानवीय गुणों की ओर प्रेरित करता है। अध्यात्म का अर्थ है आत्मा का ज्ञान, आत्मनिरीक्षण, और स्वयं के भीतर छिपी शक्ति को पहचानना। यह व्यक्ति को अपने अस्तित्व के उद्देश्य को समझने और सत्य, अहिंसा, प्रेम, करुणा, और दया जैसे उच्च आदर्शों को अपनाने के लिए प्रेरित करता है। चरित्र निर्माण न केवल व्यक्तिगत विकास के लिए आवश्यक है, बल्कि यह समाज और राष्ट्र के उत्थान में भी सहायक होता है। चरित्रवान व्यक्ति अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों को ईमानदारी से निभाता है और दूसरों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनता है। अध्यात्म व्यक्ति को आंतरिक शुद्धता प्रदान करता है। योग, ध्यान, प्रार्थना, और आत्मचिंतन जैसे आध्यात्मिक अभ्यास मन को शांत करते हैं और नकारात्मक विचारों को हटाकर सकारात्मकता का संचार करते हैं। जब व्यक्ति का मन और आत्मा शुद्ध होते हैं, तो उसके विचार, वचन, और कर्म भी स्वाभाविक रूप से श्रेष्ठ हो जाते हैं। अध्यात्म नैतिक मूल्यों की स्थापना में सहायक होता है। यह व्यक्ति को सही और गलत के बीच का भेद सिखाता है और सत्य, न्याय, और करुणा जैसे गुणों को अपनाने की प्रेरणा देता है। उदाहरण के लिए, भगवद्गीता में श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को दिए गए उपदेश न केवल युद्ध की परिस्थिति के लिए प्रासंगिक थे, बल्कि उनमें जीवन के हर क्षेत्र के लिए नैतिक शिक्षा और आत्मिक उन्नति का संदेश छिपा है। चरित्र निर्माण के लिए स्व-अनुशासन अनिवार्य है, और अध्यात्म इस अनुशासन को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। नियमित ध्यान और साधना व्यक्ति को अपनी इच्छाओं और प्रवृत्तियों पर नियंत्रण रखना सिखाते हैं। यह आत्मसंयम और आत्मनियंत्रण के माध्यम से व्यक्तित्व को सशक्त बनाता है। अध्यात्म व्यक्ति में सकारात्मक दृष्टिकोण और सेवा भावना का विकास करता है। यह सिखाता है कि जीवन का उद्देश्य केवल स्वयं का उत्थान नहीं, बल्कि दूसरों की भलाई में योगदान देना भी है। महात्मा गांधी, मदर टेरेसा, और स्वामी विवेकानंद जैसे महान व्यक्तित्व इसके उत्कृष्ट उदाहरण हैं, जिन्होंने अपने जीवन को मानवता की सेवा में समर्पित किया। इस दिशा में चरित्र निर्माण के लिए आध्यात्मिक उपाय भी सुझाए गए हैं। ध्यान और योगः मानसिक शांति और आत्मनिरीक्षण के लिए। प्रार्थना और स्वाध्यायः आत्मा को पवित्र करने और नैतिक मार्गदर्शन के लिए। सेवा और परोपकारः समाज के प्रति कर्तव्यबोध को मजबूत करने के लिए। संतों और महापुरुषों के विचारों का अध्ययनः प्रेरणा और मार्गदर्शन के लिए। आचरण की शुद्धताः सत्यनिष्ठा और सदाचरण के अभ्यास से। अध्यात्म व्यक्ति को बाहरी भौतिकता से परे ले जाकर आंतरिक विकास की ओर प्रेरित करता है।

## आपकी बात

# बरही से आईआईटी मद्रास तक का कठिन सफर


सौरव कुमार
गौरिया कर्मा, बरही।

मैं गोरिया कर्मा गांव का रहने वाला हूं। आज जब मैं आईआईटी मद्रास में पढ़ाई कर रहा हूं, तो पीछे मुड़कर अपने सफर को देखने पर दिल भर आता है। यह सफर आसान नहीं था, लेकिन हर चुनौती ने मुझे और मजबूत बनाया। यह कहानी उन सभी के लिए है जो सपने देखते हैं, लेकिन कभी-कभी उन्हें पूरा करने का हौसला खो बैठते हैं। मैंने अपनी 10वीं तक की पढ़ाई बरही के भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर से की। मेरे गांव में पढ़ाई के साधन सीमित थे। पुस्तकालय में किताबें कम थीं और स्कूल में सुविधाएं न्यूनतम थीं। लेकिन मेरे माता-पिता ने कभी मेरे सपनों को मरने नहीं दिया। मेरे पिता, ज्ञानदेव पंडित, एक साधारण एलआईसी एजेंट हैं, लेकिन उनका समर्पण और संघर्ष किसी महानायक से कम नहीं है। उन्होंने मुझे कोटा भेजने के लिए पैसों का इंतजाम कर्ज लेकर किया, ताकि मैं जेईई की तैयारी कर सकूं।जब मैंने कोटा जाने का फैसला लिया, तो यह आसान नहीं था। मेरे पिता के पास इतने पैसे नहीं थे कि वे मुझे वहां पढ़ने भेज सकें। गांव में सभी जानते थे कि मेरे पिता का वित्तीय स्थिति कैसी है, लेकिन उन्होंने अपने सभी संसाधनों को दांव पर लगाकर, कर्ज लेकर मुझे वहां भेजा। मेरे पिता का यह त्याग मेरे जीवन का सबसे बड़ा प्रेरणास्रोत बना। उनके बलिदान ने मुझे यह विश्वास दिलाया कि मैं भी अपने सपनों को साकार कर सकता हूं।कोटा पहुंचने के बाद हर दिन एक नई चुनौती थी। सुबह से रात तक कोचिंग क्लास, देर रात तक पढ़ाई, बार-बार टेस्ट देना और कई बार असफल होकर फिर से खुद को उठाना, यही मेरी दिनचर्या बन गई थी। बहुत से साथी थे, जो मुझसे बेहतर थे, और जब मुझे असफलता का सामना करना पड़ा, तो मन में कई बार सवाल उठते थे–क्या मैं अपने सपनों को पूरा कर पाऊंगा? लेकिन हर बार मेरे पिता का चेहरा और उनका संघर्ष मेरी आंखों के सामने आ जाता। उनके त्याग को देखकर मैं फिर से उठ खड़ा होता और दुगुनी मेहनत करने लगता।जेईई एडवांस्ड का रिजल्ट आने का दिन मेरे जीवन का सबसे बड़ा दिन था। जब मैंने अपना नाम और रैंक रिजल्ट लिस्ट में देखा, तो मेरी आंखों से आंसू बह निकले। ये आंसू सिर्फ मेरी मेहनत के नहीं थे, बल्कि मेरे पिता के संघर्ष, उनके कर्ज लेने की मजबूरी और मेरी मां के बिना बोले किए गए त्याग के थे। उस दिन मैंने समझा कि सफलता केवल व्यक्तिगत प्रयास नहीं है, बल्कि यह उन सभी लोगों का संघर्ष है जो आपके साथ खड़े रहते हैं।आज जब मैं आईआईटी मद्रास का हिस्सा हूं, तो मैं कभी अपने गांव, अपने पिता और उनके संघर्ष को नहीं भूल सकता। यह सफर सिर्फ मेरा नहीं है, यह उन सभी के लिए एक संदेश है जो बड़े सपने देखते हैं लेकिन अपने संघर्ष से घबराते हैं। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



## बोधि वृक्ष

**स्वयं का सुधार करने में प्रयासरत होते समय भी, अपने सद्गुणों और आत्म-मूल्यों में सुरक्षित अकेले डटे रहना सीखें। यदि आप चाहते हैं कि दूसरे आप पर विश्वास करें, तो यह याद रखें, केवल आपके शब्द ही प्रभावी नहीं होते हैं।**

# नकारात्मक भावनाओं पर विजय प्राप्त करना


श्री श्री परमहंस योगानंद

परिपूर्णता निरन्तर अपना सुधार करते रहने में ही निहित है, ताकि आप दूसरों को खोजें इसकी अपेक्षा, दूसरे आपको खोजेंगे। स्वयं का सुधार करने में प्रयासरत होते समय भी, अपने सद्गुणों और आत्म-मूल्यों में सुरक्षित अकेले डटे रहना सीखें। यदि आप चाहते हैं कि दूसरे आप पर विश्वास करें, तो यह याद रखें, केवल आपके शब्द ही प्रभावी नहीं होते हैं, अपितु आप क्या हैं और अपने भीतर क्या अनुभव करते हैं- आपकी आत्मा में क्या है। भीतर में सदैव देवता बनने का प्रयास करें, चाहे दूसरे लोग कैसा भी व्यवहार करें। सच्चे, दयालु, स्नेही और समझदार बनें। जब आपके पास कोई क्रोध में आता है तो स्वयं पर नियन्त्रण रखें। मैं क्रोध नहीं करूँगा। मैं शान्ति को तब तक व्यक्त करता रहूँगा जब तक उसकी भावना नहीं बदलती। जब कोई प्रिय व्यक्ति.... हमारे धैर्य की परीक्षा, हमारी सहनशक्ति की सीमा से अधिक करने का प्रयास करता है, तो हमें चाहिए कि हम किसी एकान्त स्थान में चले जाएँ, द्वार बन्द करके, कुछ शारीरिक व्यायाम करें, और निम्नलिखित विधि से स्वयं को शान्त करें। एक सीधी कुर्सी पर मेरुदण्ड सीधा रखकर बैठें; धीरे-धीरे बारह बार श्वास लें ओर छोड़ें। फिर दस या अधिक बार गहनता से मानसिक प्रतिज्ञापन करें, परमपिता! आप सामंजस्य हैं। मुझे आपके सामंजस्य को प्रतिबिम्बित करने दें।

(क्रमशः)

## फेसबुक वॉल से




## X से




## आज का दोहा

**पंछी जब उड़ने लगा, बेहद्दी आकाश।**
**मालिक को आई नहीं, उसकी हरकत रास।।**
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com
कॉल/ व्हाट्सएप 82925 53444। –संपादक

## देश की बात

# पाकिस्तान में इमरान के लिए प्रदर्शन और राजनीतिक संकट


डॉ हिदायत अहमद खान

पाकिस्तान में राजनीतिक संकट खड़ा हो जाना आश्चर्यजनक बात नहीं है। फिलहाल दुनियां में जिस तरह की उथल-पुथल मची हुई है, उस स्थिति में पाकिस्तानी आवाम का सड़कों पर उतर आना वाकई चिंता की बात है। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को रिहा किए जाने की मांग को लेकर सरकार के खिलाफ जारी विरोध प्रदर्शन अपने चरम पर है। हिंसक प्रदर्शन के बीच करीब 6 लोगों की मौत होने की भी खबर है। यह प्रदर्शन देश ही नहीं बल्कि पड़ोसी मुल्कों समेत अमेरिका तक को सोचने पर मजबूर कर रहा है। पड़ोसी देश इसलिए चिंतित होते हैं क्योंकि पाकिस्तान में हिंसा होने के बाद सीमा पर घुसपैठ जारी हो जाती है। इससे निपटने के लिए सीमा पर अलर्ट रहना होता है। बहरहाल पाकिस्तान में इमरान समर्थक बड़ी संख्या में सड़क पर उतर कर सरकार के खिलाफ विरोध कर रहे हैं। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) कार्यकर्ताओं ने आंदोलन को असरकारी बनाने के लिए इस्लामाबाद कूच किया, इससे हिंसा और टकराव की घटनाएं सामने आई हैं। इमरान की पत्नी बुशरा बीबी पहले ही ऐलान कर चुकी हैं कि पति की रिहाई तक इस्लामाबाद में जमी रहेंगी। इससे जनता और सरकार में टकराव की स्थिति बनती जा रही है। इसके चलते शहबाज सरकार ने सुरक्षा के मद्देनजर इस्लामाबाद को रेड जोन घोषित कर प्रदर्शनकारियों को हद में रहने का संदेश दे दिया है। रेड जोन एरिया में प्रधानमंत्री आवास, संसद और दूतावास समेत महत्वपूर्ण सरकारी दफ्तरों को शामिल किया गया है। पाकिस्तानी सेना की तैनाती कर दी गई है और सरकार ने आदेश जारी किया है कि अगर किसी प्रदर्शनकारी को रेड जोन के अंदर देखा गया तो उसे गोली मार दी जाएगी। खास बात यह है कि मौजूदा प्रदर्शन के दौरान करीब 30,000 से ज्यादा इमरान समर्थक राजधानी में मौजूद हैं। प्रदर्शनकारियों के हिंसक होने की वजह से कई स्थानों पर झड़पें भी हुई हैं, और इसमें जहां करीब आधा दर्जन लोगों के मारे जाने की खबर है तो वहीं एक पुलिसकर्मी की मौत की भी खबर आई है। ऐसे में कब स्थिति विस्फोटक हो जाए कहा नहीं जा सकता है। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पिछले साल से ही रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद हैं। उन्होंने जेल के अंदर से ही 24 नवंबर को विरोध प्रदर्शन के लिए करो या मरो का आह्वान किया था। इसी के साथ ही इमरान ने आरोप लगाया कि पाकिस्तान की सरकार ने संविधान का उल्लंघन किया है। उन्होंने 26वें संशोधन को तानाशाही शासन को बढ़ावा देने वाला बताया। इस समय इमरान के खिलाफ 200 से अधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें से कुछ में उन्हें दोषी भी ठहरा दिया गया है, जबकि कुछ मामलों में सुनवाई जारी है। ऐसे में जारी विरोध प्रदर्शनों का पाकिस्तान के सियासी हलके में खासा असर देखने को मिल रहा है। फिलहाल प्रदर्शनकारियों का मुख्य उद्देश्य इमरान की रिहाई है, लेकिन कब यह वर्तमान सरकार को सत्ता से हटाने वाला बन जाए कहा नहीं जा सकता है। यही वजह है कि पंजाब और इस्लामाबाद में पुलिस ने पीटीआई के 3500 से ज्यादा नेताओं और कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की इस कार्रवाई का प्रदर्शन पर उल्टा ही असर पड़ा है। यही वजह है कि गिरफ्तारियों के बावजूद, प्रदर्शनकारी सरकार के खिलाफ संघर्ष जारी रखे हुए हैं। प्रभावी विरोध प्रदर्शनों को देखते हुए अब अमेरिका ने भी पाकिस्तान सरकार को नसीहत देनी शुरू कर दी है। अमेरिकी विदेश विभाग ने स्पष्ट कहा है कि पाकिस्तान में प्रदर्शन करने वालों के मानवाधिकारों और मौलिक स्वतंत्रताओं का सम्मान किया जाना चाहिए। बात साफ है कि जब प्रदर्शन शांतिमय ढंग से हो रहा है तो उन पर जोर-जबरदस्ती करने की आवश्यकता नहीं है। बल्कि सरकार को चाहिए कि वह प्रदर्शनकारियों से बात-चीत के रास्ते खोले, जैसा कि अमेरिका ने पाकिस्तान से अपील की है। पाकिस्तान सरकार प्रदर्शनकारियों को शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखने का अधिकार दे और हिंसा से बचने का आग्रह करे। सवाल यह है कि इमरान की रिहाई के बगैर प्रदर्शनकारी मानने को तैयार नहीं हैं और सरकार ऐसा कोई कदम उठा नहीं सकती, जिससे उसकी अपनी पकड़ सत्ता पर कमजोर पड़ने लग जाए। इस स्थिति में पाकिस्तान का वर्तमान राजनीतिक संकट और विरोध प्रदर्शनों का बढ़ना देश की राजनीतिक अस्थिरता को उजागर कर रहा है। एक तरफ इमरान समर्थकों का सरकार के खिलाफ आंदोलन, जो पाकिस्तान में लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्थिरता पर सवालिया निशान लगा रहा तो दूसरी तरफ हिंसा और गिरफ्तारियों की बढ़ती घटनाएं देश की कानून-व्यवस्था के लिए खतरे की घंटी न साबित हो जाएं, इसकी चिंता भी मौजूदा सरकार को करनी होगी। पाकिस्तान में राजनीतिक असंतोष और विरोध प्रदर्शन के बीच इस्लामाबाद को छावनी में तब्दील कर दिया जाना अपने आप में संकट को उजागर करने जैसा ही है। चूंकि दुनियां में अनेक देशों के हालात भी सही नहीं चल रहे हैं। तृतीय विश्वयुद्ध के मुहाने पर दुनिया खड़ी नजर आ रही है। ऐसे में पाकिस्तान में जो घटनाएं घट रही हैं, वे केवल राजनीतिक असंतोष की नहीं, बल्कि एक देश की कानून-व्यवस्था और लोकतांत्रिक प्रणाली की स्थिरता पर गंभीर सवाल खड़ा कर रही हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाइट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# स्वच्छ, दिव्य-भव्य के साथ डिजिटल कुंभ के भी दर्शन : सीएम योगी

एजेंसी। लखनऊ (आईएएनएस)

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को 'संविधान दिवस' की बधाई देते हुए कहा कि भारत का संविधान जिन स्तंभों पर स्थित है, उसका आधार ही संवाद है। सीएम ने आगामी महाकुंभ-2025 को लेकर सरकार के कार्यों, प्रयासों की विस्तृत जानकारी देते हुए यूपी में साढ़े सात वर्ष में हुए सकारात्मक बदलाव की भी चर्चा की। सीएम ने कहा कि स्वच्छ कुंभ के साथ डिजिटल कुंभ के भी दर्शन होंगे। सीएम योगी ने कहा कि प्रयागराज कुंभ की बात करें तो लगता था कि हम सबने कुंभ को गंदगी, भगदड़ और अव्यवस्था का पर्याय बना दिया था। कुंभ मेले के प्रभारी मंत्री का दायित्व भी ऐसे लोगों को दिया जाता था, जिन लोगों में श्रद्धा, परंपरा, संस्कृति व विरासत के प्रति सम्मान नहीं था। हमने विरासत के प्रति सम्मान, श्रद्धा का भाव रखा। प्रयागराज कुंभ की व्यवस्था को देखकर पीएम मोदी की प्रेरणा से 2019 में यूनेस्को ने मानवता के अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर के रूप में कुंभ को मान्यता दी है। उन्होंने बताया कि प्रयागराज महाकुंभ 13 जनवरी से 26 फरवरी तक चलेगा। 13 जनवरी को पौष पूर्णिमा का स्नान होगा। 14 जनवरी को मकर संक्रांति का शाही स्नान होगा। 29 जनवरी को मौनी अमावस्या, 3 फरवरी बसंत पंचमी, 12 फरवरी को माघ पूर्णिमा व 26 फरवरी को महाशिवरात्रि का स्नान होगा। दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक, आध्यात्मिक व सांस्कृतिक आयोजन में से एक प्रयागराज कुंभ का आयोजन इस बार 45 दिन का होगा।

सीएम योगी ने कहा कि 2014 के पहले गंगा की पहचान गांगेय डॉल्फिन थी, वह समाप्त हो गई थी। अब फिर से वह देखने को मिली थी। अब कोई भी ड्रेनेज, सीवर गंगा जी में नहीं जाएगा। श्रद्धालुओं को अविरल व निर्मल गंगा के दर्शन होंगे। स्वास्थ्य सेवाओं के लिए अस्थायी रूप से नए हॉस्पिटल का निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। गवर्नमेंट हॉस्पिटल व मेडिकल कॉलेज को विशेष रूप से तैयार किया गया है। 2019 के कुंभ में जीरो लिक्विड डिस्चार्ज की पुख्ता व्यवस्था की गई थी। उस समय 1.14 लाख शौचालय बनाए थे। इसकी नियमित सफाई होती थी। 2025 महाकुंभ में डेढ़ लाख शौचालय बनाए जा रहे हैं। स्वच्छ कुंभ के साथ डिजिटल कुंभ के भी दर्शन होंगे। डिजिटल स्वच्छता, सुरक्षा, डिजिटल पार्किंग व कुंभ की पूरी मैपिंग डिजिटल प्लेटफॉर्म पर मिलेगी।



## 45 दिन में 35-40 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान

सीएम ने महाकुंभ-2025 को लेकर सरकार की तैयारियों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि केंद्र व राज्य सरकार मिलकर कार्य कर रही है। 2019 कुंभ में 23-24 करोड़ श्रद्धालु आए थे। इस बार 45 दिन में 35-40 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। वायु, रेल के साथ ही सड़क मार्ग के जरिए प्रयागराज फोर व सिक्स लेन से जुड़ सके। इसकी तैयारी भी युद्ध स्तर पर चल रही है। कुंभ के क्षेत्रफल में भी विस्तार किया गया है। 2019 कुंभ का क्षेत्रफल 3,200 हेक्टेयर था, 2025 महाकुंभ का क्षेत्रफल 4,000 हेक्टेयर में होगा। इसे 25 सेक्टर में विभाजित किया गया है। इसके अलावा पार्किंग की भी सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि सरकार इंतजाम कर रही है कि संगम तट तक पहुंचने के लिए डेढ़-दो किमी. से अधिक की यात्रा न करनी पड़े। सरकार ने अलग-अलग रूट पर 1,850 हेक्टेयर से अधिक में पार्किंग स्थल चिह्नित किया है। यह स्थल संगम तट से दो से पांच किमी. के दायरे में होंगे। वहां से इलेक्ट्रॉनिक, परिवहन निगम के 7,000 बस से कुंभ स्थल तक लाने की व्यवस्था होगी। सीएम योगी ने बताया कि 2019 कुंभ में 9 रोड फ्लाईओवर व 6 अंडरपास बनाए गए थे। इस बार 14 रोड ओवरब्रिज का निर्माण हो रहा है। गत कुंभ में चार पक्के घाट थे, महाकुंभ में 9 पक्के स्नान घाट बनाए जा रहे हैं। इन पर युद्ध स्तर पर कार्य चल रहा है। 30 नवंबर तक इन कार्यों को संपन्न कर लिया जाएगा। रिवर फ्रंट का भी निर्माण हो रहा है। 2019 में अस्थायी घाट 8 किमी. के थे, इस बार 12 किमी. के होंगे। इस बार 550 शटल बस लगाई जाएंगी। बस स्टैंड भी सात स्थान पर बनाए गए हैं। सड़क चौड़ीकरण के दृष्टिगत सिंगल लेन को डबल लेन, टू लेन की सड़क फोर, फोर लेन को सिक्स लेन बनाने का कार्य तेजी से चल रहा है।

# मंत्रोच्चार से 'यशोदा' ने बचाई 'कृष्णा' की जान

एजेंसी। मुंबई (आईएएनएस)



दुबई से मुंबई आने वाली एयर इंडिया फ्लाइट इमरजेंसी लैंडिंग को थी तैयार

दुबई से मुंबई आने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट संख्या 984 को अचानक मेडिकल इमरजेंसी लैंडिंग के लिए कराची उतारने की सभी तैयारी पूरी हो चुकी थी। अधेड़ महिला की सांसें थमने लगी थीं, लेकिन ऐसे वक्त में ही सनातन पर अटूट विश्वास और मंत्रोच्चार के सहारे उन्हें बचा लिया गया। और, ये काम कर दिखाया यशोदा नाम की सनातन के प्रति समर्पित महिला ने। जानकारी के मुताबिक, शनिवार रात करीब लगभग डेढ़ बजे एयर इंडिया का विमान दुबई से मुंबई आ रहा था। जब विमान पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र में था, तो विमान में मौजूद कृष्णा नाम की महिला अचानक बेहोश होकर गिर गई। उनकी सांसें थमने लगी थीं। विमान में मौजूद डॉक्टर ने ये कह कर और टेंशन बढ़ा दी कि महिला यात्री की पल्स रेट तेजी से नीचे जा रही है। ऐसे में पायलट और स्टाफ को ये फैसला करना पड़ा कि विमान को कराची में लैंड कराना पड़ेगा। ऐसी स्थिति में विमान में बैठे यात्रियों के बीच अफरातफरी का माहौल था। विमान में बैठी महिला यात्री यशोदा ने हालात को समझते हुए पायलट से आग्रह किया किया कि मैं महिला यात्री की मदद करना चाहती हूं। उन्होंने कहा कि मेरी मदद से शायद वे ठीक हो जाएं।

### भाजपा मुख्यालय में आयोजित 'संविधान दिवस समारोह' में बोले जेपी नड्डा

# प्रधानमंत्री ने की संविधान की रक्षा



एजेंसी। नई दिल्ली (हि.स.)

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मंगलवार को कहा कि हमारे संविधान की व्याख्या को दुर्भावनापूर्ण प्रयासों के माध्यम से विकृत और गलत तरीके से प्रस्तुत किया गया है, जिसका उद्देश्य व्यक्तिगत एजेंडों को पूरा करना और संविधान की आत्मा को कमजोर करना है। नड्डा यहां भाजपा मुख्यालय में आयोजित 'संविधान दिवस समारोह' को संबोधित कर रहे थे। नड्डा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जो लंबे समय तक सत्ता में रही, उसने बाबा साहब आंबेडकर का हमेशा अपमान किया। कांग्रेस पार्टी के शासनकाल में ही दो साल के लिए आपातकाल लगाया गया था। हम सभी जानते हैं कि आपातकाल के दौरान अनुच्छेद 19, 21 और 22 को निलंबित कर दिया गया था। इन मौलिक अधिकारों को प्रभावी ढंग से छीन लिया गया था। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को दबा दिया गया था और धर्म का पालन करने की स्वतंत्रता से वंचित किया गया था।उन्होंने कहा कि देश को पता होना चाहिए कि देश के सामने संविधान को सही तरीके से पेश करने में किस पार्टी का योगदान है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संविधान की रक्षा की। उन्होंने कहा कि बाबा साहब आंबेडकर को कांग्रेस ने भारत रत्न नहीं दिया, जबकि देश में लंबे समय तक कांग्रेस सत्ता में थी लेकिन बाबा साहब को भारत रत्न तब मिला, जब भाजपा सत्ता में आई। जेपी नड्डा ने कहा, आज के दिन हम बाबा साहब आंबेडकर को याद करते हैं। आज के ही दिन जब हम 26 नवंबर को याद करते हैं, तो आवश्यक यह भी हो जाता है कि हम 26/11 को भी याद करें। आज के ही दिन मुंबई में जो हमले हुए, उसमें आम लोग, हमारे नागरिक बंधु और विदेशी पर्यटक भी कुछ हताहत हुए। साथ में कुछ सुरक्षा कर्मचारी भी शहीद हुए। आज उनको भी याद करना आवश्यक है। अगर हम संविधान दिवस की बात करें, तो बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की तरफ से हम लोगों को संविधान बहुत बड़ा गिफ्ट है। हमारी जिम्मेदारी बनती है कि हम उसका सदुपयोग करते हुए देश को आगे बढ़ाने का काम करें।उन्होंने कहा कि संविधान गौरव यात्रा की शुरुआत नरेंद्र मोदी (मौजूदा प्रधानमंत्री) ने उस वक्त की थी, जब वे गुजरात के मुख्यमंत्री थे। इसके साथ ही यह भी ऐतिहासिक सत्य है कि जब वह 2014 में भारत के प्रधानमंत्री बने, तो 19 नवंबर 2015 को हमारे सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्रालय ने नोटिफिकेशन निकाला कि संविधान दिवस 26 नवंबर को मनाया जाएगा।

## दलितों, पिछड़ों व आदिवासियों की राह में दीवार खड़ी कर रही भाजपा : राहुल गांधी



नई दिल्ली (हि.स.)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को एक बार फिर जाति जनगणना का मुद्दा उठाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली केंद्र सरकार पर दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों की प्रगति के रास्ते में दीवार खड़ी करने का आरोप लगाया।

राहुल गांधी कांग्रेस पार्टी की ओर से संविधान दिवस पर आज दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित संविधान रक्षक अभियान कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि आदिवासी, दलित और पिछड़ों से कहा जाता है कि देश आपका है और इसमें आपकी भागीदारी है, लेकिन जब हम डाटा देखते हैं, तो यह झूठा साबित होता है। डाटा बताता है कि देश का पूरा बजट 90 लोगों के हाथ में है। इनमें से तीन दलित, तीन ओबीसी और एक आदिवासी वर्ग के लोग हैं। भाजपा के लोग इस वर्ग के विकास के रास्ते में दीवार खड़ी कर रहे हैं। इस अवसर पर अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि देश के संसाधन 25 अरबपतियों के पास हैं। टाटा, बिड़ला अंबानी और अडानी ना दलित हैं और ना ही आदिवासी हैं। कार्यक्रम के दौरान एक बार के लिए बिजली कट के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी का भाषण बीच में रुक गया। माइक दोबारा चालू होने पर उन्होंने कहा कि पिछले तीन हजार साल से इस देश में दलितों, आदिवासियों और पिछड़ों के मुद्दे उठाने वालों का माइक बंद कर दिया जाता रहा है।

# संविधान दिवस की 75वीं वर्षगांठ पर ₹75 का विशेष सिक्का व डाक टिकट

- ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत के संविधान को अंगीकार किए जाने का 75वां वर्ष मंगलवार (26 नवंबर) को पूरा हुआ। इस अवसर पर संविधान दिवस का एक विशेष कार्यक्रम संविधान सदन (पुराने संसद भवन) के सेंट्रल हॉल में आयोजित किया गया। यहां राष्ट्रपति ने संविधान दिवस की 75वीं वर्षगांठ पर 75 रुपये का एक विशेष सिक्का व एक डाक टिकट जारी किया। यह डाक टिकट संविधान की उन मूल भावनाओं का प्रतीक है, जो भारत को एकजुट करती है और हमें आगे बढ़ने का मार्ग दिखाती है।

राष्ट्रपति ने इस 'संविधान दिवस' के अवसर पर संसद के दोनों सदनों के सदस्यों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि संविधान हमारे देश का सबसे पवित्र ग्रंथ है। आज हम सब इस ऐतिहासिक अवसर के भागीदार बने हैं और साक्षी भी बने हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि 75 वर्ष पहले संविधान सदन के इसी केंद्रीय कक्ष में आज ही के दिन संविधान सभा ने नवस्वाधीन देश के लिए संविधान निर्माण का बहुत बड़ा कार्य संपन्न किया था। उस दिन संविधान सभा के माध्यम से हम भारत के लोगों ने इस संविधान को अपनाया था। हमारा संविधान हमारे व्यक्तिगत और सामूहिक स्वाभिमान को सुनिश्चित करता है। संविधान सदन में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में पुस्तकों का विमोचन भी किया गया। इसके साथ ही मंगलवार को ही यहां राष्ट्रपति ने भारत के संविधान के संस्कृत और मैथिली संस्करण का संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में विमोचन किया। इस दौरान राष्ट्रपति के साथ उपराष्ट्रपति व राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय संसदीय मंत्री किरण रिजिजू, राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राज्यसभा के नेता सदन जेपी नड्डा, लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी व राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश भी उपस्थित रहे। संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में राज्यसभा और लोकसभा के सांसद व अन्य वरिष्ठ लोग इस अवसर पर उपस्थित रहे। मालूम हो कि बीते सोमवार 25 नवंबर से संसद का शीतकालीन सत्र शुरू हुआ है, जो 20 दिसंबर तक चलेगा।

# संविधान पर दो दिवसीय चर्चा चाहता है विपक्ष

एजेंसी। नई दिल्ली (हि.स.)



कांग्रेस ने संविधान को अंगीकृत करने की 75वीं वर्षगांठ पर संसद के दोनों सदनों में दो दिवसीय चर्चा कराए जाने की मांग की है। कांग्रेस अध्यक्ष एवं राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने अपने सदनों में क्रमशः सभापति और अध्यक्ष को पत्र लिखकर अपना आग्रह प्रकट किया है।कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने संसद परिसर में पत्रकारों से बातचीत में आज इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पहले भी ऐसे अवसरों पर विशेष चर्चा कराई गई है। कांग्रेस और इंडी गठबंधन चाहता है कि इस महत्वपूर्ण अवसर पर दोनों सदनों में सभी राजनीतिक दलों और उनके नेताओं को संविधान पर अपना श्रद्धा प्रकट करने का अवसर मिले।

उन्होंने कहा कि डॉ बीआर अंबेडकर की 125वीं जन्म जयंती, भारत छोड़ो आंदोलन की 75वीं वर्षगांठ और स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ पर भी इस तरह की चर्चाएं आयोजित की जा चुकी हैं।

# आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्टए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 26/11 के शहीदों को दी श्रद्धांजलि, कहा

# भारत आतंकवाद को हराने के लिए है प्रतिबद्ध

एजेंसी। नई दिल्ली (आईएएनएस)

26/11 मुंबई आतंकवादी हमलों की 16वीं बरसी पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत तमाम नेताओं ने शहीदों को श्रद्धांजलि दी है। जम्मू कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने भी उन्हें याद करते हुए कहा- मैं उनकी वीरता को सलाम करता हूं। राष्ट्रपति मुर्मू ने एक्स पोस्ट में कहा, 26 नवंबर 2008 को मुंबई में हुए कायरतापूर्ण आतंकवादी हमलों की वर्षगांठ पर मैं पूरे देश के साथ उन बहादुरों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं, जिन्होंने अपनी जान गंवाई। एक कृतज्ञ राष्ट्र अपने उन बहादुर सुरक्षाकर्मियों को सलाम करता है, जिन्होंने हमारे लोगों की रक्षा करते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। यह इस बात को दोहराने का भी दिन है कि भारत सभी प्रकार के आतंकवाद को हराने के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध है।केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पोस्ट पर लिखा, साल 2008 में आज ही के दिन मुंबई में कायर आतंकवादियों ने निर्दोष लोगों की हत्या कर मानवता को शर्मसार किया था। 26/11 के मुंबई हमलों में आतंकियों से लड़ते हुए वीरगति को प्राप्त होने वाले





जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और अपना जीवन गंवाने वाले लोगों को नमन करता हूं। आतंकवाद समूची मानव सभ्यता के लिए कलंक है। आतंकवाद के खिलाफ मोदी सरकार की 'जीरो टॉलरेंस' की नीति को पूरे विश्व ने सराहा है और आज भारत आतंक विरोधी पहलों में विश्व में अग्रणी बना है। वहीं, जम्मू कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने मंगलवार को 26/11 हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इसके साथ ही संविधान दिवस पर संविधान निमार्ताओं के योगदान को याद किया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 26/11 मुंबई आतंकवादी हमले में अपनी जान गंवाने वाले लोगों को मेरी श्रद्धांजलि। मैं हमारे सुरक्षाबलों के बहादुर जवानों और उन व्यक्तियों की वीरता को सलाम करता हूं, जो मातृभूमि की संप्रभुता और अखंडता की रक्षा के लिए बहादुरी से लड़े।

## भाजपा ने मुंबई हमले की बरसी पर मां भारती के सपूतों को किया नमन

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार को 26/11 मुंबई हमले की बरसी का स्मरण करते हुए वर्ष 2008 की इस आतंकी घटना में जान गंवाने वाले सभी लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की। भाजपा ने एक्स हैंडल पर लिखा, 'मुंबई आतंकी हमले में मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना बलिदान देने वाले मां भारती के सभी सपूतों को सादर नमन।' उल्लेखनीय है कि स्वतंत्र भारत के इतिहास में यह सबसे बड़े आतंकी हमलों में से एक था। इस हमले में 18 सुरक्षाकर्मियों सहित 166 लोग मारे गए थे और 300 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। आतंकवादी पाकिस्तान के कराची से आए थे।

## पीएम के 'विकसित भारत' पहल से जुड़े आयुष्मान खुराना व पीवी सिंधु

**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के एपिसोड में 'विकसित भारत युवा नेता संवाद' की विशेषता वाले 'राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2025' की घोषणा की थी। दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु और बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना भी राष्ट्र निर्माण पहल में जुड़ गए हैं। बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना और दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु ने भारतीयों और खासकर युवाओं से देश को मजबूत बनाने में मदद करने के लिए राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की।आयुष्मान और पीवी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर युवाओं से भारत के विकास और प्रगति में योगदान देने का आग्रह किया। पीएम मोदी का वीडियो शेयर करते हुए, आयुष्मान ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा, क्विज खेलो, पीएम साहब से मिलो और विकसित भारत युवा नेता संवाद में एक मजबूत भारत के लिए अपने विचार साझा करो।

25 नवंबर से 'मेरा भारत प्लेटफॉर्म' पर विकसित भारत क्विज में भाग लें और विकसित भारत संवाद के लिए चुने जाने की अपनी यात्रा शुरू करें।

## चार राज्यों की छह राज्यसभा सीटों पर उपचुनाव 20 को

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने मंगलवार को चार राज्यों की 6 राज्यसभा सीटों पर उपचुनाव की घोषणा की है। इसमें आंध्र प्रदेश की तीन और ओडिशा, पश्चिम बंगाल तथा हरियाणा की एक-एक सीट शामिल है। चुनाव आयोग के अनुसार उपचुनाव के लिए अधिसूचना 3 दिसंबर को जारी की जाएगी और मतदान 20 दिसंबर को होगा। उसी दिन नतीजे आएंगे। उल्लेखनीय है कि ये सभी सीटें वेंकटरमण राव मोपीदेवी, जवाहर सरकार और कृष्ण लाल पंवार के इस्तीफे के कारण रिक्त हुई थीं।

## एकनाथ शिंदे ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पद से दिया इस्तीफा

**मुंबई।** मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे मंगलवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मिले और मुख्यमंत्री पद से अपना इस्तीफा सौंप दिया है। राज्यपाल ने एकनाथ शिंदे को नया मुख्यमंत्री बनने तक कार्यवाहक मुख्यमंत्री के रूप में काम करने को कहा है। राज्यपाल जल्द ही राज्य की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी को सरकार बनाने का न्योता देंगे। राज्य में 14वीं विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को समाप्त हो रहा है। इसी वजह से मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री अजीत पवार आज दिन में 11 बजे मुंबई में राजभवन में पहुंचे थे।


**JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED**
(Govt. of Jharkhand Undertaking)
JUIDCO Bhawan, Kutchery Chowk,
Ranchi-834001, Jharkhand.
Ph No.: +91-651-2225878;
e-mail Id-; pdt.juidco@gmail.com
CIN: U45200JH2013SGC001752

**TENDER CANCELLATION NOTICE** 25/11/2024

NIT No: - JUIDCO/NIT/Chatt-Hari/UWSS/635
Tender ID: - 2024_UDD_95653_1
PR No:- 338636
Project Title: **Chhatarpur & Hariharganj Integrated Urban Water Supply Scheme with 5 years of Operation and Maintenance**
The tender having details as mentioned above is cancelled due to unavoidable reasons. All bidders are therefore requested to wait for future correspondence regarding fresh tender.

Sd/-
Project Director (Tech.)
JUIDCO Ltd., Ranchi

PR 340381 (Urban Development and Housing)24-25*D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा**
Email Id- eengbcdgarhwa-jhr@nic.in

-: निविदा शुद्धि पत्र :-

एतद् द्वारा भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड में निबंधित संवेदको को सूचित किया जाता है कि प्रकाशित निविदा आमंत्रण सूचना– 18/2024–25 जन सम्पर्क विभाग के **PR 339253 (Building) 24-25(D)** से प्रकाशित निविदा को दिनांक– 06.12.2024 प्रपरिमाण विपत्र की बिक्री एवं निविदा प्राप्ति की तिथि– 07.12.2024 है। निविदा की अन्य शर्तें यथावत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, गढ़वा

PR 340390 Building (24-25)_D



**न्यायालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, लातेहार**
**(जिला विधि शाखा)**

सी0सी0ए0 वाद संख्या–41/2024
नोटिस
बनाम्
किशोर नायक उर्फ अभय जी, पे0–सुरेश नायक,
सा0–सोंस, थाना–चंदवा, जिला–लातेहार।

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि आपके विरूद्ध झारखण्ड अपराध नियंत्रण अधिनियम 2002 की धारा–3(1) के अन्तर्गत गठित आरोप पत्र पर न्यायालय में उपस्थित होकर पक्ष रखने हेतु निर्गत नोटिस के बावजूद आप लगातार अनुपस्थित हैं।

अतः आपको अंतिम रूप से सूचित किया जाता है कि दिनांक 29.11.2024 को न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से पक्ष रखना सुनिश्चित करें। अन्यथा अभिलेख में उपलब्ध दस्तावेज के आधार पर एकपक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा।

ताकिद सख्त जाने।

प्रभारी उप समाहर्ता,
जिला विधि शाखा, लातेहार

PR 340349 (District)24-25*D

## स्वदेश लौटे गौतम गंभीर

**पर्थ (हि.स.)।** भारतीय क्रिकेट टीम के कोच गौतम गंभीर पारिवारिक आपात स्थिति के कारण वापस दिल्ली लौट गए हैं। वह 6 दिसंबर से एडिलेड में होने वाले दूसरे टेस्ट से पहले ऑस्ट्रेलिया वापस लौटेंगे। इस बीच, रोहित शर्मा की टीम बुधवार को कैनबरा जाएगी, जहां 30 नवंबर और 1 दिसंबर को मनुका ओवल में प्रधानमंत्री एकादश के खिलाफ मैच खेला जाएगा। गंभीर की अनुपस्थिति में सहायक कोच अभिषेक नायर, रेयान टेन डोशेट और मोर्ने मोर्कल कैनबरा में गुलाबी गेंद से होने वाले मैच के लिए टीम की कमान संभालेंगे। यह मैच 6 दिसंबर से एडिलेड में होने वाले डे-नाइट टेस्ट से पहले खेला जाएगा।

## विश्व शतरंज चैंपियनशिप: गुकेश ने दूसरी बाजी ड्रॉ कराई

**सिंगापुर(आईएएनएस)।** भारतीय चैलेंजर गुकेश डोमराजू ने मंगलवार को यहां सैंटोसा रिसॉर्ट्स में विश्व चैंपियनशिप 2024 के अपने मुकाबले की दूसरी बाजी में चीन के विश्व चैंपियन डिंग लिरेन को ड्रा पर रोक दिया, इस 14 गेम के मुकाबले में पहला गेम हारने के बाद उन्होंने अपना खाता खोला। 18 साल की उम्र में खिताब जीतने और सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियन बनने के प्रबल दावेदार माने जा रहे गुकेश को सोमवार को पहले गेम में करारी हार का सामना करना पड़ा था। इसलिए, काले मोहरों के साथ डिंग को ड्रॉ पर रोकना उनके आत्मविश्वास के लिए अच्छा रहा। दूसरे गेम में, भारतीय ग्रैंडमास्टर ने पहले दिन की अपनी घबराहट को शांत किया। मंगलवार को, भारतीय किशोर विश्व चैंपियन द्वारा किए गए एक आश्चर्यजनक हमले से बच गए, जिन्होंने किंग पॉन ओपनिंग में शायद ही कभी खेली जाने वाली लाइन चुनी, लेकिन चालों की तीन गुना पुनरावृत्ति के माध्यम से खेल को बराबरी पर लाने के लिए स्थिति को बेअसर कर दिया। मैच 23 चालों में समाप्त हुआ। सफेद मोहरों के साथ खेलने वाले डिंग को लगा कि वे कुछ लाइनों से चूक गए, जो उन्हें बड़ा लाभ दे सकती थीं।



**चीनी जीएम जो अपने प्रतिद्वंद्वी से 14 साल बड़े हैं, ने खुद को ज्यादा थका नहीं और समय की कमी से बचा लिया और गुकेश से हाथ मिलाकर खुशी-खुशी अंक साझा किया।**

आईपीएल 2025

## मेगा नीलामी में बिके पांच सबसे महंगे खिलाड़ी और पांच अनसोल्ड खिलाड़ी

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** सऊदी अरब के जेद्दा में आयोजित आईपीएल 2025 की नीलामी में कई रिकॉर्ड तोड़ने वाले सौदे देखने को मिले। 72 खिलाड़ियों पर 467.95 करोड़ रुपये खर्च करने के साथ, फ्रेंचाइजी ने अपनी टीमों को मजबूत करने के लिए पैसे लुटाने में कोई हिचकिचाहट नहीं दिखाई। नीलामी का मुख्य आकर्षण ऋषभ पंत रहे, जिन्होंने नीलामी के सभी रिकॉर्ड तोड़ते हुए आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी बनने का गौरव हासिल किया। लखनऊ सुपर जायंट्स ने इस स्टार विकेट कीपर को 27 करोड़ रुपये में खरीदा।

### महंगे खिलाड़ी



**ऋषभ पंत (27 करोड़, लखनऊ):** ऋषभ पंत आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए हैं। उन्हें लखनऊ सुपर जायंट्स ने 27 करोड़ रुपये में खरीदा। लखनऊ ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, सनराइजर्स हैदराबाद और दिल्ली कैपिटल्स जैसी टीमों के खिलाफ बोली लगाई, जिसमें दिल्ली कैपिटल्स अपने पूर्व कप्तान को वापस पाने की होड़ में सबसे आगे थी। पंत, 111 मैचों में 3,284 रन और 148.9 की स्ट्राइक रेट के साथ एक शानदार बल्लेबाज हैं। साथ ही वह एक अच्छे कप्तानी विकल्प हैं, जो लखनऊ की बल्लेबाजी लाइनअप को मजबूत करेगी ।



**श्रेयस अय्यर (26.75 करोड़ रुपये, पंजाब):** कोलकाता नाइट राइडर्स को 2024 में आईपीएल खिताब जिताने वाले श्रेयस अय्यर, अब पंजाब किंग्स की जर्सी में नजर आएंगे। पंजाब ने 26.75 करोड़ रुपये की मोटी रकम देकर उन्हें खरीदा है। इस बोली में पंजाब, दिल्ली कैपिटल्स और कोलकाता ने हिस्सा लिया था। अय्यर ने सबसे ज्यादा पैसे पाने वाले खिलाड़ी के तौर पर आईपीएल 2024 में मिशेल स्टार्क का रिकॉर्ड तोड़ दिया।



**वेंकटेश अय्यर (23.75 करोड़ रुपये, केकेआर):** टीम से पहले रिलीज किए जाने के बावजूद कोलकाता नाइट राइडर्स ने वेंकटेश अय्यर को 23.75 करोड़ रुपये में फिर से हासिल करने के लिए हर संभव कोशिश की। अपने ऑलराउंडर प्रदर्शन के लिए जाने जाने वाले अय्यर ने केकेआर की सफलता में अहम भूमिका निभाई और फ्रेंचाइजी के लिए एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी रहे हैं। 2021 में डेब्यू करने के बाद से अपने 51 आईपीएल मैचों में अय्यर ने 137.13 की स्ट्राइक रेट से 1,326 रन बनाए हैं।



**अर्शदीप सिंह (18 करोड़ रुपये, पंजाब):** भारत के टी20 टीम के मुख्य तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह का प्रदर्शन पिछले कुछ साल में शानदार रहा है। उम्मीद के मुताबिक नीलामी में उन पर कई टीमों ने दाव खेला। चेन्नई, दिल्ली, राजस्थान और गुजरात जैसी टीमों ने आक्रामक पेशकश की। हालांकि, पंजाब सुपर किंग्स ने उन्हें रिटेन करने के लिए अपने राइट टू मैच कार्ड का इस्तेमाल किया और 18 करोड़ रुपये में इस खिलाड़ी को एक बार फिर अपने साथ जोड़ा। 25 वर्षीय बाएं हाथ के तेज गेंदबाज है।



**युजवेंद्र चहल ( 18 करोड़ रुपये, पंजाब)।** आईपीएल में 205 विकेट लेने वाले गेंदबाज युजवेंद्र चहल 18 करोड़ रुपये में पंजाब के सबसे बड़े स्पिन गेंदबाज बन गए। गुजरात, चेन्नई और लखनऊ ने शुरूआत में इस स्टार लेग स्पिनर के लिए प्रतिस्पर्धा की, लेकिन पंजाब ने आखिरकार जीत हासिल की। 160 आईपीएल मैचों में शानदार रिकॉर्ड के साथ चहल पंजाब के गेंदबाजी आक्रमण में अनुभव और मैच जीतने का हुनर दोनों लेकर आते हैं। मुंबई, बेंगलुरु और राजस्थान के साथ खेलने के बाद यह चहल की चौथी आईपीएल टीम होगी।

### अनसोल्ड खिलाड़ी



**पृथ्वी शॉ (बेस प्राइस 75 लाख रुपये):** दिल्ली कैपिटल्स से रिलीज किए जाने के बाद कोई भी इस ओपनर को नहीं खरीदना चाहता था। उन्होंने कैपिटल्स के साथ अपने करियर की शुरूआत की और 79 मैच खेले, जिसमें 1893 रन बनाए। पिछले दो सीजन में वे केवल 16 मैच ही खेल पाए। पिछले सीजन में उन्होंने केवल 198 रन बनाए। वह गलत कारणों और फिटनेस संबंधी चिंताओं के कारण चर्चा में रहे।



**डेरिल मिचेल (बेस प्राइस 2 करोड़ रुपये):** न्यूजीलैंड के इस दिग्गज खिलाड़ी ने 2 करोड़ रुपये के बेस प्राइस पर आईपीएल 2025 मेगा नीलामी के लिए खुद को रजिस्टर किया था। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने आईपीएल के पिछले संस्करण में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेला था लेकिन वह भी इस बार अनसोल्ड रहे।



**एंडरसन** को उम्मीद थी कि कोई ना कोई टीम तो उन्हें आईपीएल ऑक्शन में जरूर खरीदेगी, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। 1.25 करोड़ के बेस प्राइस के एंडरसन को खरीदना तो छोड़िए, उनका नाम ही ऑक्शन में नहीं लिया गया।



**शार्दुल ठाकुर (बेस प्राइस 2 करोड़ रुपये):** इस स्टार ऑलराउंडर का अनसोल्ड रहना एक बहुत बड़ा आश्चर्य था। चेन्नई सुपर किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के लिए अपनी छाप छोड़ने के बाद, शार्दुल को अच्छी डील मिलने की उम्मीद थी। हालांकि, वह नीलामी के दूसरे दिन आए जब टीमों के पास बहुत ज्यादा पैसे नहीं थे।



**डेविड वॉर्नर (बेस प्राइस 2 करोड़ रुपये):** यह आईपीएल में सबसे यादगार करियर में से एक का अंत है। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई ओपनर को 2 करोड़ रुपये में कोई खरीदार नहीं मिला। अब सवाल यह है कि क्या हम उन्हें कमेंटेटर के तौर पर टूर्नामेंट में देखेंगे? वह पहले दिन की ही तरह दूसरे दिन भी अनसोल्ड रहे। डेविड वॉर्नर का ना बिकना हैरानी की बात रही।

## 'हमने जो टीम चुनी है, उससे बहुत खुश हूं' :आकाश अंबानी

**जेद्दा, (आईएएनएस)।** आईपीएल 2025 की नीलामी के बाद जेद्दा में पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस के मालिक आकाश अंबानी ने अपनी टीम में शामिल नए खिलाड़ियों पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि उनकी टीम के लिए नीलामी सफल रही। मुंबई इंडियंस ने आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी से पहले अपने मुख्य खिलाड़ियों को बरकरार रखा और अपने गेंदबाजी आक्रमण को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया। ट्रेंट बोल्ट और दीपक चाहर को शामिल करने का मकसद जसप्रीत बुमराह को अतिरिक्त सहायता प्रदान करना है और टीम की तेज गेंदबाजी को मजबूत करना था। यह तीन खिलाड़ी एक शानदार तेज गेंदबाजी तिकड़ी बनाते हैं। बल्लेबाजी के मोर्चे पर, विल जैक्स की एंट्री से लाइनअप में गहराई और बहुमुखी प्रतिभा जुड़ गई है, जो आगामी आईपीएल 2025 सीजन के लिए फ्रेंचाइजी के लिए एक महत्वपूर्ण बढ़ावा है। आकाश ने जियोसिनेमा से कहा, मुझे लगता है कि हमने जो टीम चुनी है उससे हम बहुत

## 'हमें वो खिलाड़ी मिल गए हैं जिन्हें हम चाहते थे' : कोच बदानी

**जेद्दा (आईएएनएस)।** आईपीएल 2025 नीलामी में 19 खिलाड़ियों को शामिल करने के साथ, दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच हेमांग बदानी दो दिवसीय नीलामी के दौरान खरीदे गए खिलाड़ियों से खुश हैं। दिल्ली कैपिटल्स ने नीलामी के पहले दिन अंतरराष्ट्रीय और घरेलू खिलाड़ियों का एक संतुलित मिश्रण हासिल किया। उनकी लिस्ट में केएल राहुल (14 करोड़), मिचेल स्टार्क (11.75 करोड़), जेक फ्रेजर-मैकगर्क (9 करोड़- आरटीएम), हैरी ब्रूक (6.25 करोड़), टी नटराजन (10.75 करोड़), करुण नायर (50 लाख), समीर रिजवी (95 लाख), आशुतोष शर्मा (3.80 करोड़) और मोहित शर्मा (2.20 करोड़) शामिल हैं। दिल्ली स्थित फ्रेंचाइजी ने

### आईपीएल 2025 नीलामी खत्म

## दस टीमों के खिलाड़ियों की पूरी लिस्ट जारी

**जेद्दा(आईएएनएस)।** आईपीएल 2025 सीजन की मेगा नीलामी पूरी हो चुकी है और हर फ्रेंचाइजी ने अपने स्क्वॉड तैयार कर लिए हैं। ऋषभ पंत ऑक्शन की लाइमलाइट रहे, जिन्हें लखनऊ सुपर जायंट्स ने 27 करोड़ रुपये में खरीदा है। यह अब तक किसी भी खिलाड़ी को मिली सबसे ज्यादा रकम है। जबकि, 13 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे युवा खिलाड़ी बन गए हैं। उन्हें राजस्थान रॉयल्स ने 1.10 करोड़ रुपये में खरीद लिया।

**मुंबई इंडियंस:**



हार्दिक पांड्या (कप्तान), जसप्रीत बुमराह, रोहित शर्मा, तिलक वर्मा, ट्रेंट बोल्ट, नमन धीर, रॉबिन मिंज, कर्ण शर्मा, रयान रिकेल्टन, दीपक चाहर, अल्लाह गजनफर, विल जैक, अश्विनी कुमार, मिचेल सेंटनर, रीस टॉपले, श्रीजीत कृष्णन, राज अंगद बावा, वेंकट सत्यनारायण राजू, बेवॉन जैकब्स, अर्जुन तेंदुलकर, लिजाद विलियम्स, विग्नेश पुथुर, सूर्यकुमार यादव।

**पंजाब किंग्स:**



श्रेयस अय्यर, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, मार्कस स्टोइनिस, ग्लेन मैक्सवेल, शशांक सिंह, प्रभसिमरन सिंह, हरप्रीत बराड़, विजयकुमार विशाक, यश ठाकुर, मार्को जेनसन, जोश इंग्लिस, लॉकी फर्ग्यूसन, अजमतुल्लाह उमरजई, हरनूर पन्नू, कुलदीप सेन , प्रियांश आर्य, आरोन हार्डी, मुशीर खान, सूर्यांश शेडगे, जेवियर बार्टलेट, पायला अविनाश, प्रवीण दुबे, नेहल वढेरा।

**बेंगलुरु:**



विराट कोहली, रजत पाटीदार, यश दयाल, जोश हेजलवुड, फिल साल्ट, जितेश शर्मा, लियाम लिविंगस्टोन, रसिख डार, सुयश शर्मा, क्रुणाल पंड्या, भुवनेश्वर कुमार, स्वप्निल सिंह, टिम डेविड, रोमारियो शेफर्ड, नुवान तुषारा, मनोज भंडागे, जैकब बेथेल, देवदत्त पडिक्कल, स्वास्तिक चिकारा, लुंगी एनगिडी, अभिनंदन सिंह, मोहित राठी।

**हैदराबाद:**




पैट कमिंस (कप्तान), ट्रेविस हेड, अभिषेक शर्मा, हेनरिक क्लासेन, नितीश रेड्डी, इशान किशन, मोहम्मद शमी, हर्षल पटेल, राहुल चाहर, एडम जम्पा, अथर्व तायडे, अभिनव मनोहर, सिमरजीत सिंह, जीशान अंसारी, जयदेव उनादकट , ब्रायडन कार्से, कामिंदु मेंडिस, अनिकेत वर्मा, ईशान मलिंगा, सचिन बेबी।

**चेन्नई:**



ऋतुराज गायकवाड़ (कप्तान), एमएस धोनी, रवींद्र जडेजा, शिवम दुबे, मथीशा पथिराना, नूर अहमद, रविचंद्रन अश्विन, डेवोन कॉन्वे, सैयद खलील अहमद, रचिन रवींद्र, राहुल त्रिपाठी, विजय शंकर, सम करन, शेख राशिद, अंशुल कंबोज, मुकेश चौधरी, दीपक हुड्डा, गुरजनप्रीत सिंह, नाथन एलिस, जेमी ओवरटन, कमलेश नागरकोटी, रामकृष्णन घोष, श्रेयस गोपाल, वंश बेदी, आंद्रे सिद्धार्थ।

**दिल्ली:**



केएल राहुल, हैरी ब्रूक, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, करुण नायर, अभिषेक पोरेल, ट्रिस्टन स्टब्स, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, टी नटराजन, मिचेल स्टार्क, समीर रिजवी, आशुतोष शर्मा, मोहित शर्मा, फाफ डु प्लेसिस, मुकेश कुमार, दर्शन नालकंडे, विप्रज निगम, दुष्मंता चमीरा, डोनोवन फरेरा, अजय मंडल, मनवंत कुमार, त्रिपुराना विजय, माधव तिवारी।

**गुजरात:**



शुभमन गिल (कप्तान), जोस बटलर, बी साई सुदर्शन, शाहरुख खान, कगिसो रबाडा, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, राहुल तेवतिया, राशिद खान, निशांत सिंधु, महिपाल लोमरोर, कुमार कुशाग्र, अनुज रावत, मानव सुथार, वाशिंगटन सुंदर, गेराल्ड कोएट्जी, मोहम्मद अरशद खान, गुरनूर सिंह बराड़, शेरफेन रदरफोर्ड, आर. साई किशोर, इशांत शर्मा, जयंत यादव, ग्लेन फिलिप्स, करीम जनत, कुलवंत खेजरोलिया।

**लखनऊ:**



ऋषभ पंत, डेविड मिलर, एडेन मार्कराम, निकोलस पूरन, मिचेल मार्श, आवेश खान, मयंक यादव, मोहसिन खान, रवि बिश्नोई, अब्दुल समद, आर्यन जुयाल, आकाश दीप, हिम्मत सिंह, एम सिद्धार्थ, दिग्वेश सिंह, शाहबाज अहमद, आकाश सिंह, शमर जोसेफ, प्रिंस यादव, युवराज चौधरी, राजवर्धन हंगरगेकर, अर्शिन कुलकर्णी, मैथ्यू ब्रीत्जके।

**राजस्थान:**



यशस्वी जायसवाल, संजू सैमसन, ध्रुव जुरेल, रियान पराग, जोफ्रा आर्चर, शिमरोन हेटमायर, वानिंदु हसरंगा, महेश तीक्षणा, संदीप शर्मा, आकाश मधवाल, कार्तिकेय सिंह, नीतीश राणा, तुषार देशपांडे, शुभम दुबे, युद्धवीर चरक, फजलहक फारूकी, वैभव सूर्यवंशी, क्वेना मफाका, कुणाल राठौड़, अशोक शर्मा।

**कोलकाता:**



वेंकटेश अय्यर, रिंकू सिंह, वरुण चक्रवर्ती, आंद्रे रसेल, सुनील नरेन, एनरिक नॉर्त्जे, हर्षित राणा गेंदबाज, रमनदीप सिंह, क्विंटन डिकॉक, अंगकृष रघुवंशी, रहमनुल्लाह गुरबाज, वैभव अरोड़ा, मयंक मार्कंडेय, रोवमन पॉवेल, मनीष पांडे, स्पेंसर जॉनसन, लवनीथ सिसोदिया, अनुकूल रॉय, मोईन अली, उमरान मलिक, अजिंक्य रहाणे।

**62** विदेशी खिलाड़ी

**182** भारतीय खिलाड़ी शामिल है।




# व्यापार/लाइफ व साइंस

## भारत में 2030 तक 970 मिलियन तक पहुंच जाएगा 5जी सब्सक्रिप्शन

**नई दिल्ली(आईएएनएस) ।** भारत में 5जी सब्सक्रिप्शन 2030 के अंत तक लगभग 970 मिलियन तक पहुंचने का अनुमान है, जो कुल मोबाइल सब्सक्रिप्शन का 74 प्रतिशत है। मंगलवार को आई एक लेटेस्ट रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। एरिक्सन मोबिलिटी रिपोर्ट के अनुसार, इस वर्ष के अंत तक 5जी सब्सक्रिप्शन 270 मिलियन से अधिक हो जाने का अनुमान है, जो इस सेक्टर में कुल मोबाइल सब्सक्रिप्शन का 23 प्रतिशत है।

साथ ही, रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि भारत में प्रति स्मार्टफोन औसत मासिक उपयोग सबसे अधिक है, जो 32 जीबी है और 2030 तक इसके 66 जीबी तक बढ़ने की उम्मीद है।


रिपोर्ट के अनुसार, भारत ने बड़े




पैमाने पर मिड-बैंड को स्थापित किया है और 2024 के अंत तक इसके लगभग 95 प्रतिशत जनसंख्या कवरेज तक पहुंचने की उम्मीद है। एरिक्सन के नेटवर्क समाधान, सॉफ्टवेयर और प्रदर्शन प्रमुख उमंग जिंदल ने कहा कि जेनएआई के कंज्यूमर अपटेक के साथ ट्रैफिक के साथ-साथ बेस लाइन में बढ़ोतरी होगी। भारत में पहले से ही सबसे ज्यादा प्रति स्मार्टफोन औसत मासिक उपयोग 32 जीबी है, जो 13 प्रतिशत सीएजीआर के साथ बढ़ रहा है और 2030 तक 66 जीबी तक पहुंच जाएगा। रिपोर्ट के अनुसार, 67 प्रतिशत 5जी स्मार्टफोन यूजर्स अगले पांच वर्षों में साप्ताहिक आधार पर जेनएआई एप का इस्तेमाल करेंगे।

नई एरिक्सन कंज्यूमरलैब रिसर्च के अनुसार, तीन में से एक जेन जेड स्मार्टफोन यूजर का कहना है कि वे 5जी नेटवर्क पर ज्यादा बेहतर जेन एआई का एक्सपीरियंस की उम्मीद करते हैं। इस रिसर्च में भारत में विश्वसनीय कनेक्टिविटी की बढ़ती मांग पर भी प्रकाश डाला गया है, जिसमें पिछले वर्ष की तुलना में टियर 3 शहरों में 5जी कनेक्टिविटी से उच्च संतुष्टि की रिपोर्ट करने वाले यूजर्स की हिस्सेदारी दोगुनी हो गई।

## सरकार द्वारा बैंक गांरटी में छूट से टेलीकॉम कंपनियों पर आर्थिक बोझ होगा कम : इंडस्ट्री



**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** सरकार द्वारा 2022 से पहले जारी स्पेक्ट्रम पर बैंक गारंटी छूट के फैसले का इंडस्ट्री द्वारा स्वागत किया गया। इंडस्ट्री से जुड़े लोगों का कहना है कि इस फैसले से ग्रामीण इलाकों में डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को बल मिलेगा। इस निर्णय से प्रमुख दूरसंचार कंपनियों, विशेष रूप से वोडाफोन आइडिया को महत्वपूर्ण राहत मिलने की उम्मीद है, कंपनी पर सामूहिक रूप से 30,000 करोड़ रुपये से अधिक की बैंक गारंटी बकाया है। सेल्युलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीओएआई) के महानिदेशक,लेफ्टिनेंट जनरल डॉ. एसपी कोचर ने कहा, हम केंद्रीय मंत्रिमंडल के कदम का स्वागत करते हैं और 2022 से पहले खरीदे गए स्पेक्ट्रम पर दूरसंचार ऑपरेटरों के लिए बैंक गारंटी की छूट को मंजूरी देने पर सरकार को धन्यवाद देते हैं। यह ऐतिहासिक निर्णय देश में दूरसंचार ऑपरेटरों पर वित्तीय बोझ को कम करने में काफी मदद करेगा। दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने उद्योग जगत की राहत की मांग पर प्रतिक्रिया देते हुए पहले इस कदम का प्रस्ताव रखा था।


## वैश्विक फोल्डेबल स्मार्टफोन बाजार में गिरावट, सैमसंग फिर बना नंबर वन

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** इस साल की तीसरी तिमाही में वैश्विक फोल्डेबल स्मार्टफोन शिपमेंट्स में 1% की गिरावट दर्ज की गई, जो इस तिमाही में पहली बार हुई। हालांकि, सैमसंग ने 56% बाजार हिस्सेदारी के साथ फिर से टॉप पोजीशन हासिल कर ली।

काउंटरपॉइंट रिसर्च के मुताबिक, फोल्डेबल स्मार्टफोन बाजार अब बदलाव के दौर से गुजर रहा है। यह एक छोटे खास वर्ग से निकलकर आम बाजार में जगह बनाने की कोशिश कर रहा है, लेकिन इसमें कई चुनौतियां हैं।

फोल्डेबल फोन के बुक-टाइप मॉडल्स को यूजर्स के बीच खासा पसंद किया जा रहा है। लेकिन इनकी ऊंची कीमतें बड़े पैमाने पर इनकी बिक्री में सबसे बड़ी रुकावट बनी हुई हैं।

विश्लेषक जेने पार्क का कहना है



कि अगर निमार्ता कीमतें कम करने, तकनीकी गुणवत्ता बढ़ाने और उपभोक्ता का भरोसा मजबूत करने पर ध्यान दें, तो ये चुनौतियां खत्म हो सकती हैं।

सैमसंग ने जेड6 सीरीज के लॉन्च के साथ अपनी नंबर वन पोजीशन फिर से हासिल की। हालांकि, कंपनी की यूनिट शिपमेंट्स में पिछले साल की तुलना में 21% की गिरावट आई। गैलेक्सी फोल्ड 6 ने औसत प्रदर्शन किया। गैलेक्सी जेड फ्लिप 6 अपने पुराने मॉडल की बिक्री के आंकड़े नहीं छू सका। सैमसंग को अब नॉर्थ अमेरिका में मोटो के रेजर फ्लिप फोल्डेबल और पश्चिमी यूरोप में ऑनर के मैजिक वी सीरीज जैसे स्लिम और आकर्षक डिवाइस से कड़ी प्रतिस्पर्धा मिल रही है।

शाओमी ने 185% की सालाना वृद्धि के साथ सबसे तेज ग्रोथ दर्ज की। इसका कारण था इसके पहले क्लैमशेल मॉडल मिक्स फ्लिप का लॉन्च और चीन के बाहर अन्य बाजारों में एंट्री। शाओमी की बाजार हिस्सेदारी अब 6% तक पहुंच गई है, जो 2021 की शुरूआत से अब तक सबसे ज्यादा है।



## धरती आबा के वंशज का हो बेहतर इलाज : सीएम हेमंत

**रांची।** राज्य के कार्यवाहक मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के वंशज के बेहतर इलाज सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। इसके बाद उपायुक्त खूंटी ने जानकारी दी है कि सिविल सर्जन के नेतृत्व में रिम्स में चिकित्सकों के जरिये उनका इलाज किया जा रहा है। चिकित्सकों के परामर्श पर एयर एम्बुलेंस की भी व्यवस्था की जाएगी। उपायुक्त खूंटी लोकेश मिश्रा ने बताया कि खूंटी सिविल सर्जन के नेतृत्व में चिकित्सकों की एक स्वास्थ्य टीम का गठन कर रिम्स भेजा गया है, जिससे उन्हें हर संभव स्वास्थ्य सुविधा दिया जा सके। मामले में सरकार एवं जिला प्रशासन पूरी तरह से गंभीर है, चिकित्सकों के परामर्श पर उच्च स्तरीय इलाज के लिए एयर एम्बुलेंस की भी व्यवस्था की जाएगी। कार्यवाहक मुख्यमंत्री को जानकारी मिली कि सोमवार की रात्रि में भगवान बिरसा मुंडा के परिजन मंगल मुंडा खूंटी में सड़क दुर्घटना के शिकार हो गए थे। उनका इलाज रिम्स में हो रहा है। मामले की जानकारी के बाद कार्यवाहक मुख्यमंत्री ने उपायुक्त खूंटी को मंगल मुंडा के बेहतर इलाज का निर्देश दिया। फिलहाल, मंगल मुंडा की हालत स्थिर बनी हुई है।

# झारखंड को बंगाल बनाने की भूल नहीं करें झामुमो: डॉ रवींद्र राय

## भाजपा कार्यकर्ताओं को सड़क पर उतरने को मजबूर नहीं करें

- **बहरागोड़ा में नवनिर्वाचित विधायक के भतीजे और भांजा फैला रहे अराजकता**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रवींद्र कुमार राय ने 26 नवंबर को प्रदेश कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भाजपा चुनाव को बहुत ही सहज ढंग से लेती है। पार्टी की पांच निष्ठा है, उसमें दूसरी सबसे महत्वपूर्ण निष्ठा लोकतंत्र है। इसलिए जब झारखंड के विधानसभा चुनाव परिणाम आया था, तब सहज ढंग से उसे परिणाम को स्वीकार किया था। उसके अनुसार पार्टी की भूमिका को आगे तय करने का ऐलान भी किया था। उन्होंने कहा कि पार्टी नहीं चाहती है कि लोकतंत्र में टकराहट हो। सकारात्मक सहयोग की भूमिका विपक्ष और सत्ता पक्ष से भी महसूस करते हैं, यह होना चाहिए। महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी की दो तिहाई बहुमत से सरकार बन रही है। पूरे देश के लोग महाराष्ट्र के चुनाव परिणाम से अचंभित है। हालांकि वहां सहज ढंग से सामाजिक जीवन चल रहा है। दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस के समर्थक चुनाव परिणाम आने के बाद अहंकार में चूर हो गए हैं और लोकतंत्र को कलंकित करने की कोशिश कर रहे हैं। पिछले तीन दिनों से खुशी के माहौल में दूसरे को अपमानित किया जा रहा है। भाजपा इंतजार में थी यह थम जाएगा, लेकिन लगातार झारखंड मुक्ति मोर्चा और उनके सहयोगी दलों के लोग प्रदेश में अलग-अलग जगह पर अराजकता पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। डॉ राय ने कहा कि मुख्यमंत्री के विधानसभा क्षेत्र बरहेट मैं भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी ने अच्छे ढंग से चुनाव लड़ा। करीब 60 हजार से अधिक वोट भी प्राप्त किया। वहां कई मुस्लिम परिवार के लोगों ने भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में काम किया झंडा बांधा। उनके घरों में हमले किए गए। उन्हें भयभीत करने का काम किया गया। अराजकता पैदा करने की कोशिश हर जगह हो रही है। इसके मद्देनजर प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को बरहेट का दौरा किया। इस तरह की घटना पाकुड़ में भी घटी है। राजमहल विधानसभा क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं को भयभीत करने और सामाजिक उत्पीड़न देने का काम किया जा रहा है। बहरागोड़ा विधानसभा क्षेत्र में जीते झामुमो उम्मीदवार के समर्थक पिछले तीन दिनों से लगातार चाकुलिया, बहरागोड़ा में उत्पात मचा रहे हैं। भाजपा सांसद के कहने के बाद भी जिला प्रशासन द्वारा नियंत्रित नहीं किया जा सका है।





डॉ राय ने कहा कि सीता सोरेन चुनाव की गणना के बाद जब निकली, तब उनके कार्यकताओं द्वारा अभद्र शब्द का प्रयोग किया गया। जामताड़ा में उन्हें मानसिक तौर पर प्रताड़ित करने का काम किया गया। चुनाव के समय भी उनके खिलाफ गंदे शब्दों का प्रयोग किया गया था। जामताड़ा में हिंदू समाज के परिवार की शादी हो रही थी, वहां जुलूस निकालने वाले मुसलमान लोगों ने शादी में घुसकर महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार किया। वहां थानेदार को माफी मांगनी पड़ी। चाहे राजमहल हो, पाकुड़ हो, जामताड़ा हो या मधुपुर हो। जहां-जहां अल्पसंख्यक समाज की बहुलता है, वहां समाज में तनाव पैदा करने का काम वे कर रहे हैं। प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष ने कहा कि पिछले दो दिनों से लगातार पार्टी के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी, प्रत्याशी, सत्र छोड़कर सांसद शांति स्थापित करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को झारखंड में कमजोर समझने की गुस्ताखी इंडी गठबंधन के लोग नहीं करें।

## देश में उन्माद का वातावरण बना रही भाजपा : कांग्रेस

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**





प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने भाजपा पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता अभी तक सदमे से बाहर नहीं आए हैं। जनता द्वारा नकारे जाने के बाद अपने हार के कारणो को ढूंढ़ने के बजाए महागठबंधन के कार्यकर्ताओं को उन्मादी बता रहे हैं। भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष रवींद्र राय द्वारा महागठबंधन के कार्यकर्ताओं को जामताड़ा, बरहेट, पाकुड़, राजमहल, बहरागोड़ा आदि क्षेत्रों में अभद्रता का दोषी ठहराए जाने पर उन्होंने कहा कि पूरे देश में उन्माद का वातावरण बनाने वाली भाजपा-आरएसएस को हर व्यक्ति उन्मादी नजर आता है। उन्होंने कहा कि हकीकत यह है कि भाजपा समाज में विषाक्त वातावरण बनाने के लिए माहौल और मौके की तलाश में रहती है। आलाकमान के सामने अपने नेतृत्व में हुई हार का रुख मोड़ने के लिए बाबूलाल मरांडी बरहेट का दौरा कर रहे हैं और भाजपा की असफलता को दबाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि रवींद्र राय कहते हैं कि जहां अल्पसंख्यक समुदाय की संख्या अधिक होती है, वहां अत्याचार होते हैं और दूसरी ओर कहते हैं कि बरहेट में भाजपा के अल्पसंख्यक समर्थकों पर हमले हुए, ऐसी दोहरी बातें भाजपा के नेता ही कर सकते हैं।

## सुदेश अब खुद हो गए हैं बेरोजगार : झामुमो

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झामुमो ने आजसू पर तंज कसा है। झामुमो के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने आजसू को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि आजसू सुप्रीमो अब खुद बेरोजगार हो गए हैं। केला अब अकेला रह गया है। सुदेश महतो झारखंड में रोजगार देने वाली सरकार बनाने की बात कर रहे थे। अब मांडू के विधायक ने उन्हें रोजगार का ऑफर दिया है, जो स्वागत योग्य है। सुप्रियो मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। बताते चलें कि आजसू ने 10 सीटों पर चुनाव लड़ा था, जिसमें एक सीट ही आजसू बचा पाई।झारखंडी पर्यटन स्थल सुप्रियो भट्टाचार्य ने गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी को फ्रंट में लाने की वकालत की है। उन्होंने यह भी कहा कि सुदेश महतो ने चंद्रप्रकाश को तवज्जो नहीं दी। उन्हें लगातार हाशिए पर रखा गया। चंद्रप्रकाश को मोदी सरकार में मंत्री बनाया जाना चाहिए। उन्हें आगे बढ़कर आजसू की कमान संभालनी चाहिए।

**शपथ ग्रहण समारोह को लेकर कोषांगों का गठन, डीसी ने कहा**

## टीम समन्वय के साथ दिए गए कार्य को पूरा करें



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

उपायुक्त वरुण रंजन ने मंगलवार को मुख्यमंत्री एवं मंत्रिपरिषद् के सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह को लेकर बैठक की। कार्यक्रम के सफल एवं सुचारू रूप से आयोजन को लेकर कोषांगों का गठन कर लिया गया है। पदाधिकारी एवं सहयोगी पदाधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए सभी आवश्यक तैयारी ससमय पूरा करने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा की सभी सम्बंधित पदाधिकारी शपथ ग्रहण समारोह को लेकर सारी तैयारी सुनिश्चित रूप से करा ले जिसमें चेक लिस्ट के अनुसार कार्य, पार्किंग/यातायात व्यवस्था, एयरपोर्ट अरेंजमेंट के तहत इस समारोह में आने वालें माननीय अतिथिगण/ विशिष्ट व्यक्तियों के अलावा वरिष्ठ प्रशासनिक पदाधिकारी शामिल होंगे उनके लिए सारी व्यवस्था जैसे- खान-पान, वाहन टैगिंग, गाड़ी में साइनेज, उनके आगमन/प्रस्थान का समय, रुट टैगिंग, प्रोटोकॉल ऑफिसर की तैनाती, जहां अतिथि रूक रहें हैं वहाँ हेल्प डेस्क, कंट्रोल रूम, डायस प्लान, मिनट टू मिनट कार्यक्रम का, ट्रैफिक मैनेजमेंट व्यवस्था, कार्यक्रम स्थल पर आवश्यक व्यवस्था, ससमय सुनिश्चित करा ले। उपायुक्त ने विशेष रूप से कहा कि शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम की व्यापकता को देखते हुए सभी सम्बंधित अधिकारी/ पदाधिकारी टीम समन्वय के साथ दिए गए कार्य करें। ताकि यह शपथ ग्रहण समारोह अच्छे से सम्पन हो जाए।

## सीएम से मिले लायंस क्लब के पदाधिकारी



**रांची।** लायंस क्लब ऑफ रांची ग्लोबल के पदाधिकारियों ने राज्य के कार्यवाहक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर पार्टी को मिली ऐतिहासिक जीत पर बधाई दी। इस औपचारिक मुलाकात के दौरान राज्य में सामाजिक और आर्थिक विकास के मुद्दों पर भी सकारात्मक चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने क्लब के सदस्यों को निरंतर समाज सेवा के क्षेत्र में कार्यरत रहने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रतिनिधिमंडल में क्लब के प्रेसिडेंट अमित शर्मा, चार्टर प्रेसिडेंट शैलेश अग्रवाल, सचिव मनोज मिश्रा, उपाध्यक्ष खुशबू अग्रवाल, मोनिका गोयंका, पीयूष कुमार समेत अन्य शामिल थे।

## कोर्ट ने जमीन घोटाला मामले में हेमंत को चार दिसंबर को व्यक्तिगत रूप से पेश होने को कहा

**रांची।** एमपी-एमएलए कोर्ट से सीएम हेमंत सोरेन को बड़ा झटका लगा है। इडी के समन की अवहेलना मामले में उन्होंने व्यक्तिगत पेशी से छूट का आग्रह करते हुए याचिका दायर की गई थी। कोर्ट ने इस याचिका को खारिज कर दिया। साथ ही उन्हें चार दिसंबर को व्यक्तिगत रूप से अदालत में हाजिर होने का आदेश दिया है।इस मामले में कोर्ट ने 11 नवंबर को फैसला सुरक्षित रख लिया था। जिसका आदेश जारी किया गया है। इससे पहले यह मामला सीजेएम कोर्ट में चल रहा था। तीन जून को सीजेएम कृष्ण कांत मिश्रा ने यह मामला एमपी-एमएलए कोर्ट में स्थानांतरित कर दिया था। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 19 फरवरी को हेमंत सोरेन के खिलाफ सीजेएम कोर्ट में शिकायतवाद दर्ज कराया था। कोर्ट ने चार मार्च को इस पर संज्ञान लेते हुए मुकदमा चलाने का निर्देश दिया था। सुनवाई के दौरान ईडी ने कोर्ट को पूरी जानकारी दी थी।ईडी ने बताया था कि जमीन की खरीद- बिक्री मामले में जांच एजेंसी ने हेमंत सोरेन को 10 बार समन जारी किया था। आठवें समन पर वे 20 जनवरी और 10वें समन पर 31 जनवरी को ईडी के सामने पेश हुए। जांच एजेंसी ने कहा कि आठ समन पर उपस्थित नहीं होना समन की अवहेलना है।

### परिसीमन कराना संवैधानिक प्रक्रिया सवाल उठाना गलत : राजेन्द्र प्रसाद

**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केन्द्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि परिसीमन कराना संवैधानिक प्रक्रिया है। इसमें कोई राजनीतिक नहीं होना चाहिए। बिना किसी का नाम लिए कहा कुछ नेता ने परिसीमन को लेकर सवाल खड़े किए हैं जो कहीं से भी सही नहीं है। राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि कुछ लोग मूलवासी के नाम पर घड़ियाल आंसू बहाते हैं। मूलवासी की बात करने वालों से सवाल किया, कि मूलवासी कौन है? प्रसाद ने कहा कि मूलवासी को ही सदान कहा जाता है।

## पृष्ठ एक के शेष

**बंदुआ जंगल में...**

थाना प्रभारी शशि कुमार, हेरंज थाना प्रभारी कृष्णानंद सिंह, बरियातू थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार, जितेंद्र कुमार, मिथिलेश पासवान, सुबोध कुमार सिंह, उमाकांत, उमापद महतो, आफताब आलम व पुलिस बल के जवान शामिल थे।

**उग्रवादियों से बरामद हथियार :** पकड़े गए दोनों उग्रवादियों के निशानदेही पर रायफल 7.62 (एक), मैगजीन 3, 7.62, 114 राउंड जिन्दा कारतूस व 1 चक्र मिस फयार, एम 1 30-06 सेमी ऑटोमेटिक अमेरिकन मेड रायफल, एम 1 ग्रांड का कारतूस चार्जर 3, 30-06 सेमी का 43 राउंड जिन्दा कारतूस, मिस फायर कारतूस, 5.56 देशी निर्मित रायफल मैग्जीन लगा हुआ, मैग्जीन को खाली करने पर 5.56 का 9 चक्र जिन्दा कारतूस, 9.96 का 44 राउंड जिन्दा कारतूस, कारतुस रखने वाला पाउच 3, चितकबरा वर्दी 1 पीस, पिठू बैग 2, झारखंड जनमुक्ती परिषद झारखंड उग्रवादी संगठन का बैजनाथ के नाम से हस्तलिखित धमकी भरा नक्सली पर्चा, की पेड मोबाईल, पॉकेट डायरी, तिरपाल 1, कंबल 4 पीस, मोटरसाइकिल एक बरामद किया गया है।

**सीएम ने दिया...**

प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर शेयर की हैं। हेमंत सोरेन ने भी इस मुलाकात की तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए लिखा, 'दिल्ली में माननीय प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी से मुलाकात कर उन्हें 28 नवंबर को 'अबुआ सरकार' के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने हेतु आमंत्रित किया।' झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 में मिली ऐतिहासिक विजय की ऐतिहासिक शपथ ग्रहण की तैयारी में लगे हेमंत सोरेन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भी मिले। हेमंत सोरेन के साथ उनकी पत्नी कल्पना सोरेन भी थीं। इसके पहले, हेमंत सोरेन ने लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, वायनाड की नवविर्वाचित सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से भी मुलाकात की। उन्होंने शपथ ग्रहण समारोह में उन्हें भी आमंत्रित किया है। ज्ञात हो कि झारखंड की 81 सदस्यीय विधानसभा के लिए हुए चुनाव के नतीजे विगत 23 नवंबर को घोषित किए गए थे। इसमें हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाले झामुमो, कांग्रेस, राजद गठबंधन को 56 सीटें हासिल हुई हैं। झामुमो को 34, कांग्रेस को 16, राजद को चार और सीपीआई एमएल को दो सीटों पर जीत मिली है। राज्य में पहली बार कोई सरकार दो तिहाई बहुमत के साथ बनने जा रही है।

**हमंत का बड़प्पन...**

पहले, हेमंत सोरेन व उनकी पत्नी ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से उनके आवास पर जाकर मुलाकात की। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी व प्रियंका गांधी से भी मुलाकात की। झामुमो के झारखंड जीत पर हेमंत सोरेन की तो चर्चा है ही, उनकी पत्नी कल्पना सोरेन की चर्चा सबसे ज्यादा प्रचार करने को लेकर है। इसके पहले कोई कल्पना भी नहीं कर रहा था कि यह महिला महाशक्तिशाली केंद्रीय सत्ताधारी मोदी-शाह के तमाम दाव-पेंच, तिकड़मों व केंद्रीय सत्ता व एजंसियों के हर तरह के उपक्रम को ध्वस्त करते हुए झामुमो की सबसे बड़ी खेवनहार बनकर उभरेगी। उसके आगे देश के सबसे बड़े उद्योगपतियों के लाइजनरों की फौज व धन के कंटेनरों का खुला मुंह भी मुंह की खा गया। जो कि किसके-किसके केलेजे में कांटा बन चुभा होगा, यह जानने वाले अच्छी तरह जानते हैं।

**इस बार की सोरेन...**

झारखंड में असिस्टेंट प्रोफेसर, जेआरएफ व पीएचडी एडमिशन के लिए जेट परीक्षा का भी आयोजन होना है। सरकारी विश्वविद्यालयों में 2404 असिस्टेंट प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, प्रोफेसर और कॉलेज प्रिंसिपल की नियुक्ति की प्रक्रिया भी पूरी होनी है। बीएयू में टीचर्स की भर्ती व डीन की नियुक्ति होनी है। इसके अलावा, जो सबसे जरूरी काम होने वाला है, वह है झारखंड लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष पद पर नियुक्ति का, क्योंकि यह पद अभी खाली है। डॉ नीलिमा केरकेट्टा का कार्यकाल इस वर्ष 22 अगस्त को समाप्त हुआ था और उसके बाद से यह पद खाली है।

**संविधान,संविधान सभा के...**

भारत के नागरिकों की जरूरतें बदलेंगी, चुनौतियां बदलेंगी। इसलिए उन्होंने हमारे संविधान को महज कानून की एक किताब बनाकर नहीं छोड़ा, बल्कि इसे एक जीवंत, निरंतर प्रवाहमान धारा बनाया। पीएम मोदी ने कहा कि हमारा संविधान देश की हर अपेक्षा और जरूरत पर खरा उतरा है। संविधान की ताकत के कारण ही आज बाबा साहेब का संविधान जम्मू-कश्मीर में पूरी तरह लागू हो पाया है। पहली बार जम्मू-कश्मीर में संविधान दिवस मनाया गया। आज भारत परिवर्तन के एक बड़े दौर से गुजर रहा है और भारत का संविधान हमें रास्ता दिखा रहा है। यह हमारे लिए एक मार्गदर्शक बन गया है।

**जीवंत और प्रगतिशील दस्तावेज...**

लोकतांत्रिक गणतंत्र की मजबूत आधारशिला है। हमारा संविधान हमारी सामूहिक और व्यक्तिगत गरिमा सुनिश्चित करता है। उन्होंने कहा कि आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर सभी देशवासियों ने ह्यआजादी का अमृत महोत्सवह्न मनाया। अगले वर्ष 26 जनवरी को हम अपने गणतंत्र की 75वीं वर्षगांठ मनाएंगे।

उन्होंने कहा कि एक अर्थ में भारत का संविधान कुछ महानतम लोगों द्वारा लगभग तीन वर्षों के विचार-विमर्श का परिणाम था, लेकिन सही अर्थों में यह हमारे लंबे स्वतंत्रता संग्राम का परिणाम था। उस अतुलनीय राष्ट्रीय आंदोलन के आदर्शों को संविधान में शामिल किया गया। उन आदर्शों को संविधान की प्रस्तावना में संक्षेप में शामिल किया गया है। वे न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुता हैं। इन आदर्शों ने सदियों से भारत को परिभाषित किया है। संविधान की प्रस्तावना में उल्लिखित आदर्श एक-दूसरे के पूरक हैं। साथ मिलकर वे एक ऐसा वातावरण बनाते हैं, जिसमें प्रत्येक नागरिक को फलने-फूलने, समाज में योगदान देने और साथी नागरिकों की मदद करने का अवसर मिलता है। राष्ट्रपति ने कहा कि हमारे संवैधानिक आदर्शों को कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका के साथ-साथ सभी नागरिकों की सक्रिय भागीदारी से ताकत मिलती है। हमारे संविधान में प्रत्येक नागरिक के मौलिक कर्तव्यों का स्पष्ट उल्लेख किया गया है। भारत की एकता और अखंडता की रक्षा करना, समाज में समरसता को बढ़ावा देना, महिलाओं के सम्मान को सुनिश्चित करना, पर्यावरण की रक्षा करना, वैज्ञानिक सोच विकसित करना, सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा करना और राष्ट्र को उपलब्धियों के नए स्तर पर ले जाना नागरिकों के मौलिक कर्तव्यों में शामिल है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि संविधान की भावना के अनुसार कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका का मिलकर यह दायित्व है कि वे सामान्य लोगों के जीवन को सुगम बनाने के लिए मिलजुल कर काम करें। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में सरकार ने समाज के सभी वर्गों, विशेषकर कमजोर वर्गों के विकास के लिए अनेक कदम उठाए हैं। ऐसे निर्णयों से लोगों के जीवन में सुधार हुआ है और उन्हें विकास के नए अवसर मिल रहे हैं। हमने जो सबक सीखे हैं, उन्हें अगली पीढ़ियों तक पहुंचाएं

राष्ट्रपति ने कहा कि लगभग तीन-चौथाई सदी की संवैधानिक यात्रा में राष्ट्र ने उन क्षमताओं को अर्जित करने और सार्थक परंपराओं को विकसित करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि हमने जो सबक सीखे हैं, उन्हें अगली पीढ़ियों तक पहुंचाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि 2015 से हर साल ह्यसंविधान दिवसह्न के समारोहों से हमारे युवाओं में देश के बुनियादी दस्तावेज यानी संविधान के बारे में जागरूकता बढ़ाने में मदद मिली है।

**लोकतंत्र के रक्षकों पर...**

उम्मीदवार के पक्ष में वोट किया। कहा कि आंखों को बंद करने से खतरा नहीं जाएगा, अरे वो देखना पड़ेगा जो देखा नहीं जाएगा। झारखंड लव-जिहाद लैंड-जिहाद के बाद अब पत्थरबाजों की गिरफ्त में आ चुका है। हाल यह है कि पत्थर चलाए जा रहे हैं। लाठी मारी जा रही है। घर तोड़े जा रहे हैं। वोट देने के आधार पर जनता को पीटा जा रहा है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि ऐसी ही घटना ग्राम मोहम्मदपुर, जिला साहिबगंज में सामने आई है, जहां एक व्यक्ति को सिर्फ इसलिए पीटा गया, धमकाया गया, मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया, क्योंकि उसने अपना विश्वास भारतीय जनता पार्टी पर जताया था, वोट कमल के फूल पर दिया था। परिणाम आते ही झामुमो के गुंडे भाजपा समर्थित कार्यकताओं और वोटरों को पीट रहे हैं। गांव से बेदखल करने की धमकी दे रहे हैं और कह रहे हैं कि उनके हाथ में मुख्यमंत्री से लेकर थाना प्रभारी सभी हैं। इसलिए उनके कुकृत्यों के लिए कोई उनका बाल भी बांका नहीं कर सकता है।

मरांडी ने कहा कि आज मुख्यमंत्री के क्षेत्र में जनता को पूरा राशन नहीं मिल रहा है, पीने का पानी नहीं है, अबुवा आवास का पैसा नहीं मिल रहा है। कहा कि देश की जनता अपने संविधान प्रदत शक्तियों के कारण पांच साल में अपना जनप्रतिनिधि चुनती है। मताधिकार का प्रयोग करती है, लेकिन इंडी गठबंधन को जन सरोकार से कुछ भी लेना देना नहीं। ये केवल सत्ता की मलाई खाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा लोकतांत्रिक अधिकारों और संविधान की रक्षा के लिए संकल्पित है। झारखंड की अस्मिता को बचाने के लिए भाजपा लंबी लड़ाई के लिए तैयार है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा**

ई0 निविदा आमंत्रण सूचना

ई0 निविदा संख्या– WRD/MID/GARHWA/$F_2$-04/2024-25

पत्रांक – 850 गढ़वा/दिनांक – 25.11.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | बलहा मध्यम सिंचाई योजना का जीर्णोद्वार कार्य ग्राम– कोरवाडीह, पंचायत– कोरवाडीह, प्रखण्ड– गढ़वा, जिला–गढ़वा। |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | 88,93,378.00/– |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0–निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 07.12.2024 (11:00 AM) |
| 5 | ई0–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 22.12.2024 (03:00 PM तक) |
| 6 | निविदा शुल्क और EMD ऑनलाईन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | e-procurement Portal (Jharkhandteders.gov.in) 22.12.2024 (03:00 PM तक) |
| 7 | ई0–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 23.12.2024 (03:00 PM) |
| 8 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एंव पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा। |
| 9 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 8789558294 eemidgarh-cemr-jhr@nic.in |
| 10 | ई0 प्रोक्योमेन्ट सेल एवं हेल्पलाईन संख्या | 0651–2214784 |

नोटः– 1. केवल ई0–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
2. निविदा शुल्क (BOQ Amount) और अग्रधन की राशि (EMD) ऑनलाईन e- Procurement portal (jharkhandtenders.gov.in) में ही स्वीकार किये जायेगें, अन्य किसी प्रकार के माध्यम से स्वीकार नही की जायेगी।
3. विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट–jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
4. प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा

PR 340340 (Minor Irrigation)24-25*D



**झारखण्ड सरकार कारा निरीक्षणालय केन्द्रीय कारा मेदिनीनगर, पलामू**

ई0–निविदा सूचना

e-TENDER : - HJ AND DM/CJ MEDININAGAR/Q1/2025/4336

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कारा का नाम | केन्द्रीय कारा मेदिनीनगर, पलामू। |
| 2. | विषय | कारा में संसीमित बंदियों के भोजनादी की व्यवस्था हेतु विभिन्न प्रकार खाद्यान्नों, हरी सब्जियों, आलु, फल, मांस, सरसों का तेल, चीनी एवं अन्य विविध सामग्रियों के क्रय/आपूर्ति के निमित्त ई०–निविदा का आमंत्रण। (प्रथम त्रैमासिक निविदा दिनांक 01.01.2025 से 31.03. 2025 तक) |
| 3. | निविदा प्रपत्र का मूल्य (Non Refundable) Online स्वीकार की जायेगी। | 5000.00 (पाँच हजार) मात्र। |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि एवं समय | तिथि– 09.12.2024 से 14.12.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 5. | निविदा Online upload करने की तिथि | तिथि– 09.12.2024 से 14.12.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 6. | आपूर्ति हेतु खाद्य सामग्रियों का नमूना (Sample) जमा करने की तिथि। | तिथि– 16.12.2024 से 18.12.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 7. | अग्रधन राशि I (EMD) (2500/– से अधिक होने पर) जमा करने की तिथि | तिथि– 16.12.2024 से 18.12.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 8. | निविदा के खुल ने की तिथि/ समय/स्थान | दिनांक 20.12.2024 को पूर्वाहन 11 .30 बजे, अधीक्षक, केन्द्रीय कारा मेदिनीनगर, पलामू के कार्यालय वेश्म में अपर समाहर्त्ता, पलामू की उपस्थिति में। |

नोट :–
1. उपर्युक्त निविदा झारखण्ड सरकार के वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर केवल e-Tender के माध्यम से प्राप्त/स्वीकृत की जायेगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online ही स्वीकार की जायेगी।
3. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, केन्द्रीय कारा, मेदिनीनरग, पलामू के कार्यालय में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को Online upload करने से संबंधित जानकारी हेतु कार्यालय अवधि में Helpline No. 9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

अधीक्षक केन्द्रीय कारा मेदिनीनगर, पलामू

PR 340323 (District) 24-25 (D)



**कार्यालय जिला परिषद्, चतरा**

(अतिअल्पकालिक ई0निविदा आमंत्रण सूचना)

ई–निविदा सूचना संख्या – 15/2024-25 दिनांक: ........................

1. कार्य की विस्तृत विवरणी: डी0एम0एफ0टी0

| क्र. | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | योजना | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 01 | टण्डवा | धनगड़ा | खरीका | Construction of PCC Road from Dhangadda hesatu Road kali Bagi to kanudi PWD Road via house of Md. Mumtaj Alam | 9979200 | 10000 | 200000 | 06 माह |

1. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 30/11/2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – 02.12.2024 से 09.12.2024 के अपराह्न 5:00 बजे तक
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 11.12.2024 पूर्वाह्न 11:00 बजे।
4. सरकार द्वारा लिए गए निर्णय के आलोक में सभी कागजात के साथ निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि online Mode द्वारा स्वीकार्य होगा।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही संबंधित निविदाकार की होगी।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता – जिला अभियंता जिला परिषद चतरा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9835777636
10. विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता, जिला परिषद, चतरा

PR 340337 District(24-25)#D




## लेबनान पर इजरायल के हवाई हमले में 36 लोगों की मौत, 17 हुए घायल



**बेरूत।** दक्षिणी और पूर्वी लेबनान में इजरायली हवाई हमलों में कम से कम 36 लोगों की मौत हो गई, जबकि 17 अन्य घायल हो गए। आधिकारिक राष्ट्रीय समाचार एजेंसी (एनएनए) ने सोमवार को बताया कि पूर्वी लेबनान के बालबेक-हर्मेल प्रांत पर इजरायली एयर स्ट्राइक में 11 लोगों की मौत हो गई। इनमें नबी चिट गांव के एक रेजिडेंशियल अपार्टमेंट में आठ और हर्मेल में तीन अन्य लोग शामिल हैं।

## जापान के अंतरिक्ष केंद्र में लगी आग, रॉकेट इंजन का परीक्षण रोका गया

**टोक्यो (हि.स.)।** जापान की अंतरिक्ष एजेंसी 'एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन' (जेएएक्सए) ने दक्षिण-पश्चिमी जापान के तनेगाशिमा अंतरिक्ष केंद्र में आग लगने के बाद एप्सिलॉन एस रॉकेट इंजन का परीक्षण रोक दिया। एस रॉकेट इंजन का प्रक्षेपण अगले साल मार्च के अंत में होना था। इस विफलता के कारण अब इस प्रक्षेपण में देरी हो सकती है। जापान टुडे समाचार पत्र के अनुसार, तनेगाशिमा अंतरिक्ष केंद्र में इंजन का जमीनी दहन परीक्षण शुरू होने के तुरंत बाद विस्फोट हुआ। इंजन परीक्षण में प्रज्ज्वलन के 49 सेकेंड बाद 'दहन असामान्यता' का सामना करना पड़ा।

## बीआरआई प्रोजेक्ट को ले चीन जाएंगी नेपाल की विदेश मंत्री

**काठमांडू (हि.स.)।** नेपाल की विदेश मंत्री डॉ आरजू राणा प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के दिसंबर के प्रथम सप्ताह में प्रस्तावित चीन दौरे के पहले गुरुवार को बीजिंग के लिए रवाना होंगी। डॉ राणा के दौरे का उद्देश्य बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) प्रोजेक्ट के कार्यान्वयन समझौते को अंतिम रूप देना है। प्रधानमंत्री ओली के चीन दौरे में इस प्रोजेक्ट पर हस्ताक्षर किया जाएगा। काठमांडू में मंगलवार को ओली कैबिनेट की बैठक में विदेश मंत्री डॉ राणा की चीन यात्रा को मंजूरी दी गई। नेपाल सरकार के एक मंत्री के अनुसार यात्रा के दौरान डॉ राणा के साथ विदेश मंत्रालय के कुछ अधिकारी भी होंगे और शुक्रवार को बीजिंग में चीनी विदेश मंत्री वांग यी से मिलेंगे।

### पीटीआई कार्यकर्ताओं के साथ हिंसक झड़पों में छह सुरक्षाकर्मियों की मौत

# इस्लामाबाद में हालात बिगड़े, बुलाई गई सेना

- पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ का विरोध प्रदर्शन जारी
- बुशरा बीबी ने विरोध स्थल बदलने से किया इनकार



**एजेंसी । इस्लामाबाद**

पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद और उसके आसपास, सुरक्षा स्थिति गंभीर होती जा रही है। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के हजारों कार्यकर्ताओं के साथ हिंसक झड़पों में कम से कम छह सुरक्षाकर्मियों की मौत के बाद देश के आंतरिक मंत्रालय ने मंगलवार को घोषणा की कि संविधान के अनुच्छेद 245 के तहत सेना को तैनात किया गया है।

यह कदम बढ़ते तनाव, सरकार और पीटीआई नेताओं के बीच दूसरे दौर की वार्ता की विफलता के बीच उठाया गया। वहीं, पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के समर्थकों ने राजधानी के डी-चौक की ओर मार्च करना जारी रखा है। पीटीआई प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों के बीच हिंसक झड़पों में अब तक दो पुलिस अधिकारी और चार पाकिस्तानी रेंजर्स के जवानों की मौत हो चुकी है। सुरक्षा स्थिति तब और बिगड़ गई, जब इस्लामाबाद-श्रीनगर हाईवे पर पीटीआई प्रदर्शनकारियों का एक वाहन रेंजर्स से टकरा गया। इस्लामाबाद की चुंगी नंबर 26 पर हिंसक झड़पों में प्रदर्शनकारियों ने पत्थरबाजी की और उसके बाद गोलीबारी में एक रेंजर घायल हो गया। नवीनतम निर्देशों के अनुसार, अधिकारियों ने सुरक्षा कर्मियों को उपद्रवियों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करने और जरूरत पड़ने पर किसी भी दंगाई को गोली मारने जैसे चरम उपायों का इस्तेमाल करने को कहा है।

पाकिस्तान के गृह मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना में सेना को कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए जब भी उचित लगे, कर्फ्यू लगाने का अधिकार भी दिया गया है। इस बीच, इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी ने विरोध स्थल बदलने से इनकार कर दिया। पीटीआई के एक प्रतिनिधिमंडल ने अपने संस्थापक और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान से अदियाला जेल में कम से कम दो बार मुलाकात की।

### कोई और अधिकारी चला रहा शो : मोहसिन

गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने यह भी कहा कि ऐसा लगता है कि इमरान खान की जगह पीटीआई में कोई बड़ा अधिकारी है, जो इस शो को चला रहा है। उन्होंने बुशरा बीबी का परोक्ष रूप से जिक्र करते हुए कहा, मेरी जानकारी के अनुसार, संगजानी में विरोध प्रदर्शन करने का हमारा प्रस्ताव अदियाला जेल में उनकी (पीटीआई) बैठक के दौरान स्वीकार कर लिया गया था। लेकिन, ऐसा लगता है कि अब पीटीआई में कोई बड़ा अधिकारी इस मामले को चला रहा है।

### बांग्लादेश में पुजारी की गिरफ्तारी पर बोले कृष्णम

# 'सनातन' को मिटाने की चल रही साजिश

**एजेंसी । गाजियाबाद**

बांग्लादेश में हिंदू पुजारी चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी को ढाका में



गिरफ्तार किए जाने की कांग्रेस के पूर्व नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने तीखी आलोचना की है। उन्होंने मंगलवार को कहा कि दुनिया में 'सनातन' को खत्म करने की साजिश चल रही है। आईएएनएस से बात करते हुए प्रमोद कृष्णम ने कहा, बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हो रहे अत्याचार इस्लाम की शिक्षाओं के खिलाफ हैं। इस्लाम घरों को जलाने, निर्दोष लोगों का खून बहाने या मंदिरों को नष्ट करने का समर्थन नहीं करता। जो लोग इस्लाम के नाम पर हिंदुओं की हत्या कर रहे हैं, वे आतंकवाद में लिप्त हैं। वे महिलाओं की इज्जत लूट रहे हैं और समुदाय में आतंक फैला रहे हैं। कृष्णम ने भारत सरकार से भी अपील की कि हिंदुओं की रक्षा के लिए कूटनीतिक कार्रवाई की जाए और बांग्लादेश के साथ बातचीत की जाए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर भरोसा जताते हुए कहा, मुझे पूरा विश्वास है कि जब तक नरेंद्र मोदी सत्ता में हैं, दुनिया में कहीं भी सनातन धर्म के किसी भी अनुयायी को नुकसान नहीं पहुंचाया जाएगा।

### भारत ने चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी पर जताई चिंता

भारत ने मंगलवार को बांग्लादेश सनातन जागरण मंच के प्रवक्ता और चटगांव में पुंडरीक धाम के प्रमुख चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी की गिरफ्तारी और बाद में उन्हें जमानत न दिए जाने पर 'गहरी चिंता' जताई है। दास को सोमवार को शाम 4:30 बजे हजरत शाहजलाल इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस की डिटेक्टिव ब्रांच (डीबी) द्वारा हिरासत में लिया गया था। स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, दास को 31 अक्टूबर को दर्ज एक मामले के संबंध में कड़ी सुरक्षा के बीच चटगांव के छठे मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट काजी शरीफुल इस्लाम के समक्ष मंगलवार को पेश किया गया। उनकी जमानत याचिक खारिज कर दी गई और उन्हें जेल भेज दिया गया। दास की गिरफ्तारी ऐसे समय में हुई जब मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार बांग्लादेश के हिंदू समुदाय पर अत्याचार करने के कई आरोपों का सामना कर रही है। भारत सरकार ने मंगलवार (26 अक्टूबर) को इस मुद्दे पर अपनी प्रतिक्रिया दी। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, 'हम चिन्मय कृष्ण दास, जो 'बांग्लादेश सम्मिलित सनातन जागरण जोत' के प्रवक्ता हैं।

## फेडरल जज ने ट्रंप के खिलाफ 'चुनाव में हस्तक्षेप मामले' को किया खारिज

**एजेंसी । न्यूयॉर्क**

अमेरिका के राष्ट्रपति पद का चुनाव जीतने के बाद डोनाल्ड ट्रंप को बड़ी राहत मिली है। फेडरल जज ने राष्ट्रपति पद का चुनाव जीतने के बाद बदली हुई परिस्थितियों का हवाला देते हुए डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ चुनाव में हस्तक्षेप का मामला खारिज कर दिया है।

विशेष अभियोजक जैक स्मिथ ने ट्रंप के खिलाफ 6 जनवरी के दंगों में कथित भूमिका और व्हाइट हाउस से गोपनीय दस्तावेजों को हटाने के संबंध में दो मामलों में न्यायाधीशों के समक्ष अनुरोध दायर किए थे। वाशिंगटन में न्यायाधीश तान्या चुटकन ने इस अनुरोध को स्वीकार कर लिया और चुनाव हस्तक्षेप मामले में ट्रंप के खिलाफ सभी आरोपों को खारिज कर दिया। गोपनीय दस्तावेजों के मामले में न्यायाधीश ऐलीन कैनन ने स्मिथ द्वारा दायर मामले को खारिज कर दिया था, जिस पर उन्होंने उच्च न्यायालय में अपील की थी। उन्होंने कोर्ट को लिखा कि वह अपील को वापस लेते हैं और उन पर लगाए गए आरोपों को भी वापस ले रहे हैं। उम्मीद है कि अदालत इसका अनुपालन करेगी। स्मिथ ने कहा कि वह मौजूदा राष्ट्रपति पर मुकदमा चलाने के खिलाफ न्याय विभाग की नीति के कारण मामले को वापस ले रहे हैं, लेकिन वह अभियोजन पक्ष की वैधता का समर्थन करते हैं।

## अयोध्या से जनकपुर के लिए निकली राम बारात

**एजेंसी । अयोध्या**




गाजे-बाजे के साथ रामसेवक पुरम से जनकपुर के लिए श्री राम बारात ने मंगलवार को प्रस्थान किया। बारात में देश के अलग-अलग हिस्सों से आए सैकड़ों की संख्या में बाराती शामिल हैं। बारात में भगवान श्री सीताराम के स्वरूप श्रीराम और माता सीता की प्रतिमा के साथ 51 तीर्थ स्थलों का पवित्र जल भी जनकपुर जा रहा है।

बारात की अगुवाई श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव एवं विश्व हिंदू परिषद के उपाध्यक्ष चंपत राय कर रहे हैं, जो भगवान राम के पिता दशरथ की भूमिका में हैं। भगवान श्री राम के विवाह में कलियुग में त्रेता का नजारा देखने को मिल रहा है। बारातियों के उत्साह से लग रहा है कि कलियुग में भी इस तरह की बारात कभी नहीं निकाली होगी। भांगड़ा, ढोल की धुन पर जगह-जगह लोग नाचते हुए झूम रहे हैं और सीताराम विवाह के गीत,भजन गा रहे हैं। विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय मंत्री व श्रीराम बरात के संयोजक राजेंद्र सिंह 'पंकज' ने बताया कि श्रीराम विवाह में साधुओं और श्रद्धालुओं की सहभागिता है आज रामसेवकपुरम परिसर से बरात ने जनकपुर के लिए प्रस्थान किया है। बारात बक्सर, पटना, कांटी, सीतामढ़ी पुनौरा धाम, आदि स्थानों पर विश्राम लेते हुए 3 दिसंबर को जनकपुर पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि 4 दिसंबर को समधी मिलन, 5 दिसंबर को मटकोर और 6 दिसंबर को राम जानकी मंदिर 12 छत बीघा मैदान में विवाह समारोह का आयोजन होगा। विश्व हिंदू परिषद के उपाध्यक्ष एवं श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय के संरक्षण में यह आयोजन हो रहा है। इस आयोजन में प्रमुख रूप से नरेंद्र बिंदल, रघुनाथ शाह, राम प्रकाश मिश्र, रमेश मिश्र व राजकिशोर सिंह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभा रहे हैं।

## एजुकेशन/करियर

भारतीय वायु सेना ने एएफसीएटी-1 2025 के लिए नोटिफिकेशन जारी किया है, जिसमें फ्लाइंग और ग्राउंड ड्यूटी (टेक्निकल और नॉन टेक्निकल) शाखाओं में ग्रुप 'ए' गैजेटेड अधिकारियों के लिए 336 वैकेंसी की घोषणा की गई है। रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया 2 दिसंबर, 2024 से शुरू होगी और 31 दिसंबर, 2024 तक जारी रहेगी। इच्छुक उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट afcat.cdac.in पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

**नोटिफिकेशन में फ्लाइंग और ग्राउंड ड्यूटी दोनों ब्रांचेज में अवसरों की रूपरेखा :** नोटिफिकेशन के मुताबिक, एएफसीएटी 1 2025 रजिस्ट्रेशन का उद्देश्य फ्लाइंग और ग्राउंड ड्यूटी (टेक्निकल और नॉन टेक्निकल दोनों) ब्रांचेज में ग्रुप 'ए' गैजेटेड अधिकारियों के लिए 336 वैकेंसी को भरना होगा, जिसका कोर्स जनवरी 2026 में शुरू होगा। एएफसीएटी-1 2025 परीक्षा फरवरी 2025 में आयोजित की जाएगी, और एडमिट कार्ड परीक्षा तारीख से लगभग एक सप्ताह पहले जारी होने की उम्मीद है। नोटिफिकेशन में फ्लाइंग और ग्राउंड ड्यूटी दोनों ब्रांचेज में अवसरों की रूपरेखा दी गई है, जो उम्मीदवारों को कमीशन अधिकारी के रूप में भारतीय वायु सेना में शामिल होने का एक शानदार मौका प्रदान करती है। डिटेल नोटिफिकेशन में पात्रता मानदंड, सिलेबस, एग्जाम पैटर्न और आवेदन संबंधी गाइडलाइन्स के बारे में जानकारी शामिल है, जो आधिकारिक वेबसाइट afcat.cdac.in पर उपलब्ध है। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपडेट रहें और लेटेस्ट अपडेट पाने के लिए लगातार वेबसाइट देखें।

# एयरफोर्स में भर्ती के लिए करें आवेदन

**रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया 2 दिसंबर, से शुरू होगी और 31 दिसंबर, 2024 तक जारी रहेगी**



- **एएफसीएटी आवेदन फीस :** एएफसीएटी 1 2025 के लिए रजिस्ट्रेशन करने वाले उम्मीदवारों को 550/- रुपये प्लस जीएसटी (नॉन रिफंडेबल) का एग्जाम फीस का भुगतान करना होगा। यह फीस एनसीसी स्पेशल एंट्री के तहत आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को छोड़कर सभी उम्मीदवारों पर लागू होती है। एग्जाम फीस सभी आवेदकों के लिए जरूरी है और यह वापस नहीं की जाएगी।

## एएफसीएटी 2025 का आवेदन फॉर्म

- भारतीय वायु सेना फ्लाइंग और ग्राउंड ड्यूटी (टेक्निकल और नॉन टेक्निकल दोनों) ब्रांचेज में ग्रुप 'ए' गैजेटेड ऑफिसर पदों के लिए योग्य उम्मीदवारों का चयन करने के लिए साल में दो बार वायु सेना कॉमन एडमिशन टेस्ट आयोजित करती है। 336 वैकेंसी के लिए एएफसीएटी 1 2025 विज्ञापन 21 नवंबर को जारी किया गया था।
- एएफसीएटी 1 2025 के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 2 दिसंबर, 2024 को सुबह 11:00 बजे से शुरू होगा। उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट careerindianairforce.cdac.in या afcat.cdac.in के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।
- **एएफसीएटी फॉर्म:** afcat.cdac.in पर रजिस्ट्रेशन कैसे करें
- एएफसीएटी 1 2025 के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया 2 दिसंबर, 2024 से शुरू होगी. अपना आवेदन सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए इन स्टेप का पालन करें:
- आधिकारिक वेबसाइट afcat.cdac.in या careerindianairforce.cdac.in पर जाएं।
- यदि आप नए यूजर हैं, तो अकाउंड बनाने के लिए 'रजिस्टर' पर क्लिक करें। रजिस्टर करने के लिए अपना ईमेल एड्रेस और मोबाइल नंबर जैसी जरूरी जानकारी प्रदान करें।
- अपने अकाउंट में लॉगिन करें और सटीक पर्सनल डिटेल, एजुकेशनल और प्रोफेशनल जानकारी के साथ एएफसीएटी 1 2025 आवेदन फॉर्म भरें।
- गाइडलाइन्स के मुताबिक अपनी फोटो, साइन और अन्य जरूरी डॉक्यूमेंट की स्कैन कॉपी अपलोड करें।
- ऑनलाइन पेमेंट मैथड का इस्तेमाल करके आवेदन फीस का भुगतान करें।
- सभी सेक्शन को पूरा करने और डिटेल को वेरिफाई करने के बाद अपना आवेदन जमा करें।
- आवेदन जमा करने के बाद एप्लिकेशन फॉर्म डाउनलोड कर लें।